CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

बरेली, गुरुवार 11 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 287 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 18 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट पेज 2



वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, निखत जरीन क्वार्टरफाइनल में खेल टाइम्स



क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश सम्पादकीय



नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन पेज 12

# देशव्यापी कर्फ्यू के बाद सेना के हवाले नेपाल

## सुशीला कार्की हो सकती हैं अंतरिम प्रधानमंत्री, प्रचंड की बेटी के घर से शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर हुए उग्र प्रदर्शन सेना के सड़कों पर आने के बाद बुधवार को रुक गए। सेना ने तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शनकारियों को पहले चेतावनी जारी की और बाद में देशव्यापी कर्फ्यू लगा दिया है। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया।

कांतिपुर समाचार पत्र ने बताया कि सेना और सुरक्षा बलों के जवानों के सड़क पर उतर आने के बाद राजधानी काठमांडू सहित अन्य जगहों पर स्थिति नियंत्रण में आती दिखी। इससे पहले सेना ने बुधवार सुबह एक पत्र जारी कर नागरिकों से शांति बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि चूंकि आंदोलन के नाम पर कई अराजक तत्व निजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए देशव्यापी कर्फ्यू लगाया जाता है।



### हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर नेपाल में 13500 कैदी फरार
### पुलिस से झड़प में 5 नाबालिग कैदियों की मौत, अब तक 30 की गई जान

**काठमांडू।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छिड़े हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर 13,500 से ज्यादा कैदी भाग निकले, जबकि हिरासत में लिए गए 560 आरोपी भी फरार हो गए। इसके अलावा पश्चिमी नेपाल की एक जेल में सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़प हो गई। इसमें पुलिस की गोलीबारी से पांच नाबालिग कैदियों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक सुधार गृह में कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी। इस प्रदर्शन में अब तक 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 30 मारे जा चुके हैं।

■ सुप्रीम कोर्ट की 25 हजार फाइलें जलाई

### नेपाल एयरपोर्ट पर फंसे 400 भारतीय

**काठमांडू।** नेपाल प्रदर्शन के बीच काठमांडू के त्रिभुवन एयरपोर्ट पर करीब 400 भारतीय फंस गए हैं। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों की वजह से कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे यात्री परेशान हैं। कई लोगों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए एक वीडियो संदेश भेजा। फंसे हुए लोगों का कहना है कि इम्मिग्रेशन कंपलीट होने के बाद भी उड़ान कंपनियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही छोड़ दिया है और एयर लाइन स्टाफ भाग गया, यात्रियों की मदद के लिए कोई मौजूद नहीं है।

सेना ने अराजकता फैलाने वाले तत्वों की गिरफ्तारी करनी शुरू कर दी है। नेपाली सेना ने महाराजगंज के भटभटेनी सुपर मार्केट में हुई डकैती में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अवैध हथियारों की बरामदगी का काम तेजी से शुरू किया गया है। सेना ने यह भी पुष्टि की है कि काठमांडू के दिल्ली बाज़ार स्थित केंद्रीय कारागार से भागने की एक कोशिश नाकाम कर -शेष पृष्ठ दो पर

### नेपाल विद्रोह पर CJI बोले- हमें अपने संविधान पर गर्व

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान नेपाल विद्रोह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए, देखिए पड़ोसी देशों में क्या हो रहा है। नेपाल में तो हमने देख रहे हैं। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने जोड़ते हुए कहा कि हां, बांग्लादेश भी। जजों ने ये बयान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील पर दिया।

### चुनाव आयोग तानाशाह: राहुल

**रायबरेली/लखनऊ।** रायबरेली में राहुल गांधी ने प्रजापति समाज के सम्मेलन में भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश में 90 फीसदी आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासियों की है, लेकिन ये भाजपा-आरएसएस के लोग नहीं चाहते कि ये कभी आगे बढ़ें। ये चाहते हैं कि दलित वहीं पर रहे, अंबानी जहां हैं, वहीं पर रहें। पीएम मोदी खुद ओबीसी हैं, लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नहीं बोलते। मैंने संसद में इस पर सवाल किया, तो वे डेढ़ घंटे तक भाषण देते रहे, लेकिन जाति जनगणना पर एक भी शब्द नहीं बोले।

### ईडी ने 346 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में कार्रवाई की

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक में छापेमारी की। यह कार्रवाई हरियाणा की एक पावर सेक्टर कंपनी और उसके प्रमोटर्स से जुड़े 346 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड मामले की जांच के तहत की गई। जांच गुरुग्राम स्थित एचपीसीएल और इसके निदेशकों अमूल गबरानी व अजय कुमार बिश्नोई समेत अन्य के खिलाफ चल रही है।

# ट्रम्प ने भारत के साथ दोबारा व्यापार की जताई इच्छा

## मोदी से बात करने को आतुर

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और भारत दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत फिर से शुरू करेंगे और इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने की इच्छा जताई।

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए भारी आयात शुल्क के बावजूद भी भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सकारात्मक प्रगति का रुख देखने को मिल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने-अपने देशों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आने वाले हफ्तों में वार्ता को सफल नतीजे तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले हफ्तों में बातचीत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के लिए यह वार्ता सफल निष्कर्ष तक पहुंचेगी।



### अमेरिका संग व्यापार संबंधी वार्ता का जल्द निर्णय निकलेगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि अमेरिका के साथ व्यापार संबंधी बातचीत का जल्द निर्णय निकलेगा और वह भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट के जवाब में यह बात कही।

# आजम खां को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**प्रयागराज।** पूर्व मंत्री आजम खां को बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। चर्चित डूंगरपुर केस में एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां को 10 साल की सजा सुनाई थी।

सपा नेता ने इसके खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दाखिल की थी। अपील लंबित रहने तक जमानत की गुहार कोर्ट से लगाई थी। 12 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।



■ डूंगरपुर केस में जमानत मंजूर

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने की। जेल में बंद सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां की याचिका पर फैसला सुनाते बुधवार को उनकी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

### पाकिस्तान सिम भेजने के मामले में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सिम कार्ड सप्लाई करने के आरोप में नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रभात कुमार चौरसिया को दिल्ली के लक्ष्मी नगर से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महाराष्ट्र के लातूर से 16 सिम खरीदकर नेपाल पहुंचाए। यहां से 11 कार्ड पाकिस्तान के लाहौर और बहावलपुर में ट्रेस हुए। इन नंबरों से ऑपरेट हो रहे व्हाट्सऐप अकाउंट भारत विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे थे।

## आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएंगे भारत व यूरोपीय संघ

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र, वैश्विक आतंकवाद निरोधक मंच और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल जैसी बहुपक्षीय संस्थाओं में एकजुट होकर आवाज उठाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ कड़ी और ठोस कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने आतंकवाद-रोधी सहयोग को मज़बूत करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूरोपीय संघ और भारत के आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह (सीटी) की 15वीं बैठक ब्रुसेल्स में हुई।

## पंजाब के 2000 गांवों में अभी भी बाढ़

**नई दिल्ली।** पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। 2000 से ज्यादा गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को बुधवार को 16 दिन बाद ट्रैफिक के लिए खोला गया।

सड़क पर कई जगहों पर लगातार लैंडस्लाइड के कारण इसे बंद रखा गया था। सबसे ज्यादा उदयपुर और रामबन जिलों में नुकसान हुआ था। एनएच की बहाली से कश्मीर घाटी से फलों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दोबारा से शुरू हुई है। हरियाणा में 9 सितम्बर तक सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य में औसतन 385.1 एमएम बारिश होती थी, जो अब तक 563.8 एमएम हो चुकी है।

■ जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 16 दिन बाद शुरू

# पड़ोसियों के बीच में झगड़ा आम बात: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पड़ोसियों में झगड़ा होना आम बात है। अगर पड़ोसियों के बीच में झगड़ा, बहस और हाथापाई भी हो जाती है, तो उसे आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी की धारा 306) के तहत अपराध नहीं मान सकते।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक महिला को पड़ोसी की आत्महत्या के लिए तीन साल की सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा कि धारा 306 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला तभी बनता है, जब यह साफ हो कि आरोपी ने जानबूझकर पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में आरोपी और पीड़ित के परिवारों के बीच तीखी बहस हुई थी, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि आरोपी ने पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। बेंच ने कहा कि ऐसे झगड़े रोजमर्रा की जिंदगी में होते हैं। तथ्यों के आधार पर हम यह नहीं मान सकते कि आरोपी ने इतना उकसाया कि पीड़ित के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। यह मामला 2008 में कर्नाटक का है। एक महिला और उसकी पड़ोसी (पीड़िता) के बीच छह महीने तक झगड़े और कहासुनी होती रही। पीड़िता (निजी स्कूल में शिक्षिका) ने आरोप लगाया कि पड़ोसी -शेष पृष्ठ दो पर

■ कहा: उसे अपराध नहीं मान सकते, कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया



### उमर खालिद ने जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में पिछले पांच वर्षों से जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर उमर खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के जमानत नहीं देने के आदेश को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर, 2025 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर की।

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Last Chance for Registration for Session 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Last Chance for Registration in Maa Shakumbhari University Courses
BBA, BCA, BFA, B.Sc(CS), B.COM, B.A. B.Sc(Maths/ Bio), B.Sc(H.Sc.), B.Sc (Micro Bio.)
Last Date: 12.09.2025
Our Partners
BAJAJ FINSERV ICWAI NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में नौ हजार पर्यटक वाहनों का परमिट होगा रद्द

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन प्राधिकरण ने वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार राज्य भर में बसों, टैक्सियों और कैब समेत नौ हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों के परमिट रद्द करने का फैसला किया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अधिकतम परिच.ालन अवधि समाप्त होने के बाद परमिट का न तो नवीनीकरण किया जाएगा और न ही विस्तार किया जाएगा। प्राधिकरण ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली में व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को भी मंजूरी दे दी है। एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बनाए गए ये नए नियम नवंबर 2025 से चरणबद्ध तरीके से लागू होंगे। अधिकारियों के अनुसार, पिछले महीने एक बैठक में ये दोनों निर्णय लिए गए और राज्य पर्यटन प्राधिकरण ने अब इनके कार्यवृत्त जारी कर दिए हैं।

### महाना दोबारा सीपीए के सदस्य नामित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना को दोबारा कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन कार्यकारी समिति का सदस्य नामित किया गया है। महाना की नियुक्ति वर्ष 2025 से 2028 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। इससे पूर्व महाना 2022 से 2025 तक सदस्य रहे हैं। सीपीए विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संसदीय संगठनों में से एक है, जिसका उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना और सदस्य देशों की विधानसभाओं के मध्य संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना है।

# वोट चोरी के लिए मोदी-शाह जिम्ममेदार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' को सोची-समझी साजिश के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है और यह काम भाजपा सरकार के स्तर पर किया जा रहा है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस के बिहार के प्रभारी कृष्णा अलावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके आरोप निराधार नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मोदी ने चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया है और इसमें उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर गृह मंत्री को रखा गया है। दूसरी बात कानून में ऐसा बदलाव किया गया है, ताकि चुनाव आयोग पर किसी तरह से कोई कार्रवाई न हो सके। इसके अलावा मतदाता सूची रोल में खेल किया गया है, जिसकी सच्चाई पूरे देश के सामने रखी गई है। उनका यह भी आरोप है कि भाजपा चुनाव और मतगणना के दिन भी घपला करती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वाराणसी का लोकसभा चुनाव था, जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी कई राउंड तक जीतते हैं, लेकिन जब लाइव अपडेट बंद हो जाता है, तो अंतिम समय में मोदी को जिता दिया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हमने पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली। चुनाव आयोग ने पहचान के लिए 11 दस्तावेज मांगे हैं, लेकिन आधार कार्ड को उसमें शामिल नहीं किया गया है। हमने लगातार मांग की थी कि आधार कार्ड को भी पहचान का दस्तावेज माना जाए। अब उच्चतम न्यायालय ने भी ये आदेश दिया है कि आधार को भी प्रामाणिक पहचान माना जाए। ये जनता की जीत है।

■ सुप्रीम कोर्ट द्वारा आधार को वैध दस्तावेज बताया जाना जनता की जीत

### मोदी, ट्रम्प की दावेदारी का सच भी बताएं: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के साथ साझेदारी को स्वाभाविक बताने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि यदि यह सच है, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 35 बार से ज्यादा किए गए एक ही दावे की सच्चाई क्या है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी यदि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते स्वाभाविक बता रहे हैं, तो राष्ट्रपति ट्रम्प को बार बार यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने व्यापार का डर दिखाकर पाकिस्तान के साथ भारत की सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मोदी से सवाल करते हुए कहा कि मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प से कहा है कि भारत और अमे.रिका 'स्वाभाविक साझेदार' हैं।

# पैसे की कमी से नहीं रुकेगा किसी का भी इलाज: सीएम योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पैसे के अभाव में किसी गरीब के इलाज में कोई बाधा नहीं आएगी।

योगी के के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कमजा.ेरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# मोदी ने कपास किसानों को ट्रम्प के दांव पर लगाया

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है।

केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है। एक तरफ अमेरिका लगातार भारत के सम्मान पर हमला कर रहा है। अमेरिकी सरकार भारतीय व्यापारियों और उद्योगों पर हमला कर रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं। मोदी सरकार भारतीय बाजारों को अमेरिकी सामानों से भर देना चाहती है। प्रधानमंत्री को भारतीय किसानों, व्यापारियों और उद्योगों से ज्यादा अमेरिका की चिंता है। उन्होंने एक्स पर कहा कि ट्रम्प को खुश करने के लिए देश भर के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया। दोनों देशों के बीच ये कैसी बात.चीत चल रही है? केवल एक तरफा बातचीत? अपने किसानों, व्यापारियों और युवाओं के रोजगार को ताक पर रखकर भारतीय बाजार को पूरी तरह से अमेरिकियों के लिए खोला जा रहा है। अगर पूरे भारतीय बाजार पर अमेरिकियों का कब्जा हो गया, तो हमारे लोग कहां जाएंगे?

## संवेदनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून तैनात की गई: डीजीपी

# नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा रही

**लखनऊ।** नेपाल में सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) के सहयोग से उत्तर प्रदेश पुलिस भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट पर है। सभी सात सीमावर्ती जिलों-पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा है कि हर स्तर पर स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी सात जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा रही है। हम नेपाल से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने और किसी भी असामाजिक तत्व को सीमा पार अशांति का फायदा उठाने से रो.कने के लिए एसएसबी के साथ लगातार संपर्क में हैं। एसएसबी ने चौकियों पर तलाशी और निगरानी बढ़ा दी है, जबकि संवे.दनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून और अतिरिक्त पुलिस कंपनियां तैनात की गई हैं। बहराइच सीमा पार नेपालगंज में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने बीपी चौक, धंबोजी चौक और त्रिभुवन चौक जैसे प्रमुख चौराहों को जलते हुए टायरों से जाम कर दिया। स्कूल, दुकानें और सरक.ारी कार्यालय बंद कर दिए गए और प्रदर्शनकारियों ने उप-महानगरीय कार्यालय और जिला प्रशासन मुख्यालय की घेराबंदी कर दी, जिससे आगे और तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई। देवीपाटन रेंज के डीआईजी अमित पाठक ने श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच में निरंतर गश्त और कड़ी निगरानी के आदेश दिए, हैं। कुल 73 चौकियों-श्रावस्ती में 16, बलरामपुर में 21 और बहराइच में 36 को हाई अलर्ट पर रखा गया है। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने तीनों जिलों के जिला.धिकारियों को पुलिस और एसएसबी के साथ निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा

**गोण्डा।** नेपाल में लगातार बिगडते हालात के बीच उत्तर प्रदेश में सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी है वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। दरअसल नेपाल में जेन-जेड प्रदर्शनकारियों ने जेल में जिस प्रकार निरुद्ध कैदियों को छुड़ाकर बाहर किया है। इससे उत्तर-प्रदेश में देवीपाटन मंडल के बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर समेत तीन जिलों की लंबी खुली सीमाएंव जंगली रास्तों के दुर्गम मार्ग काफी चुनौतीपूर्ण बन चुके हैं। नेपाल के बवाल को देखते हुए पर्यटन व रिश्तेदारी में गए अधिकांश भारतीय घर वापसी करने लगे है, जिन्हें उनके पहचान पत्र व पड़ताल के बाद सशस्त्र सीमा बल के जवान भारत में प्रवेश दे रहे हैं। नेपाल की खराब स्थिति को देखते हुए बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी समेत सभी सीमावर्ती जिलों में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 81425.15
निफ्टी 24973.10



सोना रु. 109409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 124144
प्रति किलो



# आईटी, बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को लेकर मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और निफ्टी-50 बीच कारोबार में 25 हजार अंक को छूने में कामयाब रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 323.83 अंक (0.40 प्रतिशत) उछलकर 81,425.15 अंक पर पहुंच गया, जो इसका 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 24,973.10 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 21 अगस्त के बाद के उच्चतम स्तर 24,973.10 अंक पर बंद हुआ। चौतरफा लिवाली के बीच आईटी, बैंकिंग, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और तेल एवं गैस समूहों की कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। ऑटो और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों पर बिकवाली का दबाव रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकेत दिए हैं कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की बाधाएं जल्द दूर हो सकती हैं और अगस्त में भारतीय उत्पादों पर बढ़ाए गए आयात शुल्क में अमेरिकी कटौती कर सकता है। इससे निवेशकों में उत्साह दिखा।

सेंसेक्स 403.04 अंक की तेजी के साथ 81,504.36 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,643.88 अंक और निचला स्तर 81,235.42 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक भी 122.40 अंक चढ़कर 24,991 अंक पर खुला। यह ऊपर 25,035.70 अंक और नीचे 24,915.05 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.95 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.73 अंक चढ़ गया। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 4.26 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.57 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस का 2.19 फीसदी चढ़ा।

टीसीएस का शेयर 1.99 फीसदी, टेक महिंद्रा का 1.88, इंफोसिस का 1.85 और एक्सिस बैंक का 1.79 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी रही। नुकसान उठाने वालों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.47 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.53, टाटा मोटर्स में 0.91 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,128 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें 1,835 के शेयरों में तेजी और 1,210 में गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 10 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 66 रुपए गिरकर 1,09,409 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,09,475 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 626 रुपए गिरकर 1,24,144 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,24,770 रुपए थी।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,560 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 थी।

### चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़ रही, चीनी नरम



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गयी। खाद्य तेलों और दालों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी में मंदी का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 66 रिंगिट टूटकर 4,413 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत फिसलकर 50.46 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 16 रुपए बढ़कर 3,846.12 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं पांच रुपए महंगा हुआ और 2,858.60 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी चार रुपए की मजबूती के साथ 3,312.33 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। खाद्य तेलों में मिला.जुला रुख रहा। सरसों तेल औसतन 20 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 27 रुपए और सोया तेल में 15 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल 40 रुपए और सूरजमुखी तेल 37 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं वनस्पति के भाव 34 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गए। दाल.दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मूंग दाल में छह रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। मसूर दाल भी तीन रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। चना दाल 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। गुड़.चीनी: मीठे के बाजार में आज मंदी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत पांच रुपए प्रति क्विंटल गिर गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशव्यापी ....**

दी गई। सेना के अधिकारियों ने कहा कि उनका सुरक्षा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी भगोड़े कैदियों और लूटे गए हथियारों का पता नहीं चल जाता। सेना ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों की मदद के लिए भी एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इन लोगों को जवानों की मदद से उनके सुरक्षित स्थानों और हवाई अड्डे तक पहुंचाने में मदद की जा रही है। उधर अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार कई घायलों को अब घर वापस भेज दिया गया है। पुलिस कार्रवाई में दस लोग बुरी तरह जख्मी हुए थे। इनमें से दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, जबकि आठ अब पहले से बेहतर हैं। नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन का बुधवार को तीसरा दिन था। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया। ललितपुर के एसएसपी श्याम कृष्ण अधिकारी ने बताया कि शव ढोलाहिटी में स्थित गंगा के आवास से मिला। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। बुधवार को सेना ने 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। यहां हिंसक प्रदर्शन में अब तक 24 लोगों की मौत हुई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। नेपाल में जारी हिंसक आंदोलन के बीच अब नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा है। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों की पिटाई से दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता, बिनोद घिमिरे ने बताया कि महाराजगंज पुलिस में कार्यरत पुलिस उप निरीक्षक मिलन राय और उत्तम राय की मौत हो गई है। इस बीच देश की कुछ जेलों से बुधवार को भी कैदियों के भागने की घटनाएं भी सामने आईं। सिधुली जेल में आगजनी और तोड़फोड़ करने के बाद 471 कैदी फरार हो गए हैं। कैदियों के विरोध प्रदर्शन और आगजनी के कारण सुरक्षाकर्मी स्थिति को संभाल नहीं पाए। जेल अब वीरान है। कल करीब डेढ़ हजार कैदी जेल से फरार हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपना करियर शुरू किया था। वें 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रहीं थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप आरोप लगा था। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं।

**पड़ोसियों के...**

महिला लगातार उसे परेशान करती है, जिससे वह मानसिक तनाव में जी रही थी। कथित तौर पर इसी तनाव से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आरोपी पर आईपीसी धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई, हालांकि एससी-एसटी एक्ट से उसे बरी कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द कर दी है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# बचपन की दोस्ती का दुखद अंत, दोस्त ने की जीशान की हत्या

## चार माह पूर्व हुए विवाद का लिया बदला, पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्याकांड का किया खुलासा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कस्बा उझारी में 5 दिन पूर्व हुई जीशान की हत्या का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। जीशान के दोस्त ने ही पुराने विवाद के चलते उसकी हत्या की थी।

थाना सैदनगली के कस्बा उझारी में 6 सितंबर को इकोंदा रोड पर बंद पड़ी मैंथा फैक्ट्री के पास जीशान अहमद पुत्र अनीश अहमद का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ था। पास में हीं जीशान की बाइक पड़ी हुई थी। जीशान की हत्या में बिलाल पुत्र नईम मोहल्ला नौरंगाबाद कस्बा उझारी को नामजद किया गया था। पुलिस में मुखबिर की सूचना पर ग्राम मंगरोला के गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास के नीचे से बिलाल को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने थाने लाकर जब बिलाल से कड़ाई के साथ पूछताछ की तो उसने सब कुछ उगल दिया। सीओ दीप कुमार पंत ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया 4 माह पहले बिलाल का उसके दोस्त जीशान से विवाद हो गया था। कुछ समय उनका समझौता हो गया था। 5 सितंबर को दोस्त जीशान ने उसके साथ गाली गलौज की थी। उसने तभी फैसला कर लिया था कि जीशान से बदला लेना है। 6 सितंबर को उसने जीशान का खेल खत्म करने के लिए पहले से ही झाड़ियां में लोहे का पाइप चैन स्पाकिट छुपा कर रख दिया था। जीशान को घुमाने के बहाने इकोंदा रोड पर मेंथा फैक्ट्री के पास ले गया। उसके बाद दोनों में शराब पी जब जीशान नशे में हो गया तो बिलाल ने लोहे का पाइप चौन स्पाकिट से हमला बोलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस सीसीटीवी कैमरों एवं सर्विलांस की मदद से जीशान की हत्या का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। इस दौरान सीओ विकास सहरावत भी मौजूद थे।

# एडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त

## उप निबंधक कार्यालय की मांग को चल रहा था धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। उपनिबंधक कार्यालय का निर्माण निर्माणाधीन तहसील में कराये जाने की मांग को 16 दिनों से चला आ रहा तहसील बार का धरना समाप्त हो गया।

बताते चलें कि तहसील बार पिछले 16 दिनों से उप निबंधक कार्यालय का निर्माण गुलड़िया स्थित निर्माणाधीन तहसील भवन में कराये जाने की मांग को तहसील में धरना दे रहे थे। वकीलों का कहना था कि उप निबंधक कार्यालय का निर्माण जोया अमरोहा रोड पर उपभोक्ता फोरम के नजदीक कराया जा रहा है जबकि प्रदेश में ज्यादातर उप निबंधक कार्यालय तहसील में ही होता है। इस दौरान वकीलों ने सत्तारूढ पार्टी के विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपे। परन्तु उनकी बात हर जगह अनसुनी कर दी गयी। बीती सांय एडीएम गरिमा सिंह धरना स्थल पहुंची तथा उन्होने वकीलों से वार्ता की। इस दौरान एडीएम ने तहसील बार को आश्वस्त किया कि उनकी जो भी मांगे है वह शासन तक पहुंचायेगी। उधर तहसील बार के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने धरना स्थगित किया है, खत्म नहीं। जरूरत पड़ी तो फिर से तहसील बार उपनिबंधक कार्यालय की मांग को आंदोलन करेगी।

# मन्दिर के नवनिर्माण को दो पक्ष आमने-सामने

## एसडीएम-सीओ ने किया स्थल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गांव कैसरा में मंगलवार को मंदिर के नवनिर्माण की अफवाह फैलते ही माहौल गरमा गया। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन हरकत में आ गया और देखते ही देखते एसडीएम विभा श्रीवास्तव तथा सीओ अंजलि कटारिया खुद मौके पर पहुंच गई। जांच में पता चला कि मंदिर का निर्माण नहीं बल्कि एक हाल (कमरा) बनाया जा रहा है।

गांव निवासी अफजाल पुत्र लतीफ ने डायल-112 पर सूचना दी थी कि गांव में मंदिर का नवनिर्माण किया जा रहा है। जैसे ही खबर पुलिस तक पहुंची, तत्काल टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जब निर्माण कार्य की हकीकत देखी तो हिंदू पक्ष ने साफ शब्दों में कहा कि वह मंदिर नहीं बल्कि महज एक हाल (कमरा) बना रहे हैं। मामला यहीं शांत नहीं हुआ। हिंदू पक्ष के लोग सीधे तहसील मुख्यालय पहुंच गए और एसडीएम व सीओ से मुलाकात कर शिकायत की कि दूसरा पक्ष झूठी सूचना देकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है। दोनों पक्षों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया गांव पहुंचीं और निर्माण स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना अनुमति किसी भी धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया कि यदि इस तरह की कोशिश की गई तो कानूनी कार्रवाई तय है। उधर, पुलिस ने झूठी सूचना देकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले अफजाल पुत्र लतीफ के खिलाफ कार्रवाई की। उसका शांति भंग में चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया। इस घटना ने गांव में कुछ देर के लिए तनाव जरूर पैदा किया, लेकिन प्रशासन की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने मामले को शांत कर दिया। अधिकारियों का सख्त रुख यह संदेश देने के लिए काफी है कि बिना अनुमति धार्मिक स्थल का निर्माण और अफवाह फैलाने जैसी हरकतें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

# गुमशुदगी का नाटक करने वाला पति ही निकला कातिल

## चिकन खाने से मना करने पर हुआ था झगड़ा, फिर की हत्या, दस माह बाद पुलिस के हाथ लगी सफलता



पति सहित चार हत्यारोपी गिरफ्तार, मृतका का शव बरामद नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। 10 महीने पहले शादी के बंधन में बंधी 21 वर्षीय विवाहिता की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसकी जान ले ली और शव को चादर में लपेटकर गंगा में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में विवाहिता के पति, देवर और जेठ को गिरफ्तार कर लिया है।

रहरा थाना इलाके के गांव कोकापुर निवासी रीना कि शादी गांव मेहरपुर बंसी वाला निवासी निगम से हुई थी। 20 अगस्त को उसके पति निगम ने पुलिस में रीना की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने दावा किया था कि रीना घर से भाग गई है। पुलिस ने 21 अगस्त को गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि रीना की हत्या उसके ससुराल वालों ने ही की है। सख्ती से पूछताछ करने पर पति निगम ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि 20 अगस्त की रात वह घर पर शराब और चिकन लेकर आया था। रीना के चिकन खाने से मना करने पर दोनों में झगड़ा हुआ। निगम ने दावा किया कि देर रात करीब डेढ़ बजे रीना ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। निगम ने बताया कि रीना की मौत के बाद उसने अपने सगे तहेरे भाई, जेठ और बाप मां के साथ मिलकर शव को एक चादर में बांधा तथा उसमें मिट्टी भरी और गंगा में फेंक दिया। पुलिस ने इस खुलासे के बाद पति निगम, जेठ महकार सिंह, देवर विजेंद्र, ससुर सुरेश और सास कुंता के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया। हालांकि विवाहिता का शव अभी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने आरोपी पति निगम, जेठ महकार और तहेरे भाई देवर विजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और फरार ससुर और सास की तलाश जारी है। वहीं,कोकापुर निवासी हो राम सिंह ने अपनी बहन का शव बरामद कराने की पुलिस से मांग की है।

# एम्बूलेंस से शव लेकर थाने पहुंचे परिजन

## पुलिस ने दिया निष्पक्ष विवेचना का भरोसा



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिजन पोस्टमार्टम के बाद एंबुलैंस द्वारा शव लेकर थाने पहुंचे। उनका कहना था कि उन्हें संदेह है कि हादसा ट्रैक्टर ट्राली से हुआ है, इसलिए मुकदमा अज्ञात के स्थान पर ट्रैक्टर ट्राली के चालक के विरूद्ध हो। जिस पर पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया कि विवेचना के दौरान जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उन्हें शामिल किया जाएगा। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए और वहां से शाम के समय तिगरी में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। बता दें कि बीती रात मौहल्ला मायापुरी निवासी युवक आकाश वर्मा पुत्र स्व.रामाशंकर वर्मा की खादगूजर मार्ग पर स्थित गांव शहबाजपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। प्रकरण में पुलिस ने मृतक के तहेरे भाई अंकुर वर्मा की तहरीर पर अज्ञात वाहन के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया था मगर बुधवार को दोपहर के समय परिजन पोस्टमार्टम के बाद एंबुलैंस द्वारा मृतक आकाश के शव को लेकर थाने आए और पुलिस से बातचीत की। पुलिस को बताया कि उन्हें संदेह है कि हादसा ट्रैक्टर ट्राली से हुआ है, इसलिए ट्रैक्टर ट्राली के चालक पर मुकदमा दर्ज किया जाए। जिस पर पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया कि मृतक के परिवार के साथ पूरी हमदर्दी है। विवेचना के दौरान जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उन्हें शामिल किया जाएगा। पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की जाएगी। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए।

# ब्लाक प्रमुख ने बाढ़ पीड़ितों को 51 हजार भेजे



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। ब्लाक प्रमुख जुल्फेकार अली ने अपने प्रतिनिधि से बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए चन्दा जमा कर रहे सिख इंटर कालिज के प्रधानचार्य को 51 हजार की नगदी भेजी पंजाब में बाढ़ से तबाही मची हुई है लोग बेघर हो गए है समाजिक संस्थाएं कैम्प लगा कर खाद्द सामग्री बाट रही है क्षेत्र के सिख इंटर कालिज ने भी सहयोग के लिए हाथ बढ़ाए है कालिज ने अपना बार कोड जारी कर पत्र के माध्यम से दान देने की अपील की है इसी क्रम में जोया ब्लाक प्रमुख जुल्फेकार अली ने अपने प्रतिनिधि डॉ आशकार अली को भेजकर कालिज के प्रधानाचार्य गुरनाम सिंह को इक्यावन हजार रुपये की नगद धनराशि भेजी है कालिज प्रबन्ध समिति ने आभार प्रकट किया है।

# स्टार्टर व केबिल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। खादर क्षेत्र के गांव टोकरा पट्टी में तीन किसानों के ट्यूबबेल पर चोरों ने स्टार्टर व केबिल चोरी कर लिए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी रिफाकत, सुखवीर व प्रेमचंद के बाग में सिंचाई हेतु ट्यूबबेल लगे हैं। बीती रात इन तीनों ट्यूबबैलों से चोरों ने स्टार्टर व केबिल चोरी कर लिए। बताते हैं कि वहां पर एक आधार कार्ड मिला, जिस पर संबधित व्यक्ति का नाम सुनपुरा कलां गांव निवासी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। वहीं थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर गांव निवासी अशरफ के घर में कूमल लगाकर चोरी की घटना हुई। चोरों ने यहां से काफी सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए पुलिस को घटना की तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# रसूले खुदा की तालीमात को आम करने की जरूरत

## इमाम जाफर की विलादत पर महफिलें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। इस्लामिक कलेंडर के तीसरे महीने यानि रबी-उल-अव्वल की 17 तारीख को शिया समुदाय पैगंबर-ए-इस्लाम के साथ ही इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम की विलादत का जश्न मनाता है। इसके लिए मस्जिदों और इमामबाड़ों को खास तौर पर सजाया जाता है। रसूले खुदा की आमद की खुशी में चिराग जलते हैं और नजर-ओ-नियाज होती है। मंगलवार को रबी-उल-अव्वल की 17 तारीख थी। लिहाजा, शिया समुदाय में सुबह से ही जोश और जज्बा देखने को मिला। अमरोहा से लेकर नौगावां सादात तक इबादतगाहों में महफिलों का आयोजन किया गया। उलेमाओं ने रसूले खुदा की तारीफ बयां की। आपकी सीरत के मुताबिक जिंदगी गुजराने का ताकीद की। कहा कि आपके दुनिया में तशरीफ लाने से भटकी हुई इंसानियत को नई राह मिली, हमें बस इसी राह पर चलते रहना है। वहीं, लोगों ने कहीं सबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई तो कहीं जरूरतमंद लोगों को खाना, कपड़े व राशन बांटकर रसूले खुदा की तालीमात पर चलने का अहद किया। देर रात तक सजी महफिलों में शायरों ने रसूले खुदा की अजमत, मर्तबा व कुर्बानियां बयां की। बुधवार को नौगावां सादात में मौला अली से सोसाइटी के संयोजन में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए जुलूस इमामबाड़ा हाजी मोहम्मद बाकिर मरहूम पहुंचकर संपन्न हुआ।

# सिविल कोर्ट चुनाव की सरगर्मियां शुरू

## बीते दिन नामांकन प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के वर्ष 2025-26 के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। जहां कल 9 सितंबर को प्रात: ग्यारह बजे नामांकन प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गई। बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समिति अध्यक्ष चुनाव अधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता एडवोकेट ने जानकारी दी कि विभिन्न पदों के लिए नामांकन प्राप्त हुए हैं। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नंदराम सिंह, सुनील कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार शर्मा, सतेंद्र पाल सिंह एवं महासचिव पद के लिए अंशू त्यागी, सुमन सिंह चौहान तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए कुलभूषण सक्सेना, मोहम्मद जावेद एवं सतबीर सिंह ने नामांकन कराया है। जहां उपाध्यक्ष पद पर केवल एक नामांकन पंकज कुमार और उप सचिव प्रशासन के लिए नाजिर खान ने नामांकन कराया। नामांकन पत्रों की वापसी ग्यारह सितंबर को होगी। इसी दिन अपराह्न नामांकन पत्रों की जांच उपरांत चार बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जायेगी। प्रत्याशियों की अंतिम प्रकाशित सूची के आधार पर अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पदों पर मतदान बारह सितंबर को प्रात दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक अधिवक्ता परिसर न्यायालय सिविल कोर्ट में संपन्न होगा।

# विजय पारछा बने राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर प्रदीप सिरसवाल ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने सामाजिक कार्यों में सराहनीय योगदान देने वाले विजय पारछा को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति पारछा के समाज सेवा के प्रति समर्पण और प्रशंसनीय कार्यों को देखते हुए की गई है। घ्मास्टर प्रदीप सिरसवाल ने विजय पारछा को यह जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिया है कि व अपने पद की गरिमा बनाये रखें और संगठन का विस्तार करें। उनसे अपेक्षा की गई है कि व ऐसे क्षेत्रों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करें। जहां अभी संगठन की कोई इकाई नहीं है।

# बीड़ी कारखाने में जीएसटी टीम का छापा

## नहीं मिली गड़बड़ी, बेरंग लौटी टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। जीएसटी विभाग मुरादाबाद की राज्य कर टीम ने मंगलवार रात क्षेत्र के गांव बांसखेड़ी में एक बीड़ी कारखाने में छापा मारा। दो गाड़ियों से पहुंची टीम ने कारखाने में घुसते ही पहले वहां काम में जुटे श्रमिकों को परिसर से बाहर कर दिया तथा गेट बंद करने के बाद स्टॉक व रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया। पहली कड़ी में कारखाना मालिक से बीड़ी की सप्लाई से लेकर पत्ते व तंबाकू की खरीद-फरोख्त से संबंधित पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद रिकॉर्ड से उसका मिलान करते हुए बिलों की गहनता के साथ जांच की। कारखाने में करीब चार घंटे तक रहकर टीम ने टैक्स चोरी से जुड़े हर पहलू पर बारीकी से छानबीन की। बताया जा रहा है कि छापामार कार्रवाई के दौरान टैक्स चोरी का कोई मामला सामने नहीं आया। लिहाजा, देर रात करीब 12 बजे टीम बगैर कार्रवाई वापस लौट गई।

# रिश्वतखोर लेखपाल को बरेली ले गई टीम

## बीते दिन किसान से बीस हजार की रिश्वत लेते एंटी क्रप्शन टीम ने पकड़ा था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चक को एक जगह दर्ज करने के बदले में किसान से 20 हजार रुपये की घूस लेते रंगेहाथ पकड़े गए चकबंदी लेखपाल उत्तम कुमार बालियान को एंटी करप्शन टीम बुधवार को बरेली ले गई। कोर्ट में पेशी के बाद रिमांड मंजूर होने पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मंगलवार को कागजी कार्रवाई में देरी होने पर टीम आरोपी लेखपाल को देहात थाना पुलिस के सुपुर्द कर गई थी।

गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर अमरोहा पहुंची एंटी करप्शन टीम ने जोया रोड स्थित मोहल्ला दीनदयाल नगर में एक मकान पर छापा मारकर हसनपुर हल्के में तैनात चकबंदी लेखपाल उत्तम कुमार बालियान को 20 हजार रुपये की घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। दरअसल, हसनपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत जेबड़ा के मझरा बंशीवाल महरपुर निवासी किसान कल्याण सिंह ने चकबंदी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी मां के नाम की जमीन को भी एक ही चक में शामिल किया जाए। इसके लिए हसनपुर तहसील क्षेत्र में तैनात चकबंदी लेखपाल उत्तम बालियान को रिपोर्ट लगानी थी। आरोप है कि लेखपाल ने उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सौदेबाजी हुई तो 20 हजार रुपये में मामला तय हो गया। परेशान कल्याण सिंह ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद को दे दी थी। तयशुदा योजना के मुताबिक टीम ने कल्याण सिंह को मंगलवार को लेखपाल को रिश्वत देने के लिए भेजा था। मूल रूप से मुजफ्फरनगर जनपद के थाना भोरकलां क्षेत्र के गांव मुडभर निवासी लेखपाल उत्तम सिंह ने किसान को शहर के मोहल्ला दीनदयाल नगर स्थित एक मकान पर बुलाया था। कल्याण सिंह के रिश्वत लेकर लेखपाल के पास पहुंचते ही टीम ने उन्हें पकड़ लिया। टीम में शामिल निरीक्षक राखी में इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि देरी होने के कारण आरोपी लेखपाल को टीम सुपुर्दगी में दे गई थी। बुधवार सुबह को थाने पहुंची टीम आरोपी को बरेली ले गई। कोर्ट में पेशी के बाद रिमांड मंजूर होने पर आरोपी को बरेली जेल भेज दिया गया।

# स्कूल का रास्ता बना नर्सरी का ठिकाना

## बच्चों की पढ़ाई में रोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गांव हलपुरा में स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे इन दिनों रोजाना स्कूल पहुंचने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। वजह बेहद चौंकाने वाली हैख्रस्कूल जाने वाले रास्ते पर ही नर्सरी का कारोबार फल-फूल रहा है।

स्कूल प्रबंधन समिति ने अधिकारियों से की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने खेत तक सीमित न रहकर स्कूल जाने वाले रास्ते पर भी पौधों की कतारें खड़ी कर दी हैं। इससे पैदल जाने वाले छात्रों से लेकर वाहनों तक, सभी को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि स्कूल का रास्ता बच्चों के लिए सुरक्षित होना चाहिए, लेकिन पौधों के बीच से निकलते समय कई बार वे गिर जाते हैं। रिक्शा और बाइक चालकों को भी मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। स्कूल प्रबंधन ने साफ कहा है कि शिक्षा के रास्ते पर अवरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। अभिभावक कहते हैं कि नर्सरी की हरियाली अच्छी है, लेकिन बच्चों की शिक्षा के मार्ग में कांटे नहीं बोए जा सकते। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक हरित कारोबार की इस दीवार को हटाकर बच्चों की पढ़ाई का रास्ता आसान बनाता है।

# पूर्व प्रधान समेत पांच के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

## रोजगार सेवक को कार से कुचलने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** मूंढाखेड़ा के रोजगार सेवक को कार से कुचलकर हत्या करने के मामले में गांव के ही पूर्व प्रधान वीरेंद्र, उनके भाई जितेंद्र और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक रोजगार सेवक राजकुमार सिंह के बेटे सजल कुमार ने नौगांवा सादात थाने में दर्ज कराई एफआईआर के मुताबिक 30 अगस्त को करीब चार बजे उनके पिता ब्लॉक से विभागीय काम निपटाकर घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी स्कूटी धनौरा रोड पर पहुंची तभी पहले से घात लगाए बैठे पूर्व प्रधान वीरेंद्र, उनके भाई जितेंद्र और पांच अज्ञात लोगों ने बोलेरो से स्कूटी को टक्कर मार दी। यह कार पहले से ही रोजगार सेवक का पीछा कर रही थी। बाद में आरोपी चालक कार को लेकर भेड़ा भरतपुर गांव की तरफ भाग गया। इस कार के पीछे एक बाइक पर सवार दो लोग भी रेकी कर रहे थे। घटना को अंजाम देने के बाद वह भी कार के पीछे भाग गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कार की टक्कर से लगी गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में पहुंचते ही राजकुमार सिंह की मौत हो गई। आरोप है कि राजकुमार सिंह ने घायल अवस्था में अस्पताल जाते समय अपनी पत्नी बबीता को बताया था कि बोलेरो से टक्कर मारकर पहले गिराया गया और बाद में दोबारा से कार चढ़ाई गई। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान वीरेंद्र, उसके भाई जितेंद्र और पांच अज्ञात लोगों ने षड्यंत्र के तहत हत्या की है। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में रोजगार सेवक के बेटे सजल कुमार की तहरीर पर मूंढाखेड़ा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, उनके भाई जितेंद्र और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सेल्समैन को पीटने में तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव भावली में सेल्समैन के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, यह घटना 8 सितंबर की है। जब मनोज नाम के एक बिजली कर्मी अपने दो साथियों, ओमप्रकाश और मोहित कुमार के साथ गांव में बिजली मीटर की रीडिंग ले रहे थे। इसी दौरान व आरोपी राजेश, प्रीतम और उमेश के घर पर रीडिंग लेने पहुँचे थे। जहाँ रीडिंग को लेकर उनका आरोपियों से विवाद हो गया। बहस करते हुए वे गांव में स्थित डॉक्टर राजेंद्र की दुकान के पास आ गये। इसी बीच मनोज के रिश्तेदार गांव भावली निवासी को. शिंदर भी वहाँ पहुँच गया। जब को. शिंदर ने मनोज को गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोपी राजेश, उमेश और प्रीतम ने उनके साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने कोशिंदर पर ईंट, पत्थर, लात-घूँसे और लाठियों से हमला कर दिया। उन्होंने पीड़ित को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया।जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित कोशिंदर की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने आरोपी राजेश, प्रीतम और उमेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रहरा थानाध्यक्ष अतवीर सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## साइबर क्राइम से बचने के लिए किया जागरुक




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** चौधरी बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। बुधवार को चौधरी बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज में रहरा थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान ने कॉलेज की छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ फ्रॉड होता है तो इसकी जानकारी तुरंत 1930 पर दें। थानाध्यक्ष ने महिला सुरक्षा संबंधित जानकारी भी दी। विद्यालय के डायरेक्टर ब्रहमदत्त त्यागी ने कहा कि यदि साइबर क्राइम हो तो उसकी सूचना तत्काल दें। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं से संबंधित क्राइम को रोकने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, पारस मलिक, मनीष कुमार, मुनीम कुमार, श्रीमती रेखा सिंह, पूजा शर्मा, शोभा त्यागी, अमित कुमार, दीपक कुमार, रामपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# ताईक्वांडो में चार गोल्ड व 16 सिल्वर मेडल जीते

## अमरोहा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा ताइक्वांडो फाउंडेशन के कोच अकबर उद्दीन मुगल ने बताया कि नगर के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने मुरादाबाद में आयोजित चैंपियनशिप में अमरो. हा का नाम रौशन किया है अब अमरोहा के खिलाड़ी नोएडा चैंपियनशिप खेलने के लिए जाएंगे। प्रतियोगिता मुरादाबाद के अमन पब्लिक स्कूल में हुई थी जिसमें मुरादाबाद बरेली रामपुर संभल हापुड़ की टीमों ने भाग लिया। जिसमें अमरोहा को 16 सिल्वर 4 ब्रॉज और चार गोल्ड मेडल प्राप्त हुए। चैंपियनशिप में अमरोहा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोच अकबर




उद्दीन मुगल ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाही करते हुए कहा कि अमरोहा के सभी खिलाड़ी बहुत ज्यादा मेहनत कर रहे हैं और ताइक्वांडो खेल में अमरोहा का नाम लगातार रौशन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में हम्माद ने गोल्ड मेडल, काशवी ने गोल्ड मेडल, नतालिया ने गोल्ड वंशिका आनंद ने गोल्ड मेडल, हानिया फातमा ने सिल्वर मारिया फातमा ने सिल्वर शाहजान ने सिल्वर उमर खान ने सिल्वर हुमैरा ने सिल्वर कुंवर वैभव ने 2 सिल्वर मेडल हंजला ने सिल्वर बुरहान ने सिल्वर राफिया नकवी सिल्वर सानिया सिद्दीकी ने सिल्वर मेडल शुमायला मलिक ने सिल्वर मेडल सुहेलहा मलिक ने सिल्वर सैयद जमाल ने सिल्वर अलीना महताब ने सिल्वर शिजा जफर ने सिल्वर शाकया ने ब्राउन्ज अब्दुल्ला को ब्राउन्ज मायरा अजीम को ब्राउन्ज तथा अंश्रम को ब्राउन्ज मेडल प्राप्त हुआ। इस प्रकार सभी खिलाड़ियों ने खेल में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# बुलंदशहर ने 135 रनों से जीता मैच



## रुकमणि अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** उत्कर्ष मैमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मशहूर क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित फर्स्ट अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट में सभी प्रतिभागियों को एक साथ खेलने का अनुभव होगा। कोच मोहम्मद हसीन ने बताया इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीम शामिल है। सभी टीमों के 3-3 लीग मैच कराये जाएँगे और सभी मैच 40-40 ओवर के खेले जाएँगे। पहले दिन नेशनल क्रिकेट एकेडमी बुलंदशहर और आर आर के क्रिकेट एकेडमी चंदौसी के बीच मुकाबला होगा। जिसमें नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की। उद्घाटन मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 188 रन बनाये। टीम के लिए लिए शिवांश शर्मा ने 44, भावित अग्रवाल ने 38 व ऋषभ चौधरी ने नबाद 21 रन बनाये। आर आर के क्रिकेट एकेडमी के लिए गेंदबाजी में पीयूष ने 3 व मोहित और हार्दिक अग्रवाल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।। जबाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर आर के क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम मात्र 53 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए सर्वाधिक इरने अली ने 19 रन बनाये। नेशनल क्रिकेट एकेडमी के लिए गेंदबाजी में लक्ष्य चौधरी और कार्तिक गहलोत ने 3-3 व आदित्य और रमन गुप्ता ने 1-1 विकेट चटकाये। इस तरह नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने यह मैच 135 रन से जीत लिया। मैन आफ द मैच कार्तिक गहलोत व गेम चेंजर पीयूष को चुना गया।अंपायर की भूमिका में मोहम्मद सायम और शहजाद अहमद रहे। स्कोरर मोहम्मद अलीम रहे। मैच के दौरान क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, कोच मोहम्मद हसीन, रुक्मणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ मलिक, अमित कुमार त्यागी, रजत राज, राज. कुमार, ओम दत्त शर्मा, तरुण चीमा, मंजर अब्बास, मोहम्मद नदीम, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कमेटी ने अफसरों का जताया आभार

## जुलूस में बेहतर व्यवस्था करने पर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में पांच सितंबर को कामयाबी के साथ निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी में बेहतरीन व्यवस्थाओं को लेकर कमेटी पदाधिकारियों ने बुधवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

प्रशासन द्वारा जुलूस के संचालन के लिए गठित की गई कमेटी के कन्वीनर हाजी खुर्शीद अनवर व फैज आलम रायनी के नेतृत्व में कमेटी पदाधिकारियों ने डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित कुमार आनंद, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम शशि भूषण पाठक, सीओ सिटी शक्ति सिंह, तहसीलदार विजय श्याम दुबे व पालिका ईओ डा.बृजेश कुमार से मुलाकात की। जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं पर सभी का अलग-अलग आभार व्यक्त किया। एसपी से मुलाकात के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की तथा जुलूस की शुरुआत से पहले बारिश होने के बावजूद शहर की सफाई व सड़कों पर बनी जलभराव की समस्या को लेकर पानी की निकासी के लिए पालिका प्रशासन स्तर से किए गए इंतजाम पर ईओ अमरोहा की प्रशंसा की। इस दौरान मंसूर अहमद एडवोकेट, हाजी मुजफ्फर अंसारी, कमर नकवी, उवैस मुस्तफा रिजवी, सरताज आलम मंसूरी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, शाहरुख खान, यासिर अंसारी, अली इमाम रिजवी, जफर शाह खां, मरगूब सिद्दीकी, फजले चौधरी आदि मौजूद रहे

# जागेश अग्रवाल की समिति कराएगी रामलीला मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन इस बार जागेश अग्रवाल की अध्यक्षता वाली प्रबंध समिति ही कराएगी। न्यायालय के आदेश के बाद बुधवार को तहसील मुख्यालय पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सीओ अंजली कटारिया की मौजूदगी में दोनों समितियों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। मंगलवार को ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधीश ने अजय गोयल की अध्यक्षता वाली पुरानी समिति द्वारा दायर आपत्ति को खारिज कर दिया। अदालत ने साफ कहा कि नई समिति यानी जागेश अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति को ही रामलीला मंचन का अधिकार है और पुरानी समिति इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। पुरानी समिति ने न्यायालय के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए याचिका डाली थी, जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया। बुधवार को हुई बैठक में एसडीएम ने निर्देश दिए कि जिस समिति को न्यायालय ने मान्यता दी है, वही मंचन कराए, आयोजन भव्य और निर्विघ्न होना चाहिए, किसी भी समिति की बुकिंग और निवेश का आर्थिक नुकसान न हो, दोनों पक्ष आपसी तालमेल से समाधान करें। बैठक में दोनों समितियों ने बताया कि उन्होंने रामलीला कलाकार, टेंट, बिजली, और अन्य कार्यों के लिए अग्रिम बुकिंग कर दी है। इस पर एसडीएम ने साफ कहा कि सभी बुकिंग का निपटारा आपसी तालमेल से किया जाए, ताकि विवाद की स्थिति पैदा न हो। पुरानी समिति के अध्यक्ष अजय गोयल ने कहा हमारी समिति ने भी रामलीला मंचन से जुड़े सभी इंतजाम कर लिए थे। न्यायालय ने मंचन का अधिकार जागेश अग्रवाल समिति को दिया है, इसलिए प्रशासन ने बैठक बुलाकर दोनों पक्षों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं।वहीं नई समिति के अध्यक्ष जागेश अग्रवाल ने कहा न्यायालय ने हमारी समिति को रामलीला का मंचन करने का आदेश दिया है। प्रशासन ने भी यह सुनिश्चित करने के लिए बैठक की कि किसी को नुकसान न हो और आयोजन ऐतिहासिक व भव्य रूप से संपन्न कराया जाए। अब नगरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार रामलीला का मंचन न केवल परंपरागत रूप से होगा, बल्कि और भी शानदार व भव्य रूप में देखने को मिलेगा

# रामलीला मैदान की सफाई कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने चेयरमैन व ईओ को ज्ञापन देकर रामलीला के दौरान बेहतर सुविधाएं मुहैया कराये जाने की मांग की है। बताते चलें कि इस बार रामलीला कमेटी में विवाद होने के कारण प्रशासनिक स्तर से पांच सदस्य कमेटी गठित की गयी है। जिसकी देखरेख में रामलीला का मंचन होगा। बुधवार को कमेटी के पदाधिकारी चेयरमैन श्रीमती शशि जैन व ईओ डा. ब्रजेश कुमार से मिले तथा उन्हें ज्ञापन देकर 23 सितम्बर से शुरू हो रहे रामलीला मंचन से पूर्व सभी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की। चेयरमैन श्रीमती शशि जैन व ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कमेटी को भरोसा दिलाया कि पालिका द्वारा सफाई, प्रकाश की बेहतर व्यवस्था करायी जायेगी। इस मौके पर विमल टंडन, राकेश वर्मा, शारदुल अग्रवाल, कुंवर विनीत अग्रवाल, करूणेश गोयल आदि मौजूद रहे।

## शहीदी दिवस पर निकाला नगर कीर्तन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी दिवस को समर्पित आसाम से तख्त केशगढ़ साहिब, आनंदपुर साहिब, पंजाब को पंच-प्यारों की अगुवाई में चले नगर कीर्तन का जोया पहुंचने पर स्थानीय साध संगत द्वारा बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भव्य स्वागत किया। नगर कीर्तन में गुरु हरगोविंद साहिब , गुरु तेग बहादुर साहिब व गुरु गोविन्द सिंह के ऐतिहासिक शस्त्रों को एक भव्य वैन में संगो के दर्शनार्थ सजाया गया था।जोया पहुंचने पर जोया, अमरोहा वह आस-पास की संगत के साथ-साथ गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार जोया के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर साहिब के द्वारा संचालित स्थानीय सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर के प्रबंधक सरदार राजवीर सिंह बांगा ने समस्त कॉलेज स्टाफ के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया। स्वागत करने वालों ने सरदार सुरेंद्र सिंह,सरदार अमरजीत सिंह सरदार राजवीर सिंह बांगा ओम प्रकाश गुप्ता सरदार गुरनाम सिंह डॉव सिद्धार्थ पांडे, नरेंद्र कुमार शर्मा देवेश कुमार परमजीत सिंह जीतू सरदार सुखविंदर सिंह डॉव जसविंदर सिंह चीमा, ज्ञानी पवनजीत सिंह सव खजान सिंह,सव राजदेव सिंह, सवपरमन सिंह, तरुन कुमार चटठा नरेंद्र कौर, अर्चना देवी आदि उपस्थित रहे

# युवक की अपहरण कर हत्या व शव जलाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव सिरोधन में एक 24 वर्षीय युवक सूफियान की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। परिजनों का आरोप है कि युवक सूफियान का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई और उसके शव को जला दिया गया। मंगलवार शाम को बुलंदशहर के शिकारपुर थाना क्षेत्र के देवराला जंगल में सूफियान का अधजला शव मिला। परिजनों ने जूतों और कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की। सूफियान के पिता इसरार ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर 2025 को सूफियान नोएडा जाने के लिए घर से निकला था। 7 सितंबर को उसकी अधजली लाश मिली। इस दौरान सूफियान के फोन से लगातार खैरियत के मैसेज आते रहे, जिसके कारण परिजन गुमराह हुए और कोई शिकायत दर्ज नहीं करा सके। सूफियान के पिता इसरार ने गांव के नितिन उर्फ बाटा और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। इसरार की तहरीर पर कपूरपुर थाने में नितिन, मनीष, अमित, पवन, प्रशांत, आशीष, आदेश, नीतू और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण, हत्या और साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि इससे पहले 18 अप्रैल 2025 को भी आरोपियों ने इसरार की कैंटीन पर विवाद किया था, जिसमें पथराव और फायरिंग भी हुई थी। इस घटना की सूचना भी पुलिस को दी गई थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि सूफियान का अपहरण नोएडा के कासना क्षेत्र से हुआ था और शव बुलंदशहर में मिला है, जिससे यह अपराध एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा लग रहा है। पुलिस तकनीकी और मैनुअल जांच कर रही है, जिसमें मोबाइल कॉल डिटेल्स की भी जांच की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है और पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पत्रकार ने पिता की हत्या की आशंका जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पत्रकार ने अपने पिता की ट्रेन से फेंककर हत्या किये जाने की शंका जताते रेल मंत्री समेत अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की है।


बताते चलें कि चार सितम्बर को नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलना निवासी बुजुर्ग हैदर अली कलियर शरीफ से धार्मिक यात्रा कर घर लौट रहे थे। रात में स्टेशन के पास जीआरपी को वह मृत अवस्था में मिले। परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। जब परिजनों ने मृतक हैदर अली का बैग ढूंढा तो बैग नहीं मिला। जबकि शरीर पर चोट के निशान भी मिले थे। पत्रकार अकबर अली ने अपने पिता की बैग लूटकर ट्रेन से फेंककर हत्या किये जाने की आशंका जताते मामले की जांच की मांग की है।

# जिला अस्पताल में डायलेसिस मशीन लगाने की मांग

## सदर विधायक ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली जिला अस्पताल में डायलेसिस की एक और मशीन लगाने की मांग की है। सदर विधायक महबूब अली ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि गंभीर बीमारी हैपेटाइटिस्ट बी एवं सी तथा गुर्दा रोग से प्रभावित मरीजों की डायलेसिस के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में मशीन नहीं है। जिससे रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि किडनी के रोगियों के लिए एक डायलेसिस मशीन



है जबकि मरीजों की संख्या अधिक है तथा कई महीने में डायलेसिस का नम्बर आता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द ही जिला अस्पताल में डायलेसिस की दूसरी मशीन लगायी जाये। ताकि समय पर रोगियों को इलाज मिल सके।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गजरौला, जनपद-अमरोहा

पत्र संख्या- 857/न.पा.परि.ग.अ./अल्प.कुटे.सू./2025-26 दिनांक- 10 सितम्बर 2025

### अल्पकालीन कुटेशन सूचना

नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन- नगरीय के विभिन्न मदों/राज्य वित आयोग/टाउन फंड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराने हेतु सम्बन्धित फर्मो/ठेकेदार से दिनांक 10.09.2025 से 17.9.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कुटेशन आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक को समय अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी। कार्य के नियम व शर्ते कार्यालय नगर पालि. का परिषद गजरौला में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गजरौला में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | Door to Door Awerness Program. | Per Household | - |
| 01 | Ward Awareness Program. | Per Ward | - |
| 03 | Social Media Development/ Updation, Online IEC and Awareness. | Per Month | - |
| 04 | Different type Training Programmes. | Per Program | - |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गजरौला ( अमरोहा )

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गजरौला ( अमरोहा )



## युवक की रांची में ट्रेन से गिरकर मौत

**गढमुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी 25 वर्षीय अयान की झारखंड के रांची में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। उसकी मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव लेने के लिए रवाना हो गए। ग्राम प्रधान फराहिम ने बताया कि उनके गांव निवासी 25 वर्षीय अयान पिछले दिनों ही कपड़े का काम करने के लिए गए थे। उनको एक ठेकेदार लेकर गया था।

# साध्वी ने गौ-पालन व बड़े परिवार का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री बालाजी गौ सेवा धाम दतेड़ी द्वारा आर एस गार्डन में आयोजित गोकथा के तीसरे दिन साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में गाय का पालन होना चाहिए और यदि स्थान न हो तो लोगों को गौशाला में जाकर सेवा करनी चाहिए। साध्वी ने बताया कि गौ सेवा से जन्म-जन्मांतर के दुखों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि लोग गाय को माता कहते हैं लेकिन निराश्रित गायों की सेवा नहीं करते। उन्होंने दानी व्यक्तियों से पिलखुआ में गायों के इलाज के लिए एक अस्पताल खोलने की अपील भी की। अपने प्रवचन में साध्वी ने परिवार नियोजन पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि परिवार छोटा रखने के बजाय कम से कम चार संतानें होनी चाहिए, ताकि एक संतान सेना में, दूसरी समाज सेवा में और शेष परिवार की देखभाल कर सकें।



**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद वासिद के गलत संगत में पड़ जाने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मेरा इससे कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**मोहम्मद आरिफ पुत्र इदवा**
निवासी ग्राम काला खेड़ा तहसील हसनपुर जनपद अमरोहा।




## पत्रकार की मां के निधन पर शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पत्रकारों ने मौन धारण कर दो दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। बताते चलें कि पिछले दिनों नोएडा से प्रका. शित समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ जावेद अली की वालिदा का इंतकाल हुआ था तो वहीं नौगांवा के गांव बीलना निवासी दूसरे पत्रकार अकबर सैफी के पिता का शव रेलवे स्टेशन पर मिला था। आज कलेक्ट्रेट में तमाम पत्रकार एकत्र हुए तथा उन्होंने जावेद की मां तथा अकबर के पिता के इंतकाल पर शोक जताते कहा कि दुख की इस घड़ी में सभी पत्रकारों की सहानुभूति परिवारों से है। इस मौके पर विनीत अग्रवाल, डा. नरेन्द्र सिंह, तुलाराम ठाकुर, महेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, गुफरान आबिद, प्रबल प्रभाकर, देवेश शर्मा, जमशेद, हनी प्रकाश, गौरव श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

# अस्पताल कर्मचारियों की मिलीभगत से चल रहा है ब्लड की दलाली का खेल, फल-फूल रहा धंधा



**भगवान दास, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल में खून की दलाली धड़ल्ले से चल रही है। सूत्रों के अनुसार दलालों को पता चल जाता है किन रोगियों को ब्लड की जरूरत है।

ऐसे लोगों को गुमराह कर एक यूनिट खून के बदले छह से सात हजार रुपये वसूलते हैं। इनका धंधा सरकारी ब्लड बैंकों में खून की कमी से फल-फूल रहा है। यह निजी ब्लड बैंक से लेकर अस्पताल के कर्मचारियों में हिस्सा बंट जाता है। महिला अस्पताल के कर्मचारियों की मिलीभगत से खून की दलाली का खेल धड़ल्ले से चल रहा है।

महिला अस्पताल के लेबर रूम में भर्ती प्रसूता माधुरी पत्नी पंकज धर्मपुर कलान शाहज. हांपुर, दूसरी प्रसूता यासमीन पत्नी दिलदार खान ग्राम ईकरी वसयानी के लिए 2 सितंबर को ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने सरकारी ब्लड बैंक के लिए ब्लड का एडवाइस किया था। तीसरी प्रसूता मधुबाला पत्नी राजकुमार ग्राम माहोरा, चौथी प्रसूता तस्कीन पत्नी मुंतजार ग्राम बसेला के लिए 8 सितंबर को चिकित्सक ने सरकारी ब्लड बैंक के लिए फॉर्म भरकर एडवाइस किया है।

अस्पताल के कर्मचारियों की साठगांठ के चलते निजी ब्लड बैंक से ब्लड खरीदा गया। कर्मचारियों की दलाली के चलते निजी ब्लड बैंक से ब्लड खरीदा जा रहा है। जबकि फॉर्म में चिकित्सक के द्वारा सरकारी ब्लड बैंक के लिए वेरिफाई किया गया है। जबकि प्रसूताओं को ब्लड चिकित्सक की देखरेख में चढ़ाया जाता है मगर प्रसूताओं को ब्लड चढ़ते समय चिकित्सक मौजूद नहीं रहते है। जो नियम विरुद्ध है।

### कैसे होती है ब्लड की दलाली.....

किस प्रसूता को खून की जरूरत है और कौन अच्छा पैसा दे सकता है। इसकी जानकारी कर्मचारियों को हो जाती है, क्योंकि कर्मचारी उनके सूत्र होते हैं। वे प्रसूताओं के तीमारदार को पकड़ लेते हैं। छह-सात हजार रुपये में एक यूनिट खून का सौदा तय होता है। यह निजी ब्लड बैंक से लेकर लेबर रूम कर्मचारियों में हिस्सा बंट जाता है। इस मामले को लेकर जिम्मेदार स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे है। सूत्रों ने बताया कि इस धंधे में शामिल रक्तदाता का नाम रजिस्टर में चढ़ाया ही नहीं जाता। उनका ब्लड निकाल दिया जाता है, उसे सुरक्षित कर तीमारदार को जरूरी ब्लड दे दिया जाता है। स्टोर में ब्लड यूनिट बराबर रहती है, इसलिए किसी को संदेह नहीं होता।

### रक्तदाता को करने होते हैं ये काम.....

रक्तदाता को पहले फार्म भरवाया जाता है। उसमें नाम, मोबाइल फोन नंबर, पता, क्यों खून देना चाहते हैं, किसके लिए देना चाहते हैं ब्लड डोनेटर का मरीज से रिश्ता क्या है का विवरण होता है। उनके रक्तचाप, वजन, एचआईवी पॉजिटिव, हीमोग्लोबिन की जांच की जाती है। सब सही पाया जाता है तो ब्लड डोनेट कराया जाता है, लेकिन धंधे में शामिल लोगों को न तो फार्म भरवाया जाता है और न ही उनकी यह जांचें कराई जाती हैं।

### इनके लिए मिलता है ब्लड निःशुल्क.......

सरकारी ब्लड बैंकों में निःशुल्क खून उपलब्ध कराया जाता है। बस खून के बदले खून लिया जाता है। उससे कोई प्रक्रिया शुल्क नहीं लिया जाता। एड्स पीड़ित, थैलीसीमिया, कैंसर, हीमोफीलिया पीड़ित, लावारिस, कैदी, डायलिसिस के लिए व गर्भवती को बिना रक्तदाता लाए भी खून दिया जाता है। जिला महिला अस्पताल सीएमएस डॉक्टर शोभा अग्रवाल ने बताया वह तो मरीज की मर्जी है कहीं से भी ब्लड ला सकता है।

### निजी ब्लड बैंक नियम का कर रहे फॉलो.....

एक साल के अंदर रैबीज का इंजेक्शन लगा न लगा हो, एक से दो साल के अंदर टीबी नहीं हुई हो, एक साल पहले टाइफायड नहीं हुआ हो, एंटीबायोटिक दवा तो नहीं चल रही है,कैंसर की दवा तो नहीं चल रही है, डोनेटर 48 घंटे के अंदर शराब पिया हो,वजन 48 किलो से कम हो, हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से कम हो,उम्र 18 वर्ष से कम या 65 वर्ष से ज्यादा हो,किसी बड़ी बीमारी से ग्रसित हों।

# बिजली विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विद्युत विभाग ने एसडीओ अमित कुमार के नेतृत्व में अलग अलग टीमों ने नगर सहित देहात में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान 260 परिसरों की जांच की गई। जिसमें 87 बकाएदारों की बिजली काटी गई। साथ ही 22 उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाते हुए खराब मीटर बदले गए। नगर में विद्युत विभाग की टीम को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। बुधवार को विद्युत विभाग के चेकिंग अभियान के दौरान अवर अभियंता मो. मियां कुरैशी ने बताया कि बिजली बिल बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन को विच्छेद किया गया है। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वह अपना बकाया समय से अदा कर विभाग की कार्रवाई से बचें।



एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने बेहतर आपूर्ति के लिए सभी से जांच में सहयोग करने की अपील की। वही विद्युत बिल समय से जमा करने का अनुरोध किया। इस दौरान कमलेश कुमार, बजरंगी लाल, आशीष कुशवाहा, कृष्णकांत, अनिल, धर्मवीर, सतीश, विकास, रोमेश, संगम, राजू यादव आदि उपस्थित रहे।

# आज से सोहरा में मेला का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** बिकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोरहा में प्राचीन शिव मंदिर एवं खाटू श्याम मंदिर पर हर वर्ष की भांति लगने वाला श्राद्ध पक्ष का सात दिवसीय लगने वाला मेला 11 सितम्बर दिन गुरुवार से शुरू होने जा रहा बह 17 सितंबर दिन बुधवार तक चलेगा।मेले में मनोरंजन के लिए चरक, झूला,मीना बाजार, मिष्ठान की दुकान एवं मेला देखने आने वाले लोगों को रात में ठहरने की व्यवस्था भी उपलब्ध है। मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान सत्यपाल सिंह द्वारा किया जाएगा। इस बात की जानकारी मेला अध्यक्ष हरि भगवान गुप्ता ने दी।

# 25 सितम्बर तक होगा निःशुल्क खाद्यान्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान तथा अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई से सितम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण 10 से 25 सितम्बर 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियां को प्रति कार्डधारक 14 किग्रा गेहू, 21 किग्रा फोर्टीफाइड चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड धारको के मध्य 02 किग्रा गेहूं तथा 03 किग्रा फोर्टीफाइड चावल प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण कराया जाएगा। उन्होंने अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए की प्रति किग्रा की दर से 54 रुपए में वितरण सुश्चित कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी के सम्बंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी वह अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि खाद्यान एवं चीनी के वितरण, प्रचार-प्रसार, सत्यापन व उठान के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# शाहजहांपुर पुलिस ने चार अभियुक्तों के घर पर किया नोटिस चस्पा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** शाहजहांपुर पुलिस ने चार अभियुक्त को सूचित किया जो काफी समय से चल रहे थे फरार अभियुक्त कैफ , आसिम,फाजिल,सोहिल निवासी मोहल्ला रुस्तम टोला काफी टाइम से चल रहे हैं फरार ऐसे में पुलिस ने उनके घरों पर नोटिस चस्पा किया और उन्हें सूचित किया गया कि अगर वह न्यायालय में पेश नहीं होते हैं तो उनके घर की कुड़की कर दी जाएगी।

# किशोरी के साथ तीन लोगों ने किया दुष्कर्म

**राजीव सक्सेना, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव में चारा लेने गई किशोरी के साथ तीन लोगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब काफी देर तक किशोरी घर वापस नहीं आई तो किशोरी की मां खेत पर किशोरी को देखने गई उसे किशोरी खेत पर बेहोश अवस्था में बाजरे के खेत में पड़ी मिली। बेहोशी की अवस्था में किशोरी की मां उसे उघैती के एक निजी अस्पताल में ईलाज के लिए ले गई जहां होश आने पर पीड़ित किशोरी ने उसके साथ हुए दुष्कर्म की पूरी घटना बताई। पीड़ित



किशोरी की मां ने थाना पुलिस को तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस को मामले से अवगत कराया। थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले में थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया शिकायत मिल गई है, मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सपा विधायक के नेतृत्व में हुआ बाइक रैली का आयोजन



**राजीव सक्सेना, शाह टाइम्स**

**उघैती।** सहसवान विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक बृजेश यादव नें सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओ के साथ क्षेत्र के गांव रियोनाई से बाइक रैली का आयोजन किया। बाइक रैली रियोनाई से शुरू होकर क्षेत्र के भेदपुर, बंशीपुर ,कमनपुर , रंजीतपुर, टेहरा,बंजरा, भगतपुर होते सहसवान समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जाकर सम्पन्न हुई। समाजवादी के कार्यकर्ताओं ने लोकप्रिय विधायक बृजेश यादव का माला पहनाकर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा का समापन बृजेश यादव के पीडीए पंचायत को संबोधन के साथ हुआ। इस मौके पर आकाश मिश्रा,नबाब सिंह यादव, फूल सिंह,रनवीर, शेर मोहम्मद, पप्पू, चन्द्रकेश यादव, शेखर सिंघानिया, आकाश मिश्रा, इस्तकार उस्मानी , सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों को कराया भोजन, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने बुधवार को तहसील दातागंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम जटा का भ्रमण कर ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी आपको अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। सरकार व जिला प्रशासन पूरी तरह से आपके साथ खड़ा है, आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियां के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने बाढ़ पीड़ितों को भोजन भी कराया। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने ग्राम वासियों से कहा कि किसी भी ग्रामवासी व पीड़ित को भोजन, शुद्ध जल, स्वास्थ्य सेवाओ आदि किसी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी को मा0 मुख्यमंत्री द्वारा भेजी गई राहत सामग्री भी वितरित कराई गई है और जरूरत पड़ी तो आगे भी



वितरित कराई जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्थिति सामान्य व नियंत्रण में है। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा भी की। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि उन्होंने तहसील दातागंज, सहसवान व बदायूं के विभिन्न प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का होना सुनिश्चित कराया है।

उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रामवासी को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता लेने व सूचना देने के लिए सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के कंट्रोल रूम नम्बर 05832-451362 अथवा कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नम्बर7505395940, 7505389289 व 05832- 266052 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

यह दोनों कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, एसडीएम दातागंज सहित अन्य अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# चीफ व सैक्टर वार्डन को करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप नियंत्रक व प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा कोर ने अवगत कराया कि विभिन्न त्योहारों, मेलो एवं प्राकृतिक आपदा यथा-बाढ़, भूकम्प व अन्य जनकल्याणकारी कार्यों एवं प्रशासन द्वारा संचालित किये जाने वाले विभिन्न अभियानों में निरन्तर सक्रिय सहयोग के दृष्टिगत नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के अंतर्गत प्रावधानित व्यवस्थाओं के अनुसार अवैतनिक स्वयसेवकों, सदस्यों की भर्ती एवं कोर के अवैतनिक पदों, यथा-चीफ वार्डन से सैक्टर वार्डन आदि के 160 रिक्त पदों पर नियुक्ति, तैनाती जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा के आदेशों के क्रम में किया जाना है। उन्होंने बताया कि नियुक्त किये जाने वाले पदों की अर्हताओं में नागरिक सुरक्षा कोर में स्वस्थ एवं सक्रिय सदस्यों की उम्र आवश्यकता के दृष्टिगत 60 वर्ष से कम हो। नागरिक सुरक्षा कोर में महिला एवं युवा स्वयंसेवकों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। समय के साथ शिक्षा के स्तर में हुई वृद्धि एवं आधुनिक कार्य प्रणाली व तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति किशन लाल कनिष्ठ सहायक, जिला बचत कार्यालय, बदायूँ से सम्पर्क कर आवेदन-पत्र का निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर अपना आवेदन-पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत कर सकते है। प्रथमता प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रो पर पहले विचार किया जायेगा।

# ग्राम वासियों व कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन 81 वें दिन भी जारी



**शाह टाइम्स रुखसार**

**उझानी।** उझानी नगर पालिका का दूषित पानी रोकने को धरना स्थल पर क्रमिक अनशन पर आज 81 वें दिन प्रात: 10:00 बजे गुड्डू सिंह, फूल सिंह राजाराम जाटव, राजाराम टेलर जसवीर कश्यप, क्रमिक अनशन पर बैठे ,सांय 5:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह, ,जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव , जिला सचिव ओमवीर खटीक शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफत खान उर्फ अन्ना भाई,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष लोकेश गौड ने क्रमिक अनशनकारियों को जूस पिलाकर का आज का क्रमिक अनशन समाप्त कराया।

धरना स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमक. ार सिंह ने कहा कि यह ऐतिहासिक आंदोलन जिस धैर्य के साथ सत्य के लिए लड़ा जा रहा है, कांग्रेसी ग्राम वासी सभी बहुत शांत मन से इस संघर्ष को लड़ रहे हैं मुझे विश्वास से निश्चित रूप से एक दिन सत्य की विजय होगी और उझानी से आ रहे है दूषित नाले के पानी का डायवर्जन का काम धरातल पर शुरू होगा, सत्यमेव जयते। धरना स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास , जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल यादव ने शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफत खान उर्फ अन्ना भाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लोकेश गौड ने कहा कि हम सभी कांग्रेसी इस सत्य की लड़ाई में ग्राम वासियों के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। धरना स्थल पर कमल प्रताप सिंह नेपाल सिंह सोलंकी ,राजाराम जाटव छोटेलाल, सुखराम , बलवीर सोलंकी राजाराम, कृष्ण पाल, धनपाल भूपाल, रामकुमार ,विनोद कुमार सिंह राम किशोर, रणवीर, अमित, वीरपाल सिंह ,सतपाल, हरविंदर , राम किशोर आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# उपभोक्ताओं से संजीव वार्ष्णेय की हुई तीखी नोंकझोक



**रुखसार, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** फैजगंज शरूआती समय में कुछ उपभोक्ताओ से अवर अभियंता संजीव वार्ष्णेय की तीखी नोकझोक हुई और उन्होंने उपभोक्ताओ को समझया, बिल जमा करने को प्रेरित किया। बमुश्किल मेहनत के बाद चेकिंग अभियान को सफल बनाया जा सका। और उपभोक्ताओ को प्रेरित करने के बाद कुछ उपभोक्ताओ ने बिल जमा किया। और हिदायत देते हुई बिल जमा करने को कहा फैजगंज बेहटा मुडिया सबस्टेशन, ग्राम:- सैद सराय डिसकनेक्शन कनेक्शन संख्या लगभग :-35 टोटल चौक कनेक्शन लगभग :- 60 बसूली लगभग :- 25000 हजार टीम में सदस्य :- अवर अभियंता :- संजीव बार्ष्णेय, जह 2:- बजरंगी लाल, आशिष कुशवाह एवं सतीश कुमार,धर्मवीर, मनवीर, के .के, रवेंद्र, पुष्पेंद्र, रामकिशोर, वाहिद, नरेंद्र, मुनेंद्र आदि समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर में स्थित सरस्वती हॉस्पिटल एवं सरस्वती मेडिकल कॉलेज ने स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए राजपूताना इंटर कॉलेज, पिलखुआ में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता शि. विर का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर आयु वर्ग के बच्चों को इस अवस्था में होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी देना तथा उनके समाधान के प्रति जागरूक करना था।

शिविर के दौरान छात्रों को पोषण संबंधी कठिनाइयाँ, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियाँ, जोखिमपूर्ण व्यवहार तथा किशोरावस्था से जुड़ी अन्य चिकित्सकीय समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को यह भी बताया गया कि वे कैसे इन समस्याओं से बचाव कर सकते हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

स्वास्थ्य विषयक जानकारी के साथ-साथ छात्रों को चिकित्सा, नर्सिंग और फार्मेसी जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में



भी मार्गदर्शन दिया गया। सरस्वती मेडिकल कॉलेज की ओर से डा. भावना कोहली प्रोफेसर, पीडियाट्रिक्स, डा. रीमी सिंह सहायक प्रोफेसर, पीडियाट्रिक्स, डा. आशीष चौहान सीनियर रेज़िडेंट, पीडियाट्रिक्स और डा. दीपांशा माथुर पीजी छात्रा ने सक्रिय सहभागिता की।

राजपूताना इंटर कॉलेज के प्राचार्य राज बहादुर सिंह तथा अध्यापकगण प्रेपाल, सतेंद्र सिंह, योगेश जादौन और धर्मेंद्र तोमर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# भूकंप व अन्य आपदाओं से निपटने के लिए होगा मॉक ड्रिल, तैयारी हुई पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में भूकंप और अन्य आपदाओं से निपटने के लिए एक बड़ा मॉक ड्रिल आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर हो रहे इस अभ्यास में सभी प्रमुख सरकारी विभाग हिस्सा ले रहे हैं।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। यह ड्रिल केवल भूकंप तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अग्निकांड जैसी आपातकालीन स्थितियों को भी शामिल किया गया है। यह अभ्यास तीन चरणों में विभाजित है।

पहला चरण 9 सितंबर को हुआ यह चरण समन्वय बैठक के रूप में हुआ, जिसमें सभी अधिका. रियों को आगामी मॉक ड्रिल की रूपरेखा और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। दूसरा चरण 16 सितंबर को होगा। इस दिन ज़मीनी स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित किया जाएगा। तीसरा चरण 19 सितंबर को होगा। इस



चरण में अभ्यास की समीक्षा की जाएगी और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। हापुड़ तहसील में रेलवे स्टेशन, पुलों और अन्य महत्वपूर्ण भवनों पर भूकंप से निपटने का अभ्यास होगा। इसमें पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन और एनडीआरएफ सहित कई टीमें बचाव और राहत कार्यों का प्रदर्शन करेंगी। धौलाना तहसील में स्कूलों में छात्रों के लिए भूकंप से सुरक्षा का अभ्यास कराया जाएगा।

# साढ़े सात माह में नहीं हो सका रामलीला सोसायटी के अभिलेखों का आडिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की धार्मिक संस्था रामलीला सोसायटी के पिछले पांच साल के अभिलेखों का आडिट कराए जाने का पत्र सोसायटी रजिस्ट्रार ने सीए विनीश अरोरा को दिया था, लेकिन साढ़े सात माह गुजर जाने के बाद भी वह आडिट नहीं कर पाए।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कस्बे की रामलीला सोसायटी के पिछले पांच सालों के अभिलेखों का आडिट कराए जाने की मांग कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा की गई थी, जिस पर चिट एंड फंड रजिस्ट्रार कार्यालय ने बरेली के सीए विनीश अरोरा को पत्र देकर संस्था का आडिट करने के निर्देश दिए थे।

आरोप है कि सीए विनीश अरोरा द्वारा संस्था के सचिव के साथ ही अन्य सदस्यों से लिखित और फोन कर अभिलेख सौंपे जाने को कहा गया, लेकिन किसी ने कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए। थक हार कर चार सितम्बर को सीए विनीश अरोरा ने रजिस्ट्रार कार्यालय को अपनी विस्तृत रिपोर्ट को सौंप दी।

# एएनटीएफ ने अवैध गांजा तस्करी का किया भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट बरेली ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सक्रिय गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ा सफलता हासिल की है। बुधवार को सुबह करीब 4:45 बजे लखनऊ से मुरादाबाद जा रहे मार्ग पर थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के अंतर्गत रहपुरा कट के पास सर्विस लेन से तस्कर रामप्रताप उर्फ भानू पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम नादरमयी थाना अमांपुर जनपद कासगंज को गिरफ्तार किया गया।



अभियुक्त के कब्जे से कुल 71 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 50 लाख रुपये), एक कार ब्रिजा, एक आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, एक मोबाइल फोन 16,900 रुपये नगद बरामद किए गए। इसके साथ ही विधिक कार्यवाही कर थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पकड़े गए तस्कर रामप्रताप ने बताया कि वह पहले गुड़गांव में टैक्सी चलाता था। एक मित्र शक्ति ने उसकी मुलाकात प्रेम सिंह पुत्र श्योनाथ सिंह निवासी कुचावली जिला मुरादाबाद से करवाई और तस्करी का प्रस्ताव दिया। इसके बाद प्रेम सिंह के परिचित सुशांक सिंह निवासी मलकानगिरी, उड़ीसा से अवैध गांजा मंगवाकर वह करीब 3-4 बार उड़ीसा से गांजा लाकर बेचा करता था। आरोपित ने बताया कि गाड़ी के बोनट में गांजा छुपाकर लाया जाता था, ताकि चेकिंग में पकड़ा न जाए, लेकिन इस बार एएनटीएफ टीम ने उसे दबोच लिया।

पुलिस ने दो आरोपियों को वांछित किया है, जिनमें प्रेम सिंह पुत्र श्योनाथ सिंह निवासी कुच. ावली जिला मुरादाबाद, सुशांक सिंह निवासी मलकानगिरी राज्य उड़ीसा शामिल हैं। इस कार्रवाई के तहत थाना फतेहगंज पश्चिमी में धारा एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया है।

## एक नजर

# एक प्लॉट का दो-दो लोगों को कराया बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव गरगईया के रहने वाले मो. साबिर पुत्र नूर मोहम्मद ने थाना क्योलड़िया के गांव करुआ साहबगंज के रहने वाले ताहिर हुसैन पुत्र इमदाद हुसैन से उनकी गांव में स्थित भूमि गाटा संख्या 77 में से 226.35 वर्ग मीटर का प्लॉट 2 लाख 80 हजार में खरीदने का सौदा किया था, जिसमें उसने एक लाख रुपये बयाना के तौर पर दिए थे, और शेष के चौक दिए थे। बाद में उसने दिए गए चौक वापस लेकर नकद रुपया दे दिया था।

सारा पैसा अदा करने के बाद ताहिर हुसैन ने 24 मई 2025 को मो० साबिर की पत्नी मुन्नी बेगम के नाम सब रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्टर्ड बैनामा करा दिया था। आरोप है कि उसके तीन सप्ताह बाद ताहिर हुसैन ने गांव के शफी अहमद से मिलकर छलकपट कर शफी अहमद ने अपने पुत्र अनीसुल हसन के नाम 2 लाख 50 हजार रुपये लेकर दूसरा बैनामा सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करा डाला। इसकी जानकारी लगने पर मो० साबिर ने थाना नवाबगंज पुलिस को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का शिकायती पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। उसके बाद पीड़ित मो० साबिर ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जिसपर एसएसपी ने नवाबगंज पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए, एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# दूसरे की भूमि का सौदा कर तीन लाख रुपये ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक बारात घर संचालक को एक ग्रामीण ने दूसरे की भूमि दिखाकर उसके हाथ भूमि का सौदा कर उससे तीन लाख रुपए एडवांस ले लिए। इसके बाद भी उसने भूमि का बैनामा नहीं किया। जब उन्होंने भूमि के बारे में जानकारी की तो पता चला कि वह भूमि किसी और की है। जिसपर वह एक बसपा नेत्री के साथ उसके घर गए तो वह उनसे गाली गलौज कर बसपा नेत्री से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगा। जिससे परेशान बारात घर संचालक ने पुलिस को तहरीर देने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के फरीदापुर गांगा उर्फ नवादा गांव के मुन्नालाल गंगवार कस्बे में अपना बारात घर चलाते हैं। उनका आरोप है कि छह जून को उन्होंने बरखन गांव के एक ग्रामीण से बरखन गांव में स्थित उसकी भूमि का सौदा 33 लाख रुपये में तय किया था। सौदा तय होने के बाद उन्होंने उसे तीन लाख रुपए एडवांस दे उससे नोटरी की रसीद लिखवा ली थी। साथ ही बैनामा के लिए नौ जून वर्ष 2025 की तारीख तय हुई थी। तय तिथि पर वह उपनिबंधक कार्यालय पहुंचे, और पूरे दिन उसका इंतजार करते रहे, लेकिन वह नहीं आया। तब उन्होंने भूमि के बारे में जानकारी जुटायी तो पता चला कि वह भूमि उसकी है ही नहीं। तब वह बसपा नेत्री केसरवती गौतम को साथ ले उसके घर गए, तब वह उन्हें देखकर भड़क उठा और गाली गलौज करने लगा। उसने बसपा नेत्री से भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। जिससे परेशान मुन्नालाल गंगवार ने पुलिस को तहरीर देने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करायी है।

# दहेज को लेकर विवाहिता को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों पर पिटाई का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। युवती के पिता का कहना है कि ससुराल वाले उसे मारना चाहते थे, जिस वजह से वह वहां से कहीं जाकर छिप गई।

पीड़िता के पिता देवीदास निवासी तिरकुनिया थाना अमरिया पीलीभीत का कहना है कि 2018 में उसने अपनी पुत्री प्रीति का विवाह जयेंद्र पुत्र सुरेन्द्र पाल आचार्य निवासी महादेवपुरम के साथ किया था। शादी में उसने 25 लाख रुपए का दहेज दिया था। लेकिन दहेज से उसका दामाद जयेंद्र, दामाद की बहन शशि और नंदोई खुश नहीं थे। उसकी पुत्री को कम दहेज का ताना देकर पीटते थे। जिसके बाद उसने 25 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद भी वह लोग उसकी पुत्री के साथ मारपीट के उसका उत्पीड़न करते रहे। उसकी पुत्री ने उसे बताया कि पुत्री की नंद शशि नंदोई पवन, भांजे अभिनव, नमित उसकी पुत्री को हाथ पैर बांधकर पीटते हैं। आज उसके दामाद जयेंद्र का फोन आया कि प्रीति गायब हो गई है। फोन आने पर जब वह अपने पुत्र दिनेश के साथ पुत्री की ससुराल महादेवपुरम आया तो दामाद और उसकी बहन-बहनोई और भांजों ने उन्हें मारा पीटा और घर से भगा दिया। उसका कहना है कि ससुराल वालों के इरादे भांप कर उसकी पुत्री कहीं चली गई, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। देवीदास ने ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें जयेंद्र, शशि, पवन, अभिनव और अमित को नामजद किया गया है।

# 50 हजार रुपये रिश्वत लेते प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका गिरफ्तार ठेकेदार से मांगा था कमीशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एंटी करप्शन की टीम ने बुधवार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। बिथरी ब्लॉक के म्यूड़ी खुर्द कला प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता वर्मा ने ठेकेदार से रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार ने स्कूल में निर्माण कार्य कराया था।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम म्यूड़ी खुर्द में प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष बनवाने के लिए सरकार से धनराशि मिली थी। जिसका निर्माण ठेकेदार द्वारा करवाया गया था। जिसमें प्रधानाध्यापिका सरिता वर्मा ने ठेकेदार से अतिरिक्त कक्ष बनवाने में कमीशन की मांग की थी। ठेकेदार ने बुधवार दोपहर को स्कूल पहुंचकर प्रधानाध्यापक सरिता वर्मा के हाथ में 50 हजार रुपये दिये। उसी समय एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथों रिश्वत लेते हुए प्रधानाध्यापक को पकड़ लिया। एंटी करप्शन टीम ने प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध कोतवाली बरेली में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# बीडीए की टीम ने अवैध कॉलोनी पर चलाया बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बीडीए की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को आला हजरत रोड पर लगभग डेढ़ हजार वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

इसके साथ ही टीम ने बिना स्वीकृति के हो रहे सड़क निर्माण, बाउंड्री वॉल और भूखंडों के चिह्नांकन को रोक दिया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत की गई। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि अरशद खां और अन्य लोगों की ओर से बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क निर्माण, बाउंड्री वॉल और भूखंडों का चिह्नांकन किया जा रहा था।

लोगों को आगाह किया कि बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लॉटिंग या निर्माण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे अवैध निर्माणों का ध्वस्तीकरण कभी भी किया जा सकता है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# सारे समय इंतजार करते रहे वार्ता को नहीं, आया कोई अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव फाजिलपुर में मंगलवार को सारे दिन गांव के एक समुदाय के लोग पुलिस के अधिकारियों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम तक कोई भी अधिकारी गांव नहीं पहुंचा, जिस कारण दोनों समुदाय के लोगों के बीच कोई वार्ता नहीं हो सकी।



ग्राम में एक समुदाय द्वारा बिना किसी अनुमति के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की शिकायत दूसरे समुदाय के लोगों ने सीओ के साथ ही कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से की थी, जिसपर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने गांव आकर इसका समाधान निक. ाले जाने का भरोसा देकर ग्रामीणों को लौटा दिया था। आरोप है कि मंगलवार को सारे दिन शिकायत करने वाले ग्रामीण कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के आने की राह देखते रहे, लेकिन वह इस समुदाय के लोगों से बगैर मिले ही बैरंग लौट आए।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ देर के लिए कोतवाल गांव पहुंचे थे, लेकिन दूसरे पक्ष से मिलकर वापस लौट गए। उन्होंने किसी भी शिकायतकर्ता को न तो वार्ता के लिए बुलाया, और न ही शिकायत पर कोई कार्यवाही की। ग्रामीणों ने कोतवाल पर अखबारों में झूठा बयान देने का आरोप भी लगाया है।

आज बुधवार को भी एसडीएम और तहसीलदार के आने की एक समाचार पत्र में सूचना छपी थी, लेकिन आज भी कोई भी अधिकारी गांव नहीं पहुंचा।

# परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को शहादत दिवस पर किया याद

**युवा पीढ़ी उनके जीवन से ले शिक्षा: अंसारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** दस सितम्बर धरती मां के सपूत परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर उनको याद किया गया।



एक जुलाई 1933 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के ग्राम धामुपुर में जन्मे वीर अब्दुल हमीद की शहादत को हर कोई जानता है 10 सितंबर 1965 को भारत पाकिस्तान युद्ध में पंजाब के जिला तरनतारन के खेमकरण में वीर अब्दुल हमीद ने सात पाकिस्तानी टैंक तहस नहस कर अपने प्राणों को देश के लिए न्योछावर कर दिए थे उनकी शहादत को देश के लोग याद करते है युवा पीढ़ी को इनसे शिक्षा लेनी चाहिए एडवोकेट इमरान अंसारी ने शहादत दिवस पर वीर अब्दुल हमीद को याद करते हुए कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले धरती मां के सपूत से हम लोगे को प्रेरणा लेनी चाहिए। परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर एडवोकेट इमरान अंसारी के अलावा डॉक्टर गयास अहमद, आफताब आलम, प्रेमपाल गंगवार, असद अंसारी, अमान अजहरी, सरदार अंसारी, फैजुल अंसारी, मयंक सिंह, आकिब सकलैनी, सुरेश गंगवार आदि लोगों ने उनको याद किया। साथ ही युवा पीढ़ी से वीर अब्दुल हमीद से प्रेरणा लेने की अपील की।

# शियाओं ने मनाया यौम ए रसूल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** शिया समुदाय के लोगों ने आज सत्रह रविउलव्वल को पैगम्बरे इंसानियत हजरत मोहम्मद मुस्तफा का यौम ए दिवस मनाया।

इस अवसर पर शियाओं के घरों में बेहतरीन पकवान बनाकर नज्र दिलाई गई।

सुबह से शाम तक कस्बे में चहल पहल रही, लोग एक दूसरे के घर आते जाते देखे गए। नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू, ताजू, ताहिर अली जैदी व अन्य अनेक लोगों ने बड़ी मात्रा में नज्र दिलाकर सार्वजनिक रूप से खिलाई गई। खुशी के इस मौके पर शियाओं ने अपने घरों को खूब सजाया संवारा।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया को बिला

तफरीक मजहबों मिल्लत यौम ए रसूल मनाना चाहिए, क्योंकि आका ए नामदार सिर्फ मुसलमानों के लिए ही नहीं बल्कि आलम के लिए रहमत बनकर आए थे। इसीलिए आपको रहमतुल्लिल आमीन कहा जाता है, उन्होंने समाज को इंसानियत का पैगाम दिया है न कि मुसलमानों को।इसरार अहमद के यहां भी सुबह से शाम तक नियाज का लंगर जारी रहा। तमाम लोगों को मुबा. रकबाद दी है। ज्ञात रहे कि सुन्नी समुदाय के लोग यही पर्व गत शुक्रवार यानी बारह रविउलव्वल को मना चुके हैं।

# नगर में पुलिस सुविधा के अभाव से हो रही परेशानी

**थाना फतेहगंज पश्चिमी का जल्द स्थानांतरण आवश्यक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना परिसर का नगर से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित पुराना रबड़ फैक्ट्री परिसर में स्थित होना स्थानीय जनता और पुलिस कर्मियों दोनों के लिए समस्या बन चुका है। 25 वर्षों से बंद पड़े इस फैक्ट्री परिसर में अब जंगल नुमा माहौल बन चुका है। पुलिस कर्मियों के रहने के लिए उपलब्ध रबड़ फैक्ट्री के जर्जर बने आवास व क्षतिग्रस्त थाना भवन की स्थिति अत्यंत दयनीय है।

स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि लगातार प्रयास कर चुके हैं कि थाना परिसर को नगर के स्टेशन रोड पर सिंचाई विभाग की खाली पड़ी भूमि पर स्थानांतरित किया जाए। इससे न केवल पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधा सुनिश्चित होगी, बल्कि आमजन को अपनी शिकायत दर्ज करवाने में भी सुविधा होगी। साथ ही थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध विशेषकर ड्रग तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा।

युवा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, बरेली के जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे निवर्तमान चेयरमैन भाजपा प्रत्याशी आशीष अग्रवाल ने प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश को प्रार्थना पत्र भेजते हुए इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम ने सिंचाई विभाग की आधी जमीन पर नव निर्माण कर रोडवेज बस अड्डा बना लिया है, जबकि शेष बची भूमि पुलिस विभाग को हस्तांतरित कर नए थाना भवन का निर्माण किया जाना चाहिए।

इस संबंध में पहले भी प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र 2 जनवरी 2025 को सौंपा गया था, जिसमें प्रक्रिया शुरू करवाई गई थी। लेकिन अफसोस की बात है कि अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। नगरवासियों का कहना है कि थाने के नगर से दूर होने के कारण शिकायतें दर्ज करवाने में कठिनाई होती है, और पुलिस कर्मी भी अपनी ड्यूटी करने के लिए नगर में किराए के मकानों पर रहने को मजबूर हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करते हुए थाना परिसर को नगर के अंदर स्थानांतरित कर नए व सशक्त थाना भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि अपराध नियंत्रण में अधिक प्रभावी कदम उठाए जा सकें। साथ ही पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य और कार्यप्रणाली बेहतर होगी, जिससे वे जनता की सेवा और सुरक्षा में और बेहतर योगदान दे सकेंगे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

हमने अपने पुत्र मोहम्मद वसीम और उसकी पत्नी हिना को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शफीक अहमद पुत्र नूर अहमद व मुन्नी पुत्री अब्दुल हमीद पत्नी शफीक अहमद निवासी मोहल्ला गौंटिया वार्ड नंबर 4 कस्बा रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

**सम्मन/आमतौर पर**

**व अदालत श्रीमान सिविल जज ( जू0डि0 ) बहेड़ी जिला बरेली**

वाद सं० 11/2025 सन् 2025

जयेन्द्र पाल पुत्र चक्रधर निवासी ग्राम पचपेड़ा परगना रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली। ......वादी

बनाम

01. महेन्द्र पाल पुत्र चक्रधर निवासी ग्राम पचपेड़ा परगना रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली।
02. शकुन्तला देवी पुत्री नत्थू लाल निवासी ग्राम सरैनी पोस्ट तिरकुनिया अमरिया जिला पीलीभीत।
03. कुसुम पत्नी ढाकन लाल निवासी ग्राम वड़ौरी पोस्ट सियाठेरी तहसील बहेड़ी जिला बरेली।
04. आम जनता तहसील बहेड़ी जिला बरेली। .........प्रतिवादीगण

चूंकि गुसम्मी जयेन्द्र पाल ने आपके नाम से एक नालिश वास्ते घारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के दायर की है। लिहाजा आप हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 25.09.2025 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजी में बखूबी वाकिफ हो और मुकदमा हाजी की जबाब. देही कर सके। तय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुक. दमा हाजा फैसला होगा।

आज तारीख 09.09.2025 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

**आदेशानुसार**
**मुन्सरिम**
**सिविल जज जूनियर डिवीजन बहेड़ी जनपद बरेली**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-1265 /न०पा० प०ब०/ कर/ 2025 -26 दिनांक-03.09.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-416 वार्ड-11 जो मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री राकेश कुमार पुत्र श्री जगदीश सरन के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-02.06.2021 के द्वारा राकेश कुमार की मृत्यु दिनांक-17.05.2021 को हो चुकी है। श्रीमती नीरा गर्ग पत्नी राकेश कुमार निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-1262 /न०पा०प०ब०/कर/2025-26 दिनांक-03.09.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-183 वार्ड-11 जो मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री राम बहादुर पुत्र श्री बिहारीलाल के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-25.05.2007 के द्वारा श्री सुनील कुमार सक्सेना व अमर कुमार सक्सेना पुत्रगण स्व० श्री राम बहादुर सक्सेना निवासीगण मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती शशि गुप्ता पत्नी स्व० श्री हरीश कुमार गुप्ता निवासी ग्राम मानपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। इसके उपरान्त उपरोक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-16.09.2016 के द्वारा श्रीमती शशि गुप्ता पत्नी स्व० श्री हरीश कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला रामलीला करबा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री अमित कुमार पुत्र श्री शिवजी प्रसाद निवासी मोहल्ला रामलीला नैनीताल रोड कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री अमित कुमार पुत्र श्री शिवजी प्रसाद निवासी मोहल्ला रामलीला नैनीताल रोड कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**


**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# आईजीआरएस पर लापरवाही पड़ी महंगी, 29 अफसरों से जवाब तलब

**लापरवाही बरतने वाले अफसरों को डीएम ने दी चेतावनी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** आईजीआरएस पोर्टल एवं हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले ऐसे अधिकारियों जिनके द्वारा शिकायत का निस्तारण किए जाने के उपरांत शासन से प्राप्त फीडबैक के आधार पर शिकायतकर्ता द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में डीएम अविनाश सिंह द्वारा गहन असंतोष व्यक्त किया गया है, तथा अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है कि शिकायतकर्ता की शिकायत को बिना सुने ही निस्तारण कर दिया गया जिसके फलस्वरूप असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ।

स्पष्टीकरण जारी होने वाले अधिकारियों में चकबन्दी अधिकारी बहेड़ी, फरीदपुर, मीरगंज, उपायुक्त वाणिज्य कर विभाग, अधिशासी अभियंता वि.न.वि.ख. चतुर्थ विद्युत, प्रभारी चिकित्साधिकारी, अधीक्षक (पीएचसी-सीएचसी) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मीरग. ंज, प्रभागीय वनाधिकारी पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), अधिशासी अभियंता नगरीय द्वितीय विद्युत, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, सब रजिस्टार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन नवावगंज, खण्ड विकास अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग नवाबगंज, रामनगर, मीरगंज, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ग्राम्य विकास विभाग, अधिशासी अभियंता उ०प्र० जल निगम (नगरीय), मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जिला चिकित्सालय) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उप जिलाधिकारी राजस्व एवं आपदा विभाग मीरगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायती राज विभाग दमखोदा, बाल विकास परियोजना अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग मीरगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायती राज विभाग दमखोदा, बाल विकास परियोजना अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग मीरगंज, तहसीलदार राजस्व एवं आपदा विभाग नवाबगंज, आंवला, पूर्ति निरीक्षक खाद्य एवं रसद विभाग मीरगंज, जिला प्रोबेशन अधिकारी महिला कल्याण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत व नगर पालिका परिषद फतेहगंज पश्चिमी, सामान्य प्रबन्धक उद्योग, खंड शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग भुता, पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालन भदपुरा सम्मिलित हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-1266 /न०पा०प० ब०/कर/ 2025-26 दिनांक-03.09.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-163 वार्ड-09 जो मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री मकबूल अहमद पुत्र श्री मुहताक हुसैन के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-15.12.2004 के द्वारा मीना बेवा मो० यामीन व मो० यामीन व मो० फहीम पुत्रगण मकबूल हुसैन निवासीगण मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री शमीम अहमद पुत्र श्री हाजी अब्दुल सत्तार निवासी पाकड़ वाली मस्जिद के पास मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री शमीम अहमद पुत्र श्री हाजी अब्दुल सत्तार निवासी पाकड़ वाली मस्जिद के पास मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-1263 /न०पा०प० ब०/कर/ 2025-26 दिनांक-03.09.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-221 वार्ड-2 जो मोहल्ला जाजनागर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री शिवदत्त मिश्रा पुत्र श्री लालमणि मिश्रा के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-15.05.2015 के द्वारा श्री शिवदत्त मिश्रा पुत्र श्री लालमणि मिश्रा निवासी नगर पालिका कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री सोनपाल सिंह निवासी ग्राम गरी. बपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री सोनपाल सिंह निवासी ग्राम गरीबपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-1264 /न०पा०प०ब०/कर/2025-26 दिनांक-03.09.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-334 वार्ड-01 जो निकट रोडवेज कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में मो० हुमायूँ पुत्र श्री अ० वाकी व हिदायत हुसैन पुत्र श्री इनायत हुसैन ठेकेदार के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-15.06.2011 के द्वारा श्रीमती शगुफ्ता बेगम पत्नी मो० इमरान व श्रीमती बिलकीस पत्नी हुमायूं व गुलनाज बानो पत्नी हुमायूं फरनाज पुत्री हुमायूं उरूसा पुत्री हुमायूं निवासीगण मोहल्ला बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री वसीम अहमद पुत्र लईक अहमद व फईम अहमद व नफीसा बानो पत्नी लईक अहमद निवासीगण मोहल्ला अब्बासनगर शाहपट्टी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री वसीम अहमद पुत्र लईक अहमद निवासी मोहल्ला अब्बास नगर शाहपट्टी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का केंद्रीय मंत्री ने पूरनपुर का किया दौरा

**पूरनपुर।** जिले के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को पूरनपुर विधानसभा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बूंदीभूड, बंदर बोझ, महाराजगंज और नगरिया खुर्द कलां का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शारदा नदी द्वारा किए जा रहे कटान को देखा और बाल प्रभावित लोगों से बातचीत की। उन्होंने सिंचाई विभाग एवं बाढ़ खंड के अधिकारियों को शारदा नदी के कटान से स्पर और ठोकरें बनाने के निर्देश दिए। सांसद जितिन के दौरे को लेकर हड़कंप मचा रहा। उनके साथ पूरनपुर विधायक बाबू राम पासवान, देव स्वरूप पटेल समेत पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। इस दौरान संसद में शारदा नदी द्वारा किए जा रहे कटान का जायजा लिया उन्होंने अब तक शारदा नदी द्वारा कटान की गई भूमि स्वामियों से बातचीत की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया इस दौरान उन्होंने बाढ़ राहत किटों का भी वितरण किया। सांसद जितिन प्रसाद ने बताया कि सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सर्वे कराकर बाढ़ प्रभावितों को उचित मुआवजा देगी उन्होंने बताया कि शारदा के कटान से हुई फसलों के नुकसान का भी सर्वे कराया जा रहा है. सर्वे के बाद किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राशन किट

**पीलीभीत।** राज्यमंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उप्र बलदेव सिंह औलख के साथ जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह व जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने तहसील अमरिया क्षेत्रान्तर्गत जोशी कालोनी व टांडा विजैसी में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट व तिरपाल वितरित की। इसके साथ ही उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत की उनका हाल जाना व उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने खाद्यान्न किट में उपलब्ध सामान की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हमसब का कर्तव्य है कि बाढ़ पीडितों की मदद करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राजस्व टीम द्वारा किसानों की फसलों की हुई क्षति का आंकलन किया जायेगा और किसानों को मुआवजा दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के घर तक राशन किट पहुंचायी जा रही है।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता को महिला वाल्टन क्लब ने भेजी राहत सामग्री



**पीलीभीत।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से फैली तबाही से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए देश भर से सहायता के हाथ उठ रहे हैं इसी क्रम में महिला वाल्टन क्लब पीलीभीत की सदस्यों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आवश्यक जरूरी सामग्री एकत्रित कर बड़ा गुरुद्वारा के सेवादारों की दी, यहां से यह सामग्री पंजाब में बाढ़ प्रभावित लोगों तक भेजी जाएगी।

सामग्री में 5 त्रिपाल, 50 गद्दे, 5 पेटी फिनायल की बोतलें, 50 टॉर्च आदि शामिल हैं। इस दौरान क्लब की उपाध्यक्ष नेहा भसीन, सचिव आशा सिंह, शुभिका कसाना, युक्ति अग्रवाल, दीपशिखा, स्वीटी अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# जन समस्याओं को लेकर सांसद जितिन प्रसाद से मिले बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधानसभा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद जनता की समस्याओं और क्षेत्र के विकास के मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को उन्होंने दिल्ली स्थित कार्यालय पर केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक ने बीते दिनों पीलीभीत जनपद में आई बाढ़ की स्थिति और उससे प्रभावित लोगों की कठिनाइयों को विस्तार से सांसद के सामने रखा। स्वामी प्रवक्तानंद ने बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ ने हजारों लोगों को प्रभावित किया है। गांवों में जलभराव, फसलों का नुकसान और घरों को क्षति होने के कारण आमजन त्राहि–त्राहि कर रहे हैं। उन्होंने सांसद से आग्रह किया कि बाढ़ पीड़ितों को सरकार की ओर से मिलने वाली राहत योजनाओं का लाभ जल्द और व्यापक रूप से दिलाया जाए। इस मुद्दे पर सांसद जितिन प्रसाद ने भी गंभीरता से विचार करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुलाक. ात के दौरान विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा में चल रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बरखेड़ा की जनता तक सरकार की योजनाएँ अधिक से अधिक पहुँचें, यही उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और किसानों से जुड़े मुद्दों पर विशेष योजनाएँ लागू करने पर भी बात. चीत हुई।

## एसएसबी और पुलिस ने भारत नेपाल सीमा पर बढ़ाई सर्तकता

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** पड़ोसी देश नेपाल में विद्रोह के तीसरे दिन बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित महेंद्र नगर और धनगढ़ी नगर की सीमा पर स्थिति सामान्य रहने की खबर है। अलबत्ता एसएसबी और पुलिस ने सीमा पर गश्त तेज कर दी है, खुफिया एजेंसियां भी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाएं हुए हैं। एसएसबी सेनानायक शेर सिंह ने बताया कि हम पीलीभीत डीएम, एसएसपी के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीलीभीत नेपाल सीमा पर स्थित सभी गांवों में पूर्ण शांति है। नेपाल देश के महेंद्र नगर से अभी तक प्रदर्शन के समाचार नहीं मिलें हैं। पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशासन को केंद्र अथवा प्रदेश सरकार से अब तक किसी प्रकार के दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। सीमा पर सभी गांवों के प्रधानों से संपर्क बराबर बना हुआ है।

## झाड़ियों में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुधवार को खुर्जा की आवास–विकास कालोनी स्थित पानी की टंकी के पास झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव से आ रही दुर्गंध के कारण चौकीदार को इसकी जानक. ारी मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार शव करीब 15 दिन पुराना लग रहा है। सूचना मिलते ही खुर्जा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। खुर्जा की सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। साथ ही मृतक की शिनाख्त के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## किशोरी से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुधवार को थाना देहात क्षेत्र के एक गांव में डेरी पर दूध लेने गई एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ डेरी संचालक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी द्वारा घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। देहात थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय भतीजी बीते माह 30 अगस्त की सुबह गांव में ही डेरी पर दूध लेने के लिए गई थी। इसी दौरान आरोपी डेरी संचालक रिंकू उर्फ राजीव ने उसे बाथरूम में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिस कारण पीड़िता डर गई। पीड़िता ने ीते दिन अपनी आपबीती परिजनों को बताई। जिसके बाद पीड़िता के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ पूर्णिमा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल डाल कर मकान में आग लगाने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** गांव हताना में दो पक्षों के विवाद में मकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाते समय तीन आरोपित झुलस गए। हादसे में मकान में रह रही महिला भी झुलस गई है। पुलिस ने चारों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया। पुलिस पीड़ित के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है। गांव हताना है।

यहां के रहने वाले मोनू, चरण सिंह, गौरव और योगेश पूर्व में आपस में दोस्त हुआ करते थे। करीब दो वर्ष पूर्व इनमें किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद मारपीट होती आ रही थी। मंगलवार शाम पांच बजे मोनू का चरण सिंह, गौरव और योगेश के फिर कहासुनी हो गई। इस पर यूपी डायल 100 पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने जाने की कहकर लौट गई। इसके बाद दोनों पक्षों में राजीनामा की बात होने लगी। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपित राजीनामा के लिए रात 11 बजे मोनू के घर पहुंचे। यहां बातचीत में बात और बिगड़ गई। इसके बाद तीनों आरोपित रात करीब दो बजे पेट्रोल लेकर फिर मोनू के घर पहुंचे, जहां पेट्रोल छिड़कते समय तीनों के ऊपर भी गिर गया। जैसे ही आग लगाई तो तीनों आग की लपटों से घिर गए। आग की चपेट में मोनू की मां सोनवती भी आ गई। इससे चारों गंभीर झुलस गए। आग को देख गांव में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उनको दिल्ली रेफर कर दिया गया।

## सर्राफ से लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुगरासी निवासी सर्राफ व्यापारी व उसके पुत्र से सोना चांदी के आभूषण और नकदी लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ में घायल दो बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने लूटे आभूषण, अवैध असलहा, कारत. ूस व बाइक बरामद की है। बीते पांच सितंबर की सरेशाम अमरोहा के जयतोली गांव से दुकान बंद करके लौट रहे कस्बा बुगरासी निवासी सर्राफ अशोक वर्मा व उसके पुत्र टिंकुल से हथियारों के बल बाइक सवार बदमाशों ने ज्वैलरी और नकदी लूट ली थी। बुगरासी के रूखी मार्ग पर हुई घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद एसएसपी दिनेश कुमार ने तुरंत घटनास्थल पहुंचकर बदमाशों को पकड़ने के लिए गठित टीमों को निर्देश दिए थे। नौ सितंबर की देर रात केलामोड़ पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार सवार तीन बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। सीओ प्रखर पांडेय ने बताया कि जलालपुर मार्ग पर पुलिस पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश फैजान व राकेश जवाबी कार्रवाई में घायल हो गये, जबकि तीसरे को भी वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान फैजान पुत्र शाहिद निवासी ग्राम शेरपुर थाना बहाद. ुरगढ़ जनपद हापुड़ हाल पता–एनटीपीसी रोड कस्बा व थाना जार्चा जनपद गौतमबुद्धनगर, राकेश उर्फ रिंकू उर्फ बाटा पुत्र कलुआ गिरि निवासी ग्राम बछेड़ा खुर्द थाना पिलखुआ जनपद हापुड़, वसीम पुत्र रहीश अहमद निवासी कस्बा व थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रुप में हुई है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से 4 किलो 550 ग्राम सफेद धातुऋ, नाक की लौंग 77 पीस, पीली धातु, 2 तमंचा, 2 कारतूस, 2 खोखा, बाइक बरामद हुई है।

# शहीद कमांडो का हुआ अंतिम संस्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुधवार को जम्मू–कश्मीर में शहीद हुए कमांडो प्रभात गौड़ का अंतिम संस्कार किया गया। 46 वर्षीय जवान आतंकियों के साथ हुए एनकाउंटर में शहीद हो गए थे। अंतिम संस्कार पैतृक गांव पाल आनंदगढ़ी में किया गया।

11 साल के बेटे ने शहीद को मुखाग्नि दी। शहीद का पार्थिव शरीर बुधवार को गांव पहुंचा। पति का पार्थिव शरीर देखकर पत्नी बेसुध हो गईं। पिता का शव देखकर बेटा–बेटी का बुरा हाल था। बुजुर्ग पिता किसी तरह खुद को संभाल पा रहे थे। भाई भी अपने आंसू रोक नहीं पा रहे थे। जवान का शव सेना के वाहन से गांव पहुंचा। कई गांवों के लोग शहीद जवान को अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। अंतिम यात्रा जब निकली तो वाहन के पीछे तिरंगा लेकर सैकड़ों लोग भी चलते रहे। भारत माता की जय और जब तक सूरज चांद रहेगा... के नारों के बीच गांव में ही शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। शहीद बेटे को उनके पिता ने आखिरी सलामी दी।

सोमवार को जम्मू कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान गोली लगने की वजह से प्रभात गौड़ शहीद हो गए थे। प्रभात सेना में जेसीओ पैरा कमांडो थे। वह 27 साल पहले सेना में भर्ती हुए थे। दो साल पहले उनकी तैनाती जम्मू–कश्मीर में हुई थी। अभी इनका परिवार गाजियाबाद के राजनगर में रहता था। पत्नी मना. ेरमा, बेटी सोनिका और बेटा खुशहाल के साथ रहती है। बेटी ग्रेजुएशन करती है जबकि बेटा खुशहाल अभी 11वीं कक्षा में स्कूली शिक्षा ले रहा है। शहीद जवान के पिता ने बताया कि सोमवार दोपहर सूचना आई थी कि आतंकियों से मुठभेड़ में बेटे को गोली लगने से वह शहीद हो गए हैं। प्रभात के शहीद होने की सूचना मिलते ही परिवार में को. हराम मच गया था। पत्नी मनोरमा बेहोश हो गई। पिता सत्य प्रकाश गौड़ गांव में अकेले रहते हैं। प्रभात तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। शहीद हुए जवान प्रभात गौड़ के बड़े भाई राजुल गौड़ ने बताया कि उनका भाई पिछले साल दीपावली पर गांव आया था। पूरा परिवार गांव में मिला था। प्रभात 4 सालों से श्रीनगर में तैनात था। भाई प्रभात का एक जुलाई को प्रमोशन हुआ था। हम लोगों की अक्सर फोन पर बात हुआ करती थी। घटना से चार दिन पहले भी वीडियो कॉल पर बातचीत हुई थी।

## शिक्षा मित्रों ने समस्याओं का सौंपा ज्ञापन

**डिबाई।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ डिबाई के शिक्षामित्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी को अपनी समस्या को लेकर ज्ञापन दिया है। शिक्षा मित्र संघ के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिए ज्ञापन में समर कैंप में मिलने वाली स्टेशनरी आदि की धनराशि अभी तक नहीं मिली है। समर कैंप संच. ालकों का कहना है कि माह जून 2025 में कैंप संचालित विद्यालयों के खातों में 2000 भेज दिया गया था। साथ ही समर कैंप के समय कैंप में आने वाले बच्चों को न्यूट्रीशन के लिए 5 प्रति छात्र के हिसाब से आया था। वह भी अभी तक नहीं मिला है। कैंप संचालित स्थल विद्यालयों के इंचार्जों ने अभी तक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को भुगतान नहीं किया है। इस मौके पर आनंद सिंह, गीता देवी, हुतेन्द्र सिंह, कमलेश देवी, सोनिया शर्मा सहित अन्य शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## बडे भाई ने जमीन के विवाद में छोटे भाई की गोली मार कर हत्या की

**मथुरा।** जड जोरू और जमीन खूनी रंजिश की वजह बनती रही हैं। जमीन के लिए एक बार फिर नौहझील थाना क्षेत्र के गांव शल्ल में मंगलवार की आधी रात को खून का रिश्ता खूनी हो गया। 12 बीघा भूमि के विवाद बडे भाई ने सगे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया। साथ ही मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नौहझील थाना क्षेत्र के गांव शल्ल में चंद्रपाल के पास 12 बीघा भूमि है। इसको लेकर उनके बेटे संजीव और अजीत के बीच काफी समय से पारिवारिक विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि अजीत अविवाहित था। वह अपनी भाभी पर भी गलत नजर रखता था। मंगलवार रात 12 बजे संजीव ने झगड़े के दौरान अजीत सिंह को गोली मार दी। गंभीर घायल अजीत की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# सांसद ने बाढ़ राहत शिविर में परोसा भोजन



**मथुरा।** यमुना में प्रवाहित जल का स्तर नीचे आया है। इसके बाद भी प्रभावित हुए लोगों की मुसीबतें अभी बरकरार हैं। बडी संख्या में लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। जिला प्रशासन की ओर से लगातार मदद पहुंचाई जा रही है।

बुधवार को सांसद हेमा मालिनी ने जिलाधिकारी सीपी सिंह, अपर जिलाधिकारी सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, एडीएम फाइनेंस पंकज कुमार वर्मा सहित प्रशासन के पूरे अमले के साथ प्रेम मंदिर द्वारा स्थापित बाढ़ राहत शिविर का किया निरीक्षण गरीबों को किया भोजन वितरण इस दौरान जगतगुरु कृपालु परिषद के अजय त्रिपाठी भी साथ रहे। वात्सल्य ग्राम स्थित संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल द्वारा वृंदावन परिक्रमा मार्ग में बाढ़ पीड़ित परिवारों को भोजन पानी वितरण कर उनकी स्थिति को जाना। साध्वी ऋतंभरा द्वारा संचालित बाढ़ पीड़ित सहायता अभियान के अंतर्गत संविद सैनिक स्कूल की छात्राओं के साथ खाद्य सामग्री वितरण करते हुए साध्वी शिरोमणि ने कहा कि निरंतर जल वर्ष के कारण यमुना जी का वेग बढ़ गया है जिसके कारण वृंदावन पानीघाट परिक्रमा मार्ग में आवासीय बस्तियों में चार से पांच फीट पानी भरा हुआ है घरों के अंदर भी पानी है लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं उनकी चिंता करना हमारा दायित्व है दीदी मां ने प्रवास पर रहते हुए भी वृंदावन की स्थिति को जाना और बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए निर्देशित किया है। स्वामी सत्यशील ने कहा कि यमुना मैया के जल विस्तार के कारण कुछ लोगों के रहन सहन में व्यवधान आया है उनकी बस्ती जलमग्न होने के कारण उनका भोजन आदि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है इस निमित्त वात्सल्य ग्राम संविद की छात्राएं सहयोग करने आई हैं। संविद गुरुकुलम सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य पूर्व कर्नल वंदना तिवारी ने बताया की सेवा, सहयोग, समर्पण शिक्षा का हिस्सा है एन.सी.सी और सैनिक स्कूल की छात्राओं को यह पढ़ाया जाता है कि समाज के पीड़ित लोगों की कैसे सेवा की जाए,वृंदावन में बाढ़ पीड़ित लोगों के सहायता के लिए इन छात्राओं के माध्यम से भोजन एवं जल का वितरण किया जाए किया जा रहा है। इस अवसर पर छात्राओं को दो ग्रुप में बांटा गया और अलग अलग स्थानों नाव एवं ट्रैक्टर के द्वारा घर घर जाकर बाढ़ में फसे लोगों को भोजन के पैकेट एवं पानी की बोतलों का वितरण किया गया तथा उनकी अन्य समस्याओं के बारे में जाना लोगों को भोजन से अधिक पानी एवं चिकित्सा की आवश्यकता है जिसकी पूर्ति संविद स्कूल आगे करेगा। बाढ़ पीड़ितों को 700 भोजन के पैकेट एवं पानी की बोतलों का वितरण किया गया।

## जयपुर बरेली हाइवे पर बाइक सवारों को कुचला, एक मरा

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के जयपुर बरेली हाइवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। यह हादसा नगला भीमा गांव के पास हुआ। अचानक हुए इस हादसे से आसपास अफरा तफरी मच गई और देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर सड़क पर पड़ा मलबा हटवाया और यातायात सुचारू कराया। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है।

# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ धुंधकारी प्रसंग का किया रसपान



**कोसीकलां।** भगवती रोड पर सुभाष पार्क वाली गली में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा प्रमुख मार्ग से गुजरकर कथा स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथावाचक सतानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। अशोक आढ़ती ,राजेंद्र पंडित, विष्णु मैथिल, भोला राम, जयप्रकाश शर्मा, शशिभूषण तिवारी, भारत शर्मा, दीनबंधु शर्मा, रेखा, भारती ,कमला, मो. हनदत्त, हरवती, मुकेश तिवारी, मिथलेश , संतोष, लक्ष्मी, बिंदा देवी आदि थे।

## नव विवाहिता का कमरे में लटका मिला शव, ससुरालवाले हुए फरार

**मथुरा।** थाना हाइवे की बलरामपुर कॉलोनी में बुधवार को 21 वर्षीय महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। आरोपी ससुराल पक्ष घटना के बाद मौके से फरार हो गया है।

महिला का शव अपनी ससुराल में कमरे के अंदर फंसी के फंदे पर लटका मिला। इसी साल दो फरवरी में महिला की शादी हुई थी। मृतका के मायके पक्ष का आरा. ेप है कि पति किसी दूसरी महिला से बात करता था। अतिरिक्त दहेज की भी मांग रहती थी। इसी बात को लेकर दंपति के बीच झगडा रहता था। संतोषी पुत्री संतपाल सिंह हाथरास के परसोरा गांव से मथुरा के बिलौठी गांव में हुई थी। यह भी आरोप लगाया है हत्या करने के बाद शव को फंसी के फंदे पर लटकाया गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का के मायके पक्ष की ओर से ससुरालीजनों के खिलाफ थाना हाइवे में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतका के भाई ने बताया कि मृतका की मौसी मंडी चौराहे पर रहती हैं। मौसी घर पहुची थीं। इसके बाद हत्या का खुलासा हुआ।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

- बीएसए को निर्देश यथाशीघ्र जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण की करायें कार्रवाई
- गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों और अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी सख्त कार्यवाही, निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारी होंगे दंडित: जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।
बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण न किये जाने पर नारा. जगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को स्वयं निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानक के अनुरूप निर्माण कार्य न होने या किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को लेकर जिलाधिकारी ने नियमित निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं की जांच तथा आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने अधीनस्थों पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों में शिक्षक अनुपस्थित पाए जाने पर दोषी के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।इस दौरान उन्होंने ऐसे शिक्षकों पर की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि अवैध रूप से संचालित विद्यालयों एवं बिना अनुमति संचालित कक्षाओं को बंद कर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत ऐसे निजी विद्यालय जो पात्र बच्चों का नामांकन नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करें और हर हाल में नामांकन सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने बीएसए को यह भी निर्देश दिये कि यदि विद्यालय किसी पात्र छात्र का नामांकन न करे, तो उस विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसकी मान्यता समाप्त कर दी जाये।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल, खण्ड विकास अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने परिवार संग रामलला के दर्शन किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** राष्ट्रीय शिव शाक्ति सेना के गौरक्षा प्रकोष्ट के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने सोमवार को अयोध्या धाम पहुंचकर परिवार के लोगों के साथ सबसे पहले राम मंदिर में दर्शन पूजन किया और फिर हनुमान गढ़ी पर माथा टेका।
इस दौरान दिनेश शर्मा, विनेश शर्मा, आशीष शर्मा, हिरदेश शंकरधार, जीतू शर्मा, आराध्या, छुट्की, प्रियंका शर्मा, प्रदीप मिश्रा, गुड्डू, यीशु शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### श्री गुरु गोविंद सिंह के 350 वें गुरतागदी दिवस एवं शहीदी दिवस

# नगर कीर्तन यात्रा का किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 350वें गुरतागदी दिवस और सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज सहित भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला जी की 350वीं शहादत को समर्पित शहीदी यात्रा दोपहर को स्वार नगर गुरुद्वारा से होकर निकली नगर में प्रवेश के साथ ही सिख समाज के श्रद्धालुओं ने "बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयघोष से वातावरण गूंजा दिया। श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन यात्रा का उत्साह पूर्वक उत्साहपूर्वक किया। इस मौके पर आदर्श नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने शहीदी यात्रा में शामिल सिख संगत के लोगों को पटका पहनाकर स्वागत किया एवं फूल बरसाए तथा उन्हें फल वितरित किए गए। इस मौके पर संजीव कुमार वर्मा, परमिंदर मौर्य, मयंक मौर्य, बंटी भाई तथा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नियमों के उल्लंघन में पांच वाहन सीज, सात का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों पर रोक लगाने के लिए और नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन विभाग लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा है।



वाहन चेकिंग के दौरान यात्री कर अधिकारी होरीलाल वर्मा ने रोडवेज बस अड्डा से आम्बेडकर पार्क और ज्वालानगर से रेलवे पुल तक अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों की चेकिंग की।
इस दौरान उन्होंने वाहनों को रोककर उनके प्रपत्रों की जांच की। बिना फिटनेस, बिना परमिट और बिना बीमा के दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई की। साथ ही क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों पर भी जुर्माना लगाया। चेकिंग अभियान के दौरान यात्रीकर अधिकारी ने 05 यात्री वाहनों को पकड़कर रोडवेज बस अड्डा के परिसर में सीज किया तथा 07 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की।

# हत्या आरोपी किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** पुलिस द्वारा एक हत्या आरोपी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।
पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक द्वारा आज एक नफर अभियुक्त अशोक पुत्र बालकराम निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित मु.अ.सं. 403/25 धारा 103(1)/238/3(5) बीएनएस को रठोण्डा चौराहा से मुखविर की सूचना पर थाना पुलिस द्वारा समय 11.05 बजे नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया।
उल्लेखनीय है कि वादिनी प्रभा पत्नी स्व. सत्यवीर निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर की दाखिला तहरीर के आधार पर अभियुक्त गण जितेन्द्र,अशोक पुत्र गण बालकराम निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर के द्वारा दिनांक 06.09.25 को किसी समय वादिनी के पति सत्यवीर को कम्बाईन पर साथ चलने के लिये बहला फुसलाकर ले जाना व ओर हत्या कर शव को राधा श्यामी सत्संग के पास रोड किनारे फेक देने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु.अ.स. 403/2025 धारा 103(1)/238/3(5) बीएनएस दिनांक 07.09.2025 को समय 16.54 बजे पर पंजीकृत किया गया है। जिसमे गिरफ्तार अभियुक्त वांछित था। गिरफ्तार अभियुक्त को मा. न्यायालय रामपुर भेजा गया।

# बंदर की करंट से मौत, सफाई कर्मी ने शव कूड़े में दबाया

- ईओ ने पांच दिन का वेतन काटने की निर्देश दिए
- बंदर का अंतिम संस्कार न होने पर भड़के हिंदू संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत के सफाई कर्मी ने बंदर के शव को कूड़े के ढेर में दवा दिया जिससे हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने मुक्त कर्मचारी का पांच दिन का वेतन रो. कने के निर्देश जारी किए हैं। बंदर की करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौतलब है कि नगर के मुख्य बाजार स्थित कूड़े के ढेर में बंदर का शव पड़ा हुआ था सफाई कर्मी ने बंदर के शव को कूड़े के देर में दवा दिया था। कुछ दुक. ानदारों ने इस मामले की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। वीडियो वायरल होने पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने सफाई कर्मी का 5 दिन का वेतन रो. कने के निर्देश दिए हैं। इधर बंदर के शव के साथ अपमानजनक की स्थिति होने पर बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने नारा. जगी जताते हुए कहा कि बंदर के शव को कूड़े के ढेर में नहीं दबाना चाहिए था उसकी विधि विधान रूप से अंतिम संस्कार करना चाहिए था। यदि नगर पंचायत प्रशासन ने बंदर के शब्द का विधि विधान से अंतिम संस्कार नहीं किया तो बजरंग दल कार्यकर्ता आंदोलन आत्मक कदम उठाने को विवश होंगे।

# छात्राओं को कौशल विकास से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने को किया गया प्रेरित

- महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाये जा रहा जागरुकता अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के अंतर्गत चलाये जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा सातवें दिन उच्च शिक्षा व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कन्या इंटर कॉलेज किला परिसर में किया गया।
कार्यक्रम के माध्यम से सभी उपस्थित छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि बालिका आर्थिक रूप से मजबूत बनकर स्वावलम्बी जीवन जी सके। छात्राओं को बताया गया कि पढ़ाई के साथ-साथ कोई ऐसा हुनर अवश्य सीखें, जिसके प्रयोग से भविष्य में अपना जीवन सही तरीके से जी सके।
इसके लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र पॉलिटेक्निक विद्यालय आदि की जानकारी दी गई साथ ही साथ महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में बताया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर ,आदि का प्रचार प्रसार कर सभी को जागरूक किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित समस्त टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जैसे 112,181,1076 ,1090 इत्यादि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## एक नजर

### इंटर कॉलेज में एचआईवी एवं वायू प्रदूषण से संबंधित कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** धमोरा बुधवार को पीएम श्री इंटर कॉलेज धमोरा में एचआईवी एवं वायु प्रदूषण से संबंधित कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे डॉक्टर सैयद शाहनवाज खान ने एचआईवी के बारे में इंटर कॉलेज में आए छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने एक दूसरे से फैलने से इस बीमारी से कैसे बचा जा सकता है।
यह भी बताया इसके बाद वायु प्रदूषण के बारे में दी गई जानकारी और वायु प्रदूषण होने से क्या-क्या बीमारी हो सकती है। इससे कैसे बचा जा सकता है आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई डॉक्टर शाहनवाज खान के साथ डॉक्टर शेर सिंह, कुसम यादव, डॉक्टर अशोक कुमार एवं पीएम श्री इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सहित सहायक अध्यापक धीरज भटनागर एवं समस्त स्टाफ कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### भूड़ा आश्रम मेले में सैफनी पत्रकार एसोसिएशन ने पेश की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में भूड़ा आश्रम में चल रहे ऐतिहासिक किसान मेले में इस बार सैफनी पत्रकार एसोसिएशन की एक अनूठी पहल ने सभी का ध्यान खींचा। एसोसिएशन ने न सिर्फ मेले में आए श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया, बल्कि उनकी मदद के लिए भी विशेष व्यवस्था की। घ्यह पहली बार है जब किसी पत्रकार संगठन ने इस तरह से किसी मेले में आने वाले लोगों का स्वागत किया है। इस पहल की लोगों ने जमकर सराहना की और इसे पत्रकारों और जनता के बीच बेहतर संबंधों को स्थापित करने की दिशा में एक अच्छा कदम बताया है।
एसोसिएशन ने मेले में कई जगहों पर बड़े-बड़े बैनर लगाए हैं, जिन पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदनश जैसे संदेश लिखे हैं। इन बैनरों पर एसोसिएशन के सभी पत्रकारों के मोबाइल नंबर भी दिए गए हैं ताकि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी भी तरह की परेशानी होने पर वे उनसे सीधे संपर्क कर सकें।
एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि यह मेला सिर्फ आस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। उनकी यह पहल मेले की गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ एक सकारात्मक संदेश भी दे रही है। यह मेला दिन-रात चलता रहता है, जिससे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। इस मेले में दूर-दराज के गाँवों से बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं।

### गन्ना समिति की दुकानों के आवंटन के समय किया गया अनुबंध लागू हो : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने सचिव गन्ना समिति मिलक को भेजे पत्र में कहा है कि गन्ना समिति मिलक की भूमि मोहल्ला अस्दुल्लापुर मिलक में स्थित है जिसका गाटा संख्या 84 है।
उक्त भूमि में गन्ना समिति की आय बढ़ाने एवं आम जनता के लोग अपना रोजगार करके अपनी आजीविका चला सकें इस उद्देश्य से कुछ दुक. ानों का निर्माण मेन रोड़ मिलक में कराकर उनका आवंटन किया गया था तथा उनका किराया भी निर्धारित किया गया था।
आवंटन के समय में एक अनुबंध किया जाता है जिसमें स्पष्ट होता है कि यह दुकानें केवल किराए पर दी जा रही हैं इनका मालिकाना हक पूरी तरह से गन्ना समिति मिलक का ही होगा। तथा प्रत्येक दुकानदार आवंटित की दुकान में सिर्फ और सिर्फ अपना ही व्यापार करेगा, लेकिन किन्हीं कारणवश अगर कोई आवश्यकता होती है तो दुकानदार अपने व्यापार में किसी अन्य व्यक्ति को अपना सहभागी बना सकता है। लेकिन किसी भी दशा में दुकान को किराए पर या अन्य किसी भी व्यक्ति को धन लेकर दुकान को नहीं दिया जा सकता है।
जानकारी प्राप्त हुई है कि गन्ना समिति मिलक की दुकानों में से एक दुकान को असली आवंटित किए गए व्यक्ति के द्वारा एक दुकान को एक नए व्यक्ति को बेच दिया गया है या फिर उसे किराए पर दिया गया है। इसकी पूरी जाँच की जानी चाहिए, क्योंकि जिस व्यक्ति को यह दुकान पूर्व में आवंटित की गई है उस व्यक्ति के द्वारा न तो स्वयं का व्यापार किया जा रहा है और न ही व्यापार में कोई सहभागिता की जा रही है।
पत्र में आग्रह किया गया है कि उक्त पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और गंभीरता पूर्वक जांच कराई जाए, अगर जांच में हमारी शिकायत सही पाई जाए तो उक्त दुकान का आवंटन निरस्त करते हुए पुन: नया आवंटन किया जाए, जिससे कि अन्य किसी भी जरूरत मंद व्यक्ति को दुकान मिल सके। और पूर्व में किए गए अनुबंध का पालन कराया जा सके।

# भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने किसानों की उठाई समस्या

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा और कार्रवाई की मांग की है।
मंगलवार को भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोहन प्रकाश के नेतृत्व में तमाम किसान खंड विकास कार्यालय स्वार पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया है की भारी बारिश में जो किसानों की हानि हुई है इसका सर्वे कराया जाए और किसानों को उसका मुआवजा दिया जाए गन्ने का समर्थन मूल्य 500 किया जाए और समय पर गन्ना मिलों को चालू किया जाए जिससे किसानों को ओने पोने दामों पर गन्ना कोलुहों पर बेचने के लिए बाध्य न होना पड़े। रवि की फसल की बुवाई के लिए किसानों को समय पर समितियां से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए जिससे किसानों को आर्थिक शोषण से बचाया जाए। निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए जिससे किसानों का फसली नुकसान ना हो सके और फसलों को बचाया जा सके। ज्ञापन देने वालों में सेमरा रहमतगंज के ग्राम प्रधान सुरेश कुमार दिवाकर, सुरजीत सिंह, राजेंद्र, मकसूद अहमद, सुरेंद्र सिंह, रमेश कुमार, दुर्गेश सिंह आदि शामिल रहे।

# भूड़ा स्वर्ग आश्रम में चल रहे मेले में राष्ट्रीय एकता विराट दंगल में पहलवानों की कुश्तियां बनी मिशाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में स्थित गुरुवाला सिद्ध भूड़ा मणि स्वर्ग आश्रम पर चौथे दिन बुधवार को राष्ट्रीय एकता विराट दंगल में महिला पहलवान की हुई कुश्ती ने लोगों का एक विशेष आकर्षण का केंद्र बना। जिसमें अकरम अंसारी पहलवान कश्मीर ने अनिल पहलवान कुरुक्षेत्र को धर पछाड़कर अपनी जीत हासिल की और चिमचिम डोगरा आदिवासी भूटान ने तूफान पहलवान को चित कर जीत हासिल की व शास्त्री पहलवान देहरादून ने देवा पहलवान बनारस को चित कर जीत हासिल की।
वहीं अंजलि पहलवान दिल्ली की कुश्ती काजल पहलवान हरियाणा से हुई कुश्ती बराबर रही तथा बिल्ला पहलवान राजस्थान को जे पी यादव एस एच ओ अमरपुरकाशी ने धर पछाड़कर अपनी जीत हासिल की। दंगल में देखने बालों की भारी संख्या में भीड़ भाड़ बनी रही। वहीं चल रहे मेले में झूले सर्कस आदि का लोग ने लुफ्त उठाया और मीना बाजार में भी कुछ खरीददारों की भीड़ देखने को मिली। वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा अपनी पुलिस फोर्स के साथ विराट दंगल में पहुंचे और जायजा लेते हुए मेले में पहुंचकर किया। निरीक्षण दंगल में उपस्थित दंगल ठेकेदार आकाश सक्सेना, संच. ालक दिवाकर शर्मा, गौरव भटनागर, टिंकू यादव, त्रिमल सैनी, संजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# अग्रवाल सभा रामपुर में उत्सवपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ निर्विरोध चुनाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर की प्रतिष्ठित संस्था अग्रवाल सभा रामपुर (रजि.) का चुनाव इस बार खासा उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम उत्सव पैलेस कोसी मंदिर मार्ग पर आयोजित किया गया, जहाँ सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी वीरेंद्र गर्ग की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई और उसके बाद सभी का सर्वसम्मति से चयन कर लिया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।
इस चुनाव में संरक्षक के रूप में प्रमोद कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष पद पर प्रवेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष के रूप में शरद गुप्ता और गिरिराज सरन अग्रवाल, महामंत्री पद पर डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, मंत्री पद पर ईश्वर सरन अग्रवाल और दीपक जिंदल, कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. सुमित गोयल, भंडार मंत्री के रूप में सचिन सिंघल तथा ऑडिटर के रूप में सीए सौरभ अग्रवाल निर्विरोध चुने गए।
चुनाव के बाद सभा परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। वरिष्ठ सदस्य व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं और समाज की सेवा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।
निवर्तमान अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने बताया कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि हमने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया। मैं नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि संस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए पूरी मदद करूंगा। समाज सेवा में नई ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए।
नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवेश अग्रवाल ने कहा कि मैं समाज द्वारा प्रदत्त इस विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता हूं। हमारा उद्देश्य सामाजिक एकता, शिक्षा, सेवा और जनकल्याण के लिए कार्य करना है। हम सभी मिलकर अग्रवाल समाज की प्रगति और युवाओं के उत्थान के लिए योजनाएँ तैयार करेंगे। हम पारदर्शिता, समर्पण और सहयोग के साथ काम करेंगे।
महामंत्री डॉ. अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, मैं उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊँगा। समाज के हर वर्ग तक मदद पहुँचाना और पारिवारिक जुड़ाव बढ़ाना हमारी प्राथमिकता होगी। हम सभी मिलकर एक बेहतर, संगठित और सशक्त समाज की दिशा में काम करेंगे।
समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित सदस्यों ने एकता और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

### लोन ठगी का सनसनी खेज मामला

# पुत्र और परिवार ने रची साजिश, 19 महिलाओं के साथ लाखों की चपत!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा में एक चौंकाने वाली ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक पिता ने अपने ही पुत्र और परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।
गांव निवासी निसार पुत्र छोटे अली ने आरोप लगाया है कि उसके पुत्र एहसान ने गलत संगत में पड़कर उसके मोबाइल नंबर का दुरुपयोग किया और दर्जनों महिलाओं के साथ लाखों रुपये की ठगी की साजिश रची।
निसार के अनुसार, बेटे एहसान ने उसके मोबाइल से प्राप्त ओटीपी का इस्तेमाल करते हुए ग्राम लांबाखेड़ा की 19 महिलाओं मिथलेश, चंद्रा देवी, सीमा, जायदा, नाजरीन, रुकसार, बब्बो, रेशमा, शौकीन, संत. रेश, शोभा, रुबीना, सैयदा, संजीदा, गुलनाज, हसरत जहां, नसरीन, मो. बिना और गीता के पहचान पत्र लेकर निजी कंपनी सोनोटा फाइनेंस से उनके नाम पर लोन कराया। इसके बाद लोन राशि को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर ठगी की गई। यह खुलासा तब हुआ जब सोनोटा फाइनेंस कंपनी ने निसार को लोन की वसूली के लिए नोटिस भेजा।
शिकायत में निसार ने अपने पुत्र एहसान, भाई इसरार अली, मोहम्मद रजा, इशरत जहां, सत्तार और दानिश समेत परिवार के अन्य सदस्यों पर संगीन आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिलाओं ने भी इस धोखाधड़ी से नाराजगी जताई है।प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोदी सरकार उद्योगों के विकास को प्रतिबद्धः बी एल वर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** होटल हॉलिडे रेजीडेंसी में रामपुर मेंथा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा मिंट/मेंथा को 5 प्रतिशत के जी एस टी स्लैब में लाने, कृतिम मेंथा को 18 प्रतिशत के स्लैब में रखने, एवं दोनों का अलग अलग एच एस एन कोड बनाने के वित्तमंत्रालय, जी एस टी कॉउन्सिल के निर्णय हेतु आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने यह विचार रखे। वर्मा ने कहा कि मेंथा उद्योग से लगभग 40 लाख किसान जुड़े हुए है एवं लगभग 1 लाख एम एस एम इ इकाइयां जुड़ी है, यह उत्तर प्रदेश का प्रमुख निर्यात उद्योग है विशेषकर रों. हलखंड इसका केंद्र है। गत कुछ वर्षों से कृतिम मेंथा आने से इस उद्योग पर संकट के बादल छाए हुए है ,केंद्र सरकार के इस निर्णय से इस उद्योग में दोबारा उत्साह का वातावरण बन गया है और किसान इसकी फसल अधिक




बोएंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री वी एल वर्मा ने इसके लिए अत्यधिक प्रयास किया एवम विषय को उच्च स्तर पर रखा। मंत्री जी को इस कार्य के गंभीर प्रयास हेतु उद्यमी ,निर्यातक एस के गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उनका आभार व्यक्त किया गया। सभा को संबोधित करते हुए रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मोदी सरकार में उद्यमी, निर्यातक निर्भीकता से अपना उद्योग चला रहे है, सरकार उद्यमियों के लिए बहुत तरह के प्रोत्साहन,सब्सिडी दे रही है ,सुरक्षा का वातावरण दे रही है। नई उद्योग नीति लाई गई है। सरकार किसानों एवं उद्यमियों व्यापारियों के हितों से कोई समझौता नही कर रही,इनके लिए सरकार ने अमेरिका से भी समझौता नही किया है।

सरकार देश को तृतीय सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रही है। यह नया भारत है। पूर्व सांसद सत्यपाल सैनी ने भी संबोधित किया एवं मोदी सरकार की उद्यमियों, व्यापारियों के लिए मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

मीटिंग मे योगेश दुबे एफ ए एफ ए आई के के प्रेसिडेंट, एफ एफ डी सी के डायरेक्टर शक्ति विनय शुक्ला , उद्यमी प्रतीश गुप्ता , मेंथा निर्यातक, अमृत कपूर पूर्व चेयरमैन ,फूल प्रकाश , अरविंद नंदा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता ,ने संबोधित किया। मीटिंग में भाजपा के डॉ विशेष गुप्ता एवं राजू कालरा भी उपस्थित रहे। मीटिंग में विशेष प्रयासों हेतु प्रतीश गुप्ता को मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

मीटिंग में रामपुर मेंथोल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष संचित गुप्ता ने उद्योग की समस्याएं मंत्री के सम्मुख रखी और उनके निदान की मांग रखी।

मीटिंग का संचालन इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने किया।

मीटिंग में दिल्ली,गाजियाबाद, नोएडा, रामपुर, मुरादाबाद ,संभल, चंदौसी, बाराबंकी आदि से उद्यमिओं एवं निर्यातकों ने भाग लिया।

मीटिंग में रमेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता , उमेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, विनीत गुप्ता, शकुन गुप्ता, नितिन अग्रवाल,अमित अग्रवाल ,वत्सल अग्रवाल,वत्सल अग्रवाल,लक्ष्य गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा की टीम ने श्री राधाकृष्ण की तस्वीर देकर किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** सोमवार को रामपुर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे रामपुर द्वारा आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा और विधायक एमएलसी सुभाष यदुवंशी के द्वारा संबोधित किया गया।

जिसमें भाजपा युवा मोर्चा स्वार ग्रामीण मंडल की टीम के द्वारा अतिथियों को श्री राधा कृष्ण की तस्वीर देकर स्वागत किया गया। वहीं वक्ताओ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएं जीवंत रहती हैं। इस भव्य और सफल आयोजन के लिए आयोजक और




सभी सहभागी जनों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।
कार्यक्रम में राज्य मंत्री गिरीश यादव , जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल उपस्थित रहे। तस्वीर भेंट करने वाले जिला सदस्य यूवा मोर्चा चमन मौर्य, मंडल अध्यक्ष युवा राजेश यादव, संजय कश्यप, परमिंदर मौर्य, मनवीर यादव रहे।

# अपना दल एस की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** बुधवार अपना दल (एस) की विधानसभा क्षेत्र स्वार टांड की मासिक समीक्षा बैठक विधानसभा अध्यक्ष शरीफ जमील की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य अतिथि जिला सचिव हाजी महबूब ने



पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 4 नवंबर को जिला मुख्यालय पर पार्टी का स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम मनाया जायेगा। सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार करें और सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों से शामिल होने का अनुरोध करें।
विधानसभा अध्यक्ष शरीफ जमील ने कहा कि पंचायत चुनाव की तैयारी में सभी पार्टी पदाधिकारी जुट जाएं। बैठक का संचालन करते हुए नगर अध्यक्ष अहमद नवी सैफी जी ने कहा कि टांडा नगर से बड़ी संख्या में लोगों को सम्मेलन में लेकर जाने का लक्ष्य सभी नगर कमेटी के पदाधिकारियों को दिया जायेगा।बैठक में जिला महासचिव अल्पसंख्यक मंच जाविर मेम्बर,जोन अध्यक्ष अकवर अली,ओम प्रकाश सैनी, लियाकत नवाज डालचंद सैनी, राज. कुमार वाल्मीकि आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ प्रथम मॉडल यूनाइटेड नेशन्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहली बार मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) का सफल आयोजन किया गया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी)की कार्यवाही का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चर्चा का विषय सस्टेनेबल रिन्यूएबल एनर्जी और क्लाइमेट चेंज रहा।
कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 15 विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। स्कूल के बच्चों ने भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, चीन, यूनाइटेड किंगडम, रूस, फ्रांस,



जर्मनी, कनाडा, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि देशों के प्रतिनिधिमंडल तैयार कर संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर फुजैल सिद्दीकी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की चेयरपर्सन की भूमिका निभाई जबकि जन्नत रऊफ वाइस चेयरपर्सन रहीं। नुमैरा और अलहम्द ने रैपॉर्टर्स के रूप में कार्य करते हुए पूरी कार्यवाही को संकलित किया। प्रतियोगिता में चीन को बेस्ट डेलीगेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।
इस टीम में कक्षा 12 के विद्यार्थी अबू हम्जा और सामिया खान शामिल थे।अबू हम्जा को बेस्ट रिसर्चर एवं बेस्ट डेलीगेट दोनों पुरस्कार प्राप्त हुए। इस आयोजन के टीचर कोऑर्डिनेटर्स डॉ. नुशीन नुसरत और असमा शाहिद रहीं, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, और प्रधानाचार्य एन. के. तिवारी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चिंतन करने का अवसर प्राप्त होता है तथा वे वैश्विक नागरिक बनने की दिशा की ओर अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, हेड मिस्ट्रेस परवीन खान, सुष्मिता आदित्य, फिरोज हैदर, मंनदीप सिंह, एहतेराम अली, मुर्तजा अली, फैजान खान, उबैद खान, विक्रांत गुप्ता, मो. सादिक,मुदित शर्मा आदि सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# अनट्रैड लड़कियों के सहारे चल रहा है सक्लेनी नर्सिंग होम

## महिलाओं की जिन्दगी से हो रहा है खिलवाड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** नगर का सक्लेनी नर्सिंग होम अनट्रैड लड़कियो के सहारे चल रहा आये दिन इस अस्पताल पर अनट्रैड लड़किया जच्चा बच्चा की जिन्दगी से खिलवाड करती रहती है। शिकायत करने के बाद भी इस नर्सिंग होम के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कोई कार्रवाई नही करी इसकी शिकायत जिला अधिकारी से कर इस नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मसवासी बिजार खाता मार्ग पर सक्लेनी नर्सिंग होम है इस नर्सिंग होम पर एमबी बी एस कोई डॉक्टर नही रहता है। इस नर्सिंग होम पर डिलीवरी करने के लिए अनट्रैड लड़किया कक्षा दस व बारहा की छात्रा महिलाओं की डिलीवरी कराती है जो जच्चा बच्चा दोनों की जिन्दगी को खतरा बना रहता है दो महा पूर्व इस नर्सिंग होम पर शिशु के इलाज की व्यवस्था न होने के कारण एक शिशु की मौत भी हो चुकी है अगले दिन महिला की भी मौत हो गई थी मामला पैसे ले देकर रफा दफा कर दिया गया। इस नर्सिंग होम पर मरीजों के लिए कोई सुविधा नही है इस नर्सिंग होम की पूर्व मे भी शिकायत की गई लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कोई कार्रवाई नही की इसकी शिकायत नगर निवासी नवेद हुसैन ने जिला अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिला अधिकारी अमन देवल से कर कार्रवाई की मांग की है।

# अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे दो वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता


**मसवासी।** चौकी पुलिस ने दो अलग-अलग गांव से विभिन्न अपराधों में वांछित दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चौकी पुलिस ने धार दार हत्यार से चोट पहुंचाने में नाम जद अभियुक्त इश्तिकार पुत्र दिलावर निवासी मौलागढ़ को गिरफ्तार किया है वह मारपीट के मामले में वांछित चल रहा था और न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था । न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने उसे बुधवार को घर से ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से जेल भेज दिया गया है।

दूसरी तरफ पुलिस ने कोसी नदी क्षेत्र से अवैध रूप से खनन के मामले में वांछित चल रहे गांव घोस. ीपुरा निवासी आजम खान पुत्र अफसर अली खान को उसके घर से गिरफ्तार कर ले में पेश किया उसके खिलाफ भी न्यायालय ने वारंट जारी किया था पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पैर फिसल कर नदी में गिरी छात्रा का दो दिन बाद मिला शव, मचा कोहराम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहबाद।** रामपुर पटवाई थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाबनगर कनौबी गांव निवासी डालचंद की 15 वर्षीय किशोरी निशू दो दिन पूर्व खेत से अपनी चाची और गांव की लड़कियों के साथ घास काटने खेत पर गई थी, घास काटने के दौरान पैर फिसलने से किशोरी कोसी नदी में गिरकर बह गई। पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ और लोकल गोताखोरों ने दो दिनों तक किशोरी की तलाश में रात दिन एक कर दिया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। दो दिनों से छात्रा को पानी में खोज रही एसडीआरएफ की टीम ने छात्रा के शव को बुधवार सुबह शाहबाद रामग. ंगा पुल के पास ढकुरिया गांव के नीचे



से पानी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पानी से निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा के पिता ने बताया कि उनके पांच बच्चों में निशू बड़ी बेटी थी और राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा थी।

# अध्यक्ष ने जागौश व शबगा गांव में जाकर किसानों का जाना हाल-चाल



शाह टाइम्स संवाददाता

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश व शबगा गांव में यमुना नदी के किनारे जाकर बडौत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदपाल पवार एडवोकेट ने गांव के लोगों के साथ मिलकर यमुना नदी का निरीक्षण किया। गांव के किसानों का हाल-चाल जाना और कहा कि जल्दी ही वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं का समाधान करने की मांग करेगा। गांव के लोगों ने भी वेदपाल पवार अध्यक्ष की बातों का समर्थन करते हुए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आहवान किया। अध्यक्ष वेदपाल ने बताया कि शबगा व जागौश गांव के किसान भुखमरी के कगार पर आ गये है। उनके सामने अब रोजी-रोटी तक का संकट पैदा हो गया है। गांव के समस्त किसान भूमिहीन हो गए हैं। किसानो की हजारों बीघा जमीन में खड़ी गन्ने की फसल यमुना नदी में बह गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानो के नुकसान की भरपाई करने का कष्ट करें ताकि किसानो को कुछ राहत मिल जाए।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बरेली।**
कार्यालय का पता :-विकास भवन, बरेली।

(ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा)

पत्रांक :-1532 /ग्रा0अ0वि0/निविदा/2025-26/ दिनांकः- 22.08.2025

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :-

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :-

| क0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | बरेली के ग्राम पीपल गौटिया में देशराज के मकान से पुलिया की ओर सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0-क्यारा) | 15.896 | 31800.00 | 854.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | बरेली के ग्राम नकटिया में राकेश पांडे के मकान से कल्लू बेकरी वाले के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0-बिथरीचैनपुर) | 10.447 | 20900.00 | 854.00 | 03 माह |
| 03 | बरेली | बरेली के ग्राम चकरपुर में तालेवर के मकान से बाबूराम के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0-आलमपुर जाफराबाद) | 17.940 | 35900.00 | 854.00 | 03 माह |
| 04 | बरेली | बरेली के ग्राम मंझा में प्रा0वि0 से धर्मशाला तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0-क्यारा) | 20.439 | 40900.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 05 | बरेली | बरेली के ग्राम कांधरपुर मदन कश्यप वाली गली में धर्मप्रकाश के मकान से वीरपाल साहू के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0-क्यारा) | 13.294 | 26600.00 | 854.00 | 03 माह |
| 06 | बरेली | बरेली के ग्राम बिरिया नारायनपुर में मंदिर के किनारे वेदराम कश्यप के मकान से दरोगा सिंह के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0-क्यारा) | 14.473 | 29000.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 12.09.2025
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 13.10.2025 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 13.10.2025, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें। अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।


नोट :- उपरोक्त समस्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UPID-237573, DATE-09/09/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# मां ने अपने ही बच्चों की हत्या कर खुद को लगाई फांसी

## शहर में रहने की जिद को लेकर आए दिन होता था पति-पत्नी का विवाद, घटना से पूरे गांव में सनसनी



तेज कुमारी मां | बेटी किट्टो | बेटी गुंजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** जनपद बागपत के टीकरी गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जिसतें 3 बच्चों की हत्या करने के बाद एक महिला ने अपनी जान दे दी। मंगलवार देर रात महिला ने पहले अपने तीनों बच्चों का चुन्नी से गला घोटा, फिर खुद फंदे से लटक गई। उस वक्त पति घर के बाहर सो रहा था। मामला टीकरी के भोजपुरी पट्टी का है। पत्नी बच्चों को लेकर शहर में रहने की जिद कर रही थी, लेकिन पति इसके लिए राजी नहीं था। आए दिन पति-पत्नी में इसको लेकर विवाद होता था। एक दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच इसी मुद्दे को लेकर झगड़ा हुआ था। पड़ोसी बताते हैं कि 24 घंटे से दोनों के बीच बातचीत नहीं हुई थी।

टीकरी गांव का रहने वाला विकास, दिल्ली में एक ट्रैवेल एजेंसी में बस का ड्राइवर था। वह टूरिस्ट बस चलाता था। विकास की पहली शादी 12 साल पहले शामली की युवती से हुई थी, लेकिन ढाई साल बाद दोनों में तलाक हो गया था। दोनों की दो बेटियां थीं जिन्हें पत्नी साथ में लेकर चली गई थी। गांव के लोग बताते हैं कि टूरिस्टों को लेकर विकास विभिन्न शहरों में आता-जाता रहता है। एक टूर के दौरान ही विकास की मुलाकात पंजाब में तेज कुमारी से हुई थी। तेज कुमारी अपने साथ बेटी गुंजन को लेकर आई थी। मुलाकात के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और फिर शादी का फैसला किया। दीपक ने तेज. कुमारी के साथ आई बच्ची गुंजन को अपना लिया था। करीब सात साल पहले विकास ने तेज कुमारी से शादी कर ली। विकास उसे लेकर गांव आ गया। दोनों साथ रहने लगे। तेज कुमारी को दो साल पहले एक बेटी हुई, जिसका नाम किट्टो रखा। पांच महीने पहले मीरा को जन्म दिया। गांव के लोग बताते हैं कि पिछले कुछ दिनों से विकास और तेज कुमारी के बीच कफी झगड़ा होता था। तेज कुमारी, शहर में रहने की जिद कर रही थी। दोनों के बीच लगातार इसको लेकर झगड़ा होता था। पति शहर में रहने को राजी नहीं था। विकास ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी गुंजन मुजफ्फरनगर के शाहपुर गांव में भतीजी के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी। 12 सितंबर को उसका जन्मदिन था। इसी वजह से तेज कुमारी 8 सितंबर को स्कूटी से शाहपुर गई और गुंजन को साथ लेकर घर आई। उसने विकास से कहा था कि जन्मदिन की तैयारी पहले ही कर लेंगे। परिवार उसी की तैयारी में जुटा था। सोमवार किसी बात. चीत के दौरान पति-पत्नी दोनों में एक बार फिर शहर जाने को लेकर झगड़ा हो गया। विकास ने साफ कहा-वह शहर जाकर नहीं रहेगा। इसके बाद पति-पत्नी के बीच बातचीत बंद हो गई। मंगलवार की रात में तेज कुमारी ने सबको खाना खिलाया। पति खाना खाकर बाहर सोने चला गया। इसके बाद उसने अपनी बेटी गुंजन 7वर्षीय, बेटी किट्टो 2वर्षीय और पांच महीने की बेटी मीरा का गला चुन्नी से घोंट दिया।

तीनों बच्चों की जब मौत हो गई, उसके बाद तेज कुमारी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। देर रात में पति की नींद खुली तो वह पानी पीने घर में आया। कमरे में झांका तो देखा, तीनों बच्चों के शव पड़े थे। उसकी पत्नी फंदे से लटकी है। वह चिल्लाकर गांव के लोगों को बुलाया। पड़ोस में रहने वाले एक लड़के को रोशनदान से अंदर उतारा गया।

वह अंदर से बंद दरवाजे को खोला। तबतक पुलिस पहुंच चुकी थी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। फिर चारों शव कमरे से बाहर निकाला गया। एसपी सूरज कुमार राय ने बताय कि मृतक महिला अपने बच्चों को शहर ले जाना चाहती थी, इसी वजह से पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद हो रहा था। पिछले 24 घंटे से दोनों के बीच बातचीत भी बंद थी। इसी तनाव के चलते महिला ने कमरे में अपनी तीनों बच्चियों को बंद कर दिया।

# रटौल में लगे स्वास्थ्य शिविर में की गई 150 मरीजों की जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**रटौल।** बुखार के प्रकोप को देखते हुए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 150 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईयां वितरित की गई।

रटौल में बुखार के चलते एक बच्ची और एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी, जिसको गम्भीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रटौल पहुंच एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जिसमे मरीजों की जांच करते हुए डाक्टर गौरव ने बताया कि ज्यादातर मरीज वायरल जुकाम, खांसी से पीड़ित मिले। उन्होंने लोगो से घरो के आस पास खाली जगहों पर पानी इखट्टा न होने देने की अपील की। शिविर में 150 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईयां वितरित की गयी। शिविर में फार्मेसिस्ट परविन्द्र, अनिल कुमार, आशा राठी, महबूब अंसारी सभासद, ताहिर, नूरहसन आदि ने सहयोग किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)।**

पत्रांक: 6063(3)/XXIII 2025-26 दिनाँक: 10/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सहसवान (बदायूँ) के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आई0टी0/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स / कान्ट्रैक्टर्स / वेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि विधायक निधि योजनान्तर्गत माननीय विधायक श्री ब्रजेश यादव जी द्वारा प्रस्तावित 16 सेमी हाई मास्ट लाइट (एल0ई0डी0) पोल सहित अधिष्ठापन/निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है-

**टेण्डर शेड्यूल (Tendor Schedule)**

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ का दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनाँक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | 11.09.2025 (10:00 AM) | ------ |
| 02 | Tender Download | 12.09.2025 (11:00 AM) | 18.09.2025 (12:00PM) |
| 03 | Bid Submission | 12.09.2025 (11:00 AM) | 18.09.2025 (05:00PM) |
| 04 | Bid Opening | 19.09.2025 (10:00 AM) | |
| 05 | Bid Opening Place | Office of the Nagar Palika Parishad Sahaswan | |

समस्त निविदादाताओं को निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि पालिका के भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सहसवान में संचालित खाता सं0-11619510099 (IFSC Code SBIN0000746) में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के द्वारा जमा किया जायेगा उक्त वेबसाइट निविदा सम्बन्धी विस्तृत नियम व शर्तो का विवरण उपलब्ध है, निविदाताओं हेतु निविदा संशोधन सूचना www.e-tender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जायेगा। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

(डॉ0 राजेश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0, सहसवान।

(मीर हादी अली उर्फ बाबर मियाँ)
अध्यक्ष
न0पा0परि0, सहसवान।

# बिश्नोई-अर्शदीप की रैंकिंग में सुधार

**टी-20 रैंकिंग में रवि बिश्नोई छठे स्थान पर और अर्शदीप सिंह 10वं स्थान पर पहुंच गए, बल्लेबाजों में अभिषेक शीर्ष पर बरकरार**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में यूएई के खिलाफ अभियान शुरू करने से पहले भारतीय गेंदबाजों को आईसीसी की जारी नवीनतम टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। स्पिनर रवि बिश्नोई और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह क्रमश: छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अर्शदीप एशिया कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान पर हैं, जबकि एक अन्य भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल भी एक स्थान के फायदे के साथ 13वें स्थान पर आ गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। )तुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पांड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक आलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय सीरीज की समाप्ति के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती थी। वनडे रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है।



### आर्चर पुरुष वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

# युमा को हरा क्वार्टरफाइनल में निखत

**● विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में निखत जरीन ने जापान की युमा निशिनाका को 5-0 से दी मात, मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश भी टॉप-8 में पहुंचे**

**लिवरपूल, वार्ता।** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की युमा निशिनाका को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। निखत के अलावा मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश जामवाल भी क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। निखत का इस साल का पहला इवेंट 29 साल निखत के लिए यह इस साल का पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

पहले राउंड में जापानी खिलाड़ी ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन निखत ने अपनी लय बनाए रखी और जीत हासिल की। मैच के दौरान युमा ने निखत के रिदम को तोड़ने के लिए अत्यधिक क्लिंचिंग (गले लगाकर रुकने) की कोशिश की, जिसके कारण उन्हें दो पेनल्टी पाइंट्स का नुकसान हुआ। निखत ने जापानी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और सर्वसम्मति से जीत हासिल की। 48 केजी में मीनाक्षी ने चीनी खिलाड़ी को हराया निखत के अलावा अन्य भारतीय बाक्सरों ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने चीन की वांग क्यूपिंग को 5-0 से हराया। जबकि जदुमणि (57 किग्रा) ने इंग्लैंड की रीडशा रीस को 5-0 से पराजित किया। वहीं, अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने डोमिनिकन गणराज्य के पीटर यनोआ फर्नांडो डी जीसस को 5-0 से मात देकर अगले दौर में जगह पक्की की।



# 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जा सकता है पुरुष टी-20 विश्व कप 2026

**● टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेले जाने की संभावना है। इस टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी।

ये मुकाबले भारत में कम से कम पांच और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे। फाइनल अहमदाबाद या कोलंबो में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान फाइनल खेल रहा है या नहीं। भारत और पाकिस्तान वर्तमान में दोनों सरकारों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेल रहे हैं। आईसीसी अभी भी कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहा है, वहीं ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उसने समय सीमा तय कर ली है और भाग लेने वाले देशों को सूचित भी कर दिया है। इसका प्रारूप वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2024 में खेले गए पुरुष टी-20 विश्व कप जैसा ही होगा, जहां 20 टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में विभाजित किया गया था और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर आठ दौर के लिए क्वालीफ़ाई करेंगी। यहां एक बार फिर आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक सुपर आठ समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारत मौजूदा चैंपियन है, जिसने बारबाडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। पूरे टूर्नामेंट में 55 मैच खेले गए थे। वर्तमान में, 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए 15 टीमों की पुष्टि हो चुकी है: भारत, श्रीलंका, अफग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड्स और इटली। इटली ने पहली बार विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई किया है। शेष पांच टीमों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालिफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया पैसिफ़िक क्वालिफायर से आएंगी। भारत 2026 के पहले चार महीनों में डब्ल्यूपीएल से शुरू होने वाले कई प्रमुख आयोजनों की मेजबानी कर रहा है, जिनकी तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं।

# जीत के इरादे से खेलेगा बांग्लादेश

**एशिया कप -2025**

**● इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है बांग्लादेश, वहीं हांगकांग को टूर्नामेंट में हार से उबरने के लिए संघर्ष करना होगा**

**अबु धाबी, वार्ता।** शानदार फॉर्म में चल रहा बांग्लादेश गुरुवार को एशिया कप 2025 टी-20 टूर्नामेंट के तीसरे मैच में हांगकांग के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगा।

बांग्लादेश को इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं हांगकांग को टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में मिली हार से उबरने के लिए संघर्ष करना होगा। बांग्लादेश शानदार फॉर्म में है और उसने लगातार तीन टी-20 सीरीज में श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड पर जीत दर्ज की है। तनजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन जैसे खिलाड़ियों से लैस उनका शीर्ष क्रम संयम और आक्रामक रवैये का मिश्रण करता है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज लिटन दास और तौहीद हृदय स्थिरता प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर जैकर अली अंतिम ओवरों में मैच का रुख बदलने में सक्षम हैं। बांग्लादेश की तस्कीन अहमद और मुस्तफिज़ुर रहमान शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। तस्कीन ने पूरे साल प्रभावित किया है और मुस्तफिज़ुर ने चतुराई से विविधताओं से बल्लेबाजो पर अंकुश लगाया है। महेदी हसन, सैफ हसन और रिशाद हुसैन की अगुवाई में बंगलदेश का स्पिन आक्रमण परिस्थितियों का फायदा उठाकर हांगकांग के अनुभवहीन बल्लेबाजी क्रम के सामने चुनौती पेश करेगा। दूसरी ओर, हांगकांग के सामने एक कठिन चुनौती है। उन्हें अपने पहले मैच में अफगानिस्तान के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा है जहां 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वे 94 रनों पर आउट हो गए थे। टीम की जीत की संभावनाए उनके शीर्ष क्रम की तिकड़ी जीशान अली, अंशुमन रथ और बाबर हयात के सामूहिक प्रदर्शन पर टिकी हैं। अंशुमान रथ शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने एशिया पैसिफिक क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान सात मैचों में 274 रन बनाए, जबकि जीशान अली ने 150 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 236 रन जोड़े। बाबर हयात में बल्लेबाजी क्रम में अनुभव और संयम दिखाई देता हैं। यासिम मुर्तजा, आयुष शुक्ला और एहसान खान की अगुवाई में उनके गेंदबाजों को बांग्लादेश के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजो को रोकने के लिए बेहतरीन स्पेल की जरूरत होगी। ऐतिहासिक रूप से शेख जायद स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाजी करने वाली टीमों का दबदबा रहा है और बांग्लादेश ने पिछले नौ टी-20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है। शुरुआत में यह पिच तेज गेंदबाज़ों और स्पिनरों, दोनों के लिए मददगार होती है, लेकिन शाम की ओस बाद में बल्लेबाजी को आसान बना देती है। बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:- परवेज इमोन, तंजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), सैफ हसन, तौहीद ह्रदोय, जेकर अली, महेदी हसन, तन्जीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, रिशाद हुसैन/नासुम अहमद और मुस्तफिजुर रहमान।

## आईओसी ने तीन नए निदेशकों की नियुक्ति की घोषणा की

**जेनेवा, वार्ता।** आईओसी ने अध्यक्ष कार्यालय, संचार और मानव संसाधन विभागों के लिए तीन नए निदेशकों की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की है। जान पैटरसन को आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री के कार्यकारी कार्यालय में 15 सितम्बर से चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया है। जेम्स पीयर्स ने 1 सितम्बर को आईओसी अध्यक्ष के मुख्य संचार सलाहकार का पदभार संभाला। जूलियन बेहनी, मार्च 2026 तक चलने वाले संक्रमण काल के बाद, जेवियर टिसिएरेस के स्थान पर मानव संसाधन निदेशक का पदभार संभालेंगे।

## श्रीलंका ने 2025 महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। अनुभवी ऑलराउंडर चामरी अथापट्टू को कप्तान बनाए जाने के बाद, वह एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगी। हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका सिल्वा और अनुष्का संजीवनी जैसी अनुभवी तिकड़ी उन्हें भरपूर सहयोग प्रदान करेंगी।

**श्रीलंका टीम:** चामरी अथापथु (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वात्सला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

# राउंडग्लास गोल्फ अकादमी का चंडीगढ़ में शुभारंभ

**● यह अकादमी अपने पहले बैच में 19 वर्ष से कम उम्र के 15 होनहार गोल्फरों का नामांकन कर चुकी है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास स्पोर्ट्स ने आधिकारिक रूप से राउंडग्लास गोल्फ अकादमी के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसमें मशहूर कोच जसकीरत ग्रेवाल मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। चंडीगढ़ गोल्फ क्लब जैसी प्रतिष्ठित जगह पर आधारित यह अकादमी अपने पहले बैच में 19 वर्ष से कम उम्र के 15 होनहार गोल्फरों का नामांकन कर चुकी है।

ग्रेवाल भारत के पहले और एकमात्र द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित गोल्फ कोच हैं और उन्होंने शुभंकर शर्मा, युवराज सिंह संधू और करणदीप कोचर जैसे देश के शीर्ष गोल्फरों के करियर को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। अकादमी की प्रतिष्ठा को और बढ़ाते हुए, भारत के नंबर-1 प्रोफेशनल गोल्फर शुभंकर शर्मा ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े हैं, जो अपने बहुमूल्य अनुभव से अगली पीढ़ी के गोल्फरों को प्रेरित और मार्गदर्शित करेंगे। लॉन्च के अवसर पर राउंडग्लास के संस्थापक गुरप्रीत 'सनी सिंह ने कहा कि हम भारत में गोल्फ के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह पहल उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा ध्यान युवा प्रतिभाओं को पोषित करने पर है, जिसके लिए विश्वस्तरीय ढांचा और अनुभवी कोचों व मेंटर्स की टीम उपलब्ध कराई जाएगी। शुभंकर के जुड़ने से इस पहल को और मजबूती मिली है, क्योंकि उनका अनुभव और दृष्टिकोण खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा और सीख का बड़ा स्त्रोत होगा।

अकादमी के पहले बैच में सात लड़कियां और आठ लड़के शामिल हैं, जिनमें भारत के कुछ सबसे उज्ज्वल युवा खिलाड़ी हैं।

**मन्नत बरार**- भारत की नंबर-1 रैंक्ड एमेच्योर लेडीज और जूनियर 'ए' गर्ल्स खिलाड़ी

गुंतास कौर संधू - भारत की नंबर-1 जूनियर 'बी' गर्ल्स खिलाड़ी ओजस्विनी सारस्वत, रेहनूर मलिक और आर्यमन रौतेला जैसे उभरते सितारे, जिनमें से आर्यमन रौतेला ने इस वर्ष प्रोफेशनल बनकर भारतीय सीनियर प्रोफेशनल टूर में हिस्सा लिया।

अन्य खिलाड़ियों में आयशा गुप्ता, राशी मिश्रा, रबाब काहलोन, अंशुल मिश्रा, कृष्ण चौला, अर्जुनवीर शिशिर, डेनिश वर्मा, ज़ोरावर संधू, सो. हराब सिंह तलवार और कबीर गोयल शामिल हैं।

# लक्ष्य, प्रणय और किरण दूसरे दौर में

**● पीवी सिंधु शुरुआती दौर में हारकर बाहर मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला, तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी हारकर बाहर हुई**





**हांगकांग, वार्ता।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज ने पुरुष एकल वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु महिला एकल वर्ग के शुरुआती दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

लक्ष्य सेन ने एक घंटा 13 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ओलंपियन वांग त्जु-वेई पर 22-20, 16-21, 21-15 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज भी सीधे गेम में जीत के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए।

महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं सिंधु ने पहला गेम जीता, लेकिन डेनमार्क की विश्व की 27वें नंबर की खिलाड़ी लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21, 21-16, 21-19 से हार गई। यूरा. ेपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मुक. ाबलों में सिंधु की यह पहली हार थी। सिंधु को इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर छठी बार पहले दौर का बाहर होना पड़ा है। मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी हार कर बाहर हो गईं।

अनुपमा उपाध्याय भी महिला एकल से चौथी वरीयता प्राप्त जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ 21-17, 20-22, 21-14 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष एकल ड्रॉ में एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज भी सीधे गेम में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने चीन के 14वें नंबर के लू गुआंगज़ू को हराया, जबकि किरण जॉर्ज ने सिंगापुर के जेसन तेह को शिकस्त दी। एचएस प्रणय अगले दौर में हमवतन लक्ष्य सेन से भिड़ेंगे। इस साल जून में यूएस ओपन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेटी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपे के सु ली-यांग को 15-21, 21-19, 21-13 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला युगल में भारत की एकमात्र खिलाड़ी रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा ने स्थानीय ओई की वैनेसा पांग और सुम याउ वोंग को 21-17, 21-9 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। इस बीच, ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो मिश्रित युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन/सू यिन-हुई से 21-16, 21-11 से हारकर बाहर हो गए।

## भारतीय टीम 6-0 की जीत के बावजूद एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर


**● 11 ग्रुपों में से चार सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों ने भी क्वालिफाई किया**

**नई दिल्ली/दोहा, वार्ता।** भारतीय अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ब्रुनेई दारुस्सलाम पर 6-0 की शानदार जीत के बावजूद, एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम मंगलवार को कतर के दोहा स्थित सुहेम बिन हमद स्टेडियम में ब्रुनेई दारुस्सलाम को 6-0 से हराने के बावजूद, एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई। एआईएफएफ ने बताया कि भारतीय टीम ने अपने तीन मैचों में छह अंक हासिल किए और उन्हें कतर और बहरीन के बीच दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में ग्रुप एच के बाकी बचे मैच के लिए काफी संघर्षपूर्ण मैच में मेजबान टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इंजरी टाइम में दो गोल दागकर 2-1 से जीत हासिल की। बयान में कहा गया कि कतर ने शानदार रिकॉर्ड (तीन मैचों में नौ अंक) के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भारत छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। 11 ग्रुपों में से चार सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों ने भी क्वालीफाई किया, लेकिन भारत ग्रुप रनर-अप टीमों में पांचवें स्थान पर रहा।

कतर के दोहा स्थित सुहेम बिन हमद स्टेडियम में कल खेले गए मैच के बारे में एआईएफएफ ने विबिन मोहनन ने कहा कि मिडफील्डर विबिन मोहनन ने (पांचवें, सातवें और 62वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई।

# डेवाल्ड एसए20 के इतिहास में सबसे महंगे अनुबंध बन गए



**● डेवाल्ड ब्रेविस को प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 16.5 मिलियन रैंड की भारी राशि में खरीदा**

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** 22 वर्षीय बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस, प्रिटोरिया कैपिटल्स द्वारा 16-5 मिलियन रैंड की भारी भरकम राशि में खरीदे जाने के बाद, एसए 20 में अब तक के सबसे महंगे अनुबंध बन गए। कैपिटल्स ने 32-5 मिलियन रैंड के साथ नीलामी में प्रवेश किया और अपने पर्स का 50प्रतिशत से अधिक हिस्सा अकेले ब्रेविस पर खर्च कर दिया।

जोबर्ग सुपर किंग्स और पार्ल रॉयल्स ने इस युवा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के लिए शुरुआती बोली लगाई और कैपिटल्स के इसमें शामिल होने से पहले ही कीमत 10 मिलियन रैंड को पार कर चुकी थी। कैपिटल्स की विजयी बोली तक सुपर किंग्स की रुचि बनी रही। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान, एडेन मार्करम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को तीन खिताब दिलाए, एक और मार्की साइनिंग थे।

डरबन सुपर जायंट्स ने दक्षिण अफ्रीकी टी-20 कप्तान में तुरंत रुचि दिखाई और कैपिटल्स ने उन्हें चुनौती दी, जिन्होंने उस समय तक ब्रेविस को नहीं खरीदा था। दोनों फ्रेंचाइजी ने कीमत बढ़ाकर 12.4 मिलियन रैंड कर दी, जिसमें सुपर जायंट्स आगे थे। बोली लगने के बाद, सनराइजर्स ने राइट टू मैच का विकल्प चुना। जवाब में, सुपर जायंट्स ने कीमत बढ़ाकर 14 मिलियन रैंड कर दी - एक ऐसी रकम जो सनराइजर्स अब चुकाने को तैयार नहीं थे। ऑलराउंडर वियान मुल्डर, जिन्हें सुपर किंग्स ने 9 मिलियन रैंड में खरीदा, नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। गेराल्ड कोएत्ज़ी (डीएसजी को 7-4 मिलियन रैंड), नांद्रे बर्गर (जेएसके को 6-3 मिलियन रैंड), मैथ्यू ब्रीट्ज़के (एसईसी को 6-1 मिलियन रैंड), रैसी वैन डेर डूसन (एमआईसीटी को 5-2 मिलियन रैंड), ओटनील बार्टमैन (पीआर को 5-1 मिलियन रैंड) और एनरिक नॉर्टजे (एसईसी को 5 मिलियन रैंड) अन्य उल्लेखनीय रूप से महंगे अनुबंध थे। काइल वेरिन के अनुबंध में नीलामी की गतिशीलता का एक दिलचस्प पहलू देखने को मिला।

शुरुआत में रॉयल्स को उनके आधार मूल्य 200,000 रैंड पर बेचे जाने के बाद, कैपिटल्स ने अपने राइट टू मैच का इस्तेमाल करने का विकल्प चुना। रॉयल्स ने अंतिम बोली 2-3 मिलियन रैंड लगाई - केवल एक बोली में 1050प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि - जिससे कैपिटल्स की दिलचस्पी खत्म हो गई। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट और वनडे कप्तान टेम्बा बावुमा को लगातार दूसरे सीजन में कोई बोली नहीं मिली। बावुमा को भी पहले एसए 20 नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था, लेकिन अंततः चोट के कारण प्रतिस्थापन के तौर पर सनराइजर्स के लिए खेले। उन्हें अगले सीजन के लिए बरकरार रखा गया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। 43 वर्षीय तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी बिना बिके रह गए एक और उल्लेखनीय खिलाड़ी थे।

# ऑस्ट्रेलिया-भारत वनडे मैच होबार्ट स्थानांतरित

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** फ्लडलाइट्स की समस्या के कारण अगले वर्ष एक मार्च को ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होने वाला तीसरा महिला एकदिवसीय मैच होबार्ट में खेला जाएगा। मैच के कार्यक्रम में यह बदलाव फ्लडलाइट्स की समस्या के कारण लिया गया है। प्लानिंग और इंस्टॉलेशन में हुई देरी के कारण इस मैच को होबार्ट स्थानांतरित करना पड़ा।

होबार्ट अब कुल दो एकदिवसीय मैचों की मेजबानी करेगा। फ्लडलाइट्स की समस्या के बावजूद एक विकल्प यह भी था कि इस मैच को दिन में कराया जाए लेकिन व्यस्त कार्यक्रम की वजह से ऐसा करना संभव नहीं था। दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच के बीच केवल एक दिन का अंतर है। इसी कारण से जंक्शन ओवल में इसे दिन का मैच बनाना व्यावहारिक नहीं माना गया। होबार्ट के अलावा एमसीजी भी एक विकल्प था लेकिन वहां भी रेनोवेशन का काम चल रहा है। उस कारण से वह मैदान भी उपलब्ध नहीं था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट ऑपरेशन्स और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि हम इस बात को लेकर बेहद निराश हैं कि उस मैच को हमें होबार्ट शिफ्ट करना पड़ा। इस सीजन मेलबर्न में कोई महिला अंतर्राष्ट्रीय मैच आयोजित नहीं किया जाएगा। हमने उम्मीद की थी कि इस मैच से पहले जंक्शन ओवल में फ्लड लाइट्स का काम पूरा हो जाएगा और हम मैदान पर पहला अंतर्राष्ट्रीय दिन-रात्रि मुकाबला देखेंगे। जंक्शन ओवल आगे भी मेलबर्न स्टार्स और मेलबर्न रेनेगेड्स की डब्ल्यूबीबीएल टीमों के मैचों की मेजबानी करेगा।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 11 सितम्बर 2025

## नर्म पड़ते ट्रम्प

पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों में भारत के प्रति अब काफी नर्मी दिखाई दे रही है और अब वह भारत से संबंध सुधारने की बात कह रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले सप्ताह में बातचीत करने की प्रशंसा कर रहा हूं। वहीं पीएम मोदी नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर लिखा कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारी व्यापार वार्ता भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारतीय टीम इन चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही है और पीएम मोदी भी बातचीत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने को उत्सुक हैं। मतलब साफ है कि भले ही ट्रम्प भारत के प्रति टैरिफ को लेकर आक्रामकता दिखाते रहे हों, यहां तक कि उनके प्रशासन के अधिकारी भी भारत के प्रति आक्रामकता अपने बयानों से दिखा चुके हों, लेकिन पर्दे के पीछे भी संबंधों को बेहतर करने की बात जारी रही है। इससे साफ है कि अब तक भारत की नीति ट्रम्प के बयानों को लेकर बिल्कुल सही रही है। भारत ने कभी भी उत्तेजित होकर अमेरिका के बयानों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया नहीं जताई। यह उसकी कमजोरी नहीं आत्मविश्वास ही था। भारत को विश्वास था कि यह स्थिति ज्यादा देर तक टिकने वाली नहीं है, क्योंकि अमेरिका भारत को ज्यादा देर तक नजरअंदाज नहीं कर सकता।

जिस तरह भारत ने अपनी कूटनीति से शंघाई सम्मेलन में जो चीन में आयोजित हुआ था शिरकत की और पीएम मोदी ने चीनी और रूसी राष्ट्रपति के साथ जो बॉन्डिंग वहां दिखाई उससे विश्व मंच पर बेहद सकारात्मक संदेश गया और कुछ कहे बिना ही वह सब हो गया जिसकी आशा भारत कर रहा था। शंघाई शिखर सम्मेलन के बाद ही ट्रम्प के बयानों में नर्मी आती दिखाई दी। हालांकि जिस तरह का व्यवहार अब तक ट्रम्प का रहा है, उन पर बहुत ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता, इसलिए भारत को बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि ट्रम्प का रुख कोई यूं ही नहीं बदला। जिस तरह वह भारत पर अतिरिक्त टैरिफ को लेकर अपने ही घर में घिरे थे और अमेरिका में ही उन्हें बड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था, उस वातावरण ने भी उन्हें काफी असहज किया होगा। यूं भी आज की तारीख में अगर अमेरिका का कोई दुनिया में प्रतिद्वंद्वी देश है तो वह चीन ही है और चीन को रोकने के लिए भारत से बेहतर कोई देश स्थिति में नहीं है। इसलिए भी ट्रम्प की आलोचना हो रही थी कि उनकी टैरिफ नीति ने भारत को चीन के पाले में जाने का अवसर प्रदान कर दिया। हालांकि भारत ने अपनी तरफ से साफ किया कि उसकी अपनी स्वतंत्र नीति है और उसके किसी भी देश के साथ संबंध किसी अन्य देश को चिढ़ाने के लिए नहीं हैं। अब देखना है कि व्यापारिक मतभेद कहां तक हल होते हैं।

### हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं



बंगाली में ज्यादा बोलो, डरो मत, हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे, लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं, जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपये दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा, मैं रोज अपमान झेलती हूं, क्योंकि मैं बंगाल का विकास चाहती हूं, नेपाल में फंसे पर्यटकों की स्थिति को मैं गंभीरता से ले रही हूं, मैं उन्हें यह कहना चाहती हूं कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, वे थोड़ा इंतजार करें। हम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही आप सभी को वापस लाया जाएगा।

**ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

## क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश





सुरेंद्र राजपूत

भारत तो नेपाल-बंगलादेश जैसी अराज. कता को पहले ही भुगत चुका है। जब विदेशी ताकतों की साजिश में हमारी सरकार को अस्थिर किया गया था। सन 2012-13 को याद करिए। इंडिया अगेंस्ट करप्शन का बैनर और चीखती चिल्लाती भीड़ सरकार को पैदल करने पर आमादा थी। जिस तरह नेपाल बंगाल की भीड़ के पास कोई विचार नही था, उसी तरह इंडिया अगेंस्ट करप्शन के नीचे बैठे लोग विचार शून्य थे। उस वक्त भी भयंकर हिंसा और अराजकता फैलती अगर सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह का नेतृत्व न होता।

जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ सेना।की टुकड़ी की मोर्चेबन्दी हो रही थी। सभी बड़े लीडर निशाने पर थे । साजिश तो यहां तक थी कि जो युवाओं की भीड़ आई है। इसपर गोली चला दी जाए, ताकि सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़े। याद कीजिए जब रामदेव ने शलवार जम्पर पहनकर भागने की नौटंकी की थी। वह चाहता था कि गोली चले, युवा मरें और सत्ता रक्तरंजित हो मगर दूरंदेश सोनिया ने इसपर पानी फेर दिया। मनमोहन के घर जाकर, सोनिया ने स्पष्ट सन्देश दिया कि सरकार भले चल जाए, गोली नहीं चलनी चाहिए। यह युवा हमारे हैं, इन्हें नहीं पता कि यह क्या कर रहे हैं। इनका इस्तेमाल हो रहा है। यह इस्तेमाल आगे शोषण में बदल जाएगा मगर फिर भी, इनपर गोली नहीं चलनी चाहिए। यही वह मौका था जब विदेशी ताकतों की कठपुतलियां दिल्ली में नंगा नाच कर रही थीं। लोग अक्सर कहते हैं कि रामदेव वगैरह को एयरपोर्ट लेने के लिए चार चार कैबिनेट मंत्री क्यों गए, अन्ना से संवाद को इतना महत्वपूर्ण क्यों माना, वजह यही थी।सरकार युवाओं को अराज. कता छोड़कर यह बताना चाहती थी कि वह संवाद में यकीन करती है। इसीलिए रामदेव जैसों से भी बात को राजी है। सरकार ने उस वक्त भयंकर हिंसक अराजकता से देश को बचाया था, जो बंगलादेश और नेपाल की सरकारें नही कर सकीं। म्यांमार, पाकिस्तान, लंका, बंगलादेश और जो नेपाल में हुआ। वह भारत में सन 2012-13 में ही चुका था। जनता के लिए काम करने वाली लो. कतांत्रिक मूल्यों की सरकार को बदनाम किया गया। मनमोहन सिंह की आर्थिक प्रगति को उस वक्त तक रोका गया,आजतक आर्थिक मामला स्थिर नही हो सका। उस दिन से आजतक रोज रुपये की कीमत गिरती है, डॉलर बढ़ता है। देश को इस समय गम्भीर होकर सोचना होगा। सोनिया और मनमोहन सिंह का कृतज्ञ होना होगा कि उन्होंने सरकार तो गवा दी मगर देश की जनता को हिंसा और अराजक नही होने दिया। सभी पड़ोसी मुल्कों में अमरीकी एजेंट सत्ता में बैठ गए। यह अमरीका की आंख का तारा बने और अपनी ही चौखट को खोखला करने लगे। ऐसी हर अराज. कता के बाद अमरीकी पपेट ही बैठे हैं। जो कभी उनके राष्ट्रपति के गले मिलते हैं, कभी उनसे कुछ मांगते हैं। उनके ही हितों के फैसले लेते हैं।

भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉंग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।यही कारण है कि वह जनहित या देशहित के नही बल्कि एक व्यापारी और एक अमरीकी हित के ही उपासक हैं। उस समय यूपीए सरकार अगर सतर्कता न बरतती, तो यह लोग साजिश में गोलियां चलवाते मगर गांधी नेहरू की बुनियाद वाली पार्टी ने इस षड्यंत्र को समझ लिया। विदेशी साजिश को भांप लिया। उसके प्यादों को भी पहचान लिया। भोली जनता की भलाई के लिए,कोई ऐसा कदम नहीं उठाया, जिससे मासूम नौजवानों के खून बहे। सत्ता के किए लाश बिछाना स्वीकार नही किया। षड्यंत्र का शिकार तो हुए मगर अराजक नहीं हुए। आज उसी षड्यंत्रों के लाभार्थी सत्ता में हैं। वीके सिंह मंत्री बना, बेदी गवर्नर, रामदेव अरबपति और बाकी लाभार्थी अलग अलग सत्ता में बैठे। यह इसलिए याद दिला रहे हैं क्योंकि अराजकता की सत्ता पाए लाभार्थी यह आरोप लगा रहे हैं कि सतर्क रहो, पड़ोस जैसा यहां भी हो सकता है। अरे भाई यहां तो यह पहले ही हो चुका है। राहुल और कॉंग्रेस तो इसकी पीड़ित है। याद कीजिए, यह लोग नारे लगाते थे कि राहुल और सोनिया विदेश भाग जाएंगे। यह भूल गए थे कि हम गांधी नेहरू के वारिस हैं। आज देश के सामने सच खुल चुका है। वह जान गई है कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन वास्तव में सत्ता परिवर्तन था। भारत में रिजीम चेंज करने का षडडंत्र। कॉंग्रेस ने देश के लिए सत्ता तो गवा दी मगर अपने हाथों में युवाओं का खून नही लगने दिया। यह बात अब सारे देश की जनता महसूस कर रही है। राहुल को बदनाम किया, मनमोहन को अस्थिर किया, शीला के घर पर हमले किए, क्या नही किया,जो आज पड़ोस में हो रहा है मगर वह लोकतांत्रिक मूल्यों की दूरंदेशी नेतृत्व था।

> भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉंग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।

जिसने अराजकता को इतने मौके नहीं दिए, की भारत का सिस्टम ही ध्वस्त ही जाए। जब केंद्रीय मंत्री बातचीत करते थे,वह भी उन षड्यंत्रकारियों से, तो वह एक रास्ता था कि लो. कतंत्र बना रहे। मनमोहन ने सत्ता गवा दी मगर लो. कतंत्र अक्षुण्य रखा,जो हमारा कोई भी पड़ोसी देश नही कर सका। यही वजह है कि सोनिया जी, मनमोहन का सम्मान वापस हुआ। कॉंग्रेस पर भरोसा लौटा और राहुल से उम्मीद बंधी। सच उजागर हुआ, षड्यंत्रकारी पहचाने जा रहे हैं। वोट चोरी पकड़ी जा रही है। लोकतंत्र और संविधान का राज वापस लाने की कवायद जारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## स्वामी विवेकानंद का विश्व संदेश

**युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी जी ने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्कमता का संचार करने का कार्य किया। उनका कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं।**



योगेश कुमार गोयल

युवाओं के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श व्यक्ति्व के धनी माने जाते रहे स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी। स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिए उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमे. रिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिए ऊर्जावान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन 'शिकागो वक्तृता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्‌भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अत: एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष तथा महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मानसून और हिन्द महासागर में जलवायु परिवर्तन



पंकज चतुर्वेदी



इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है । बांध लबा-लब हैं और जहां-तहां जल निधि अपनी सीमा तोड़ कर बस्ती-खेत की तरफ राह निकाल रहे हैं। भारत के मौसम विभाग ने आकलन किया है कि 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खा जा सकता है कि प्रकृति की नियति है, लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। यह समझना होगा कि भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है । हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हहिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आई ओ डी कहते हैं से है। आई ओ डी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आई ओ डी, अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आई ओ डी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आई ओ डी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर, हिंद महा. सागर, बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण, अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। इससे समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है और चरम मौसम की घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रापिकल मीट्रियोलाजी (आइआइटीएम) पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल आफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रापिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है । जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है। यह अपने तरीके का पहला शोध है जिसमें समुद्री गर्म हवाओं के चलने और बरसात के अंतर्संबंध को स्थापित किया है । बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवत: पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। महा. सागरीय अम्लीकरण, महासागरीय प्रदूषण, महासागरीय तापमान में वृद्धि, मत्स्य पालन में गिरावट और सुपोषण, ये सभी महासागरों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन रहे हैं, जिसके कारण कई राष्ट्र अब प्राकृतिक या पर्यावरणीय आपदाओं के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। भारत के लोक-जीवन, अर्थ व्यवस्था, पर्व -त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिशियोक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। खेती-हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून को सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है - कारण भी है , तेजी से हो रहा शहरों की ओर पलायन व गांवों का शहरीकरण। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है जिससे जलवायु परिवर्तन के अंधड़ को कुछ रोक सकें। बारीकी में जाएंगे तो हमारे घर से निकलने वाले कूड़े और गंदे पानी से लेकर ऊर्जा के दुरूपयोग तक ऐसे बहुत से कारक हैं जिनका असर समुद्र के तापमान बढ़ने पर पड़ता है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात, मानसून अब केवल भूगोल या मौसम विज्ञान नहीं हैं- इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज ,सेनिटेशन, कृषि , सहित बहुत कुछ जुड़ा है। बदलते हुए मौसम के तेवर के मद्देनजर मानसून-प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से ले कर इंजीनियरिंग पाठ्‌क्रमों में हो , जिसके तहत केवल मानसून से पानी ही नहीं, उससे जुड़ी फसलों, सड़कों, शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों, खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक में अपहृत इज़रायली-रूसी छात्रा रिहा: नेतन्याहू

**यरूशलम।** इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि 2023 में शोध के दौरान इराक में अपहृत एक इज़रायली-रूसी शोधार्थी छात्रा को रिहा कर दिया गया है। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि एलिजाबेथ त्सुर्कोव की रिहाई 'महीनों की टीम वर्क' के बाद हुई है और रिहाई के बाद उन्होंने छात्रा के परिवार से बात की थी। उन्होंने कहा कि हम तब तक पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ते रहेंगे जब तक कि हम अपने सभी बंधकों, जीवित और मृत, दोनों को वापस घर नहीं ले आते।

### लॉन्ग बीच बंदरगाह पर मालवाहक जहाज से लगभग 70 कंटेनर गिरे

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉन्ग बीच बंदरगाह पर एक मालवाहक जहाज के डॉक पर खड़े होने के दौरान लगभग 70 शिपिंग कंटेनर पानी में गिर गए हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बंदरगाह से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह 09:00 बजे के कुछ ही देर बाद टर्मिनल जी पर मालवाहक जहाज के लगभग 67 कंटेनर गिर गए। गिरे हुए कई कंटेनर जहाज के साथ खड़े एक छोटे क्लीन-एयर बार्ज से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। एक ऑनलाइन पोस्ट में उस क्षण का फुटेज कैद किया गया है।

### डॉ. आदर्श स्वाइका केन्या में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारत-कुवैत संबंधों को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अनुभवी राजनयिक डॉ. आदर्श स्वाइका को केन्या में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी डॉ. स्वाइका अभी कुवैत में भारत के राजदूत हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह वियतनाम, श्रीलंका और बंगलादेश जैसे देशों में सेवा देने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### ट्रम्प, मोदी के बयानों से व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल के बयानों से दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के जल्द होने की उम्मीद जग गई है। ट्रम्प ने इसी माह भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों के महत्व और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी दोस्ती को लेकर सोशल मीडिया पर दो बार बयान दिए। मोदी ने भी दोनों बार उनका सोशल मीडिया पर रचनात्मक और उत्साह जनक जवाब दिया है। भारत के निर्यात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत का भारी आयात शुल्क लागू किये जाने के से दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बना हुआ है।

## नेपाली एयर होस्टेस ने किया खुलासा

# केपी ओली दुबई भाग गए

**काठमांडू।** नेपाल इस समय बड़े राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल से गुजर रहा है। सोशल मीडिया बैन और बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन अब हिंसक रूप ले चुका है। हालात इतने बिगड़े कि मंगलवार रात से ही पूरे देश की कमान नेपाली सेना ने अपने हाथ में ले ली है।


इस बीच बड़ी खबर ये आ रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इस्तीफे के बाद देश छोड़कर दुबई भाग गए हैं। दरअसल, एक नेपाली एयर होस्टेस ने एयरपोर्ट से वीडियो शेयर करते हुए दावा किया है कि ओली काठमांडू से दुबई रवाना हो गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़का रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक कह रही हैं कि ओली ने सेना से देश छोड़ने में मदद मांगी थी। बताया जा रहा है कि वो मेडिकल ट्रीटमेंट का बहाना बनाकर दुबई गए हैं। और उनके लिए हिमालया एयरलाइंस का एक जेट भी स्टैंडबाय पर रखा गया था। इस बीच, ललितपुर के भैसेपाटी इलाके में हेलीकॉप्टर घूमते देखे जाने से इन अटकलों को और ज्यादा हवा मिल गई है। आंदोलन के दूसरे दिन प्रदर्शनकारियों का आक्रोश इतना बढ़ गया था कि उन्होंने ओली के निजी घर के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट तक को आग के हवाले कर दिया था। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक की झड़पों और आगजनी में 22 लोगों की मौत हो चुकी है और 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। नेपाली सेना ने साफ कहा है कि कुछ उपद्रवी लोग आम नागरिकों और सरकारी संपत्तियों को निशाना बना रहे हैं। राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही हैं। सेना ने अपील की है कि लोग इन गति. विधियों से दूर रहें, वरना सख्त कार्रवाई होगी। सिर्फ ओली ही नहीं, बल्कि आंदोलनकारियों ने तीन और पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी निशाना बनाया। शेर बहादुर देउबा, झालानाथ खनाल और पुष्पकमल दहल प्रचंड के घरों में आग लगा दी गई। पूर्व पीएम खनाल की पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार आग में गंभीर रूप से झुलस गईं और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वहीं, शेर बहादुर देउबा को प्रदर्शनकारियों ने घर में घुसकर पीटा और वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को सरेआम दौड़ा-दौड़ाकर मारा।



### नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों पर चीन ने तोड़ी चुप्पी

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि बीजिंग को उम्मीद है कि नेपाल में जो सामाजिक समस्याएं चल रही हैं, उन्हें इस तरह से सुलझाया जाएगा जिससे देश में सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्रीय स्थिरता जल्द से जल्द लौट सके। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। उनका यह इस्तीफा देशभर में हुए प्रदर्शनों और हिंसक झड़पों के बाद आया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा, चीन और नेपाल पारंपरिक रूप से मित्र पड़ोसी हैं। उन्होंने बीजिंग में एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि चीन ने नेपाल में रह रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी है।

BOLLYWOOD UPDATE




कानपुर। अपनी आगामी फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' के प्रमोशन के दौरान बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला।

## रूसी मालवाहक अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एमएस-30 ने मिशन पूरा किया

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रोग्रेस एमएस-30 मालवाहक अंतरिक्ष यान ने अपना मिशन पूरा करते हुए पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर लिया है।

रूसी सरकारी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने यह जानकारी दी। रोस्कोस्मोस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा कि सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन बिल्डिंग के मिशन कंट्रोल सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, अंतरिक्ष यान के बिना जले हुए संरचनात्मक तत्व दक्षिण प्रशांत महासागर के एक गैर-नौवहन योग्य क्षेत्र में गिर गए हैं। प्रोग्रेस एमएस-30 मंगलवार को मॉस्को समयानुसार 18:45 पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रूसी हिस्से के ज्वेज्दा मॉड्यूल से अलग हो गया। इसकी जगह प्रोग्रेस एमएस-32 मालवाहक जहाज लेगा, जिसे गुरुवार को बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से सोयुज-2-1ए रॉकेट के ज़रिए प्रक्षेपित किया जाएगा और शनिवार को आईएसएस से इसके जुड़ने की योजना है। प्रोग्रेस एमएस-30 को 28 फरवरी को प्रक्षेपित किया गया और यह दो मार्च को आईएसएस से जुड़ गया था। इसने 2.6 टन कार्गो पहुंचाया, जिसमें स्टेशन की प्रणालियों के लिए उपकरण और हार्डवेयर, वैज्ञानिक प्रयोग और बाहरी अंतरिक्ष में काम करने के लिए एक नया ओरलान-एमकेएस नंबर 6 स्पेससूट शामिल था।

## ऑस्ट्रेलिया ने की कतर पर इजरायल के हमले की निंदा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा में हमास के नेताओं पर इज़रायल के हवाई हमले की निंदा की है। ऑस्ट्रेलिया की विद. ेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार का मानना है कि यह हमला 'गलत कदम' था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) टेलीविजन को बताया कि हमास के वरिष्ठ नेताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए इस हमले से युद्धविराम वार्ता को नुकसान पहुंचने का खतरा है। सुवोंग ने कहा कि कतर युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करने वाले पक्षों में से एक रहा है। यह कतर की संप्रभुता का उल्लंघन है। इससे युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है और इसके बढ़ने का खतरा है।

**हमले से युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है**

इजरायल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के सवाल पर सुवोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पास युद्ध रोकने की सीमित क्षमता है, लेकिन वह युद्धविराम के आह्वान का समर्थन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जाहिर है, हम केंद्रीय भूमिका में नहीं हैं, लेकिन हम दूसरों के साथ मिलकर गाज़ा में पीड़ा को समाप्त करने, युद्धविराम और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, कर सकते हैं। इससे पहले बुधवार को सहायक विदेश मामलों और व्यापार मंत्री मैट थिस्टलथवेट ने एबीसी रेडियो को बताया कि कतर के नेताओं द्वारा युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना 'उत्साहजनक' था।

# नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

## बजट कटौती के विरोध में एक लाख लोग सड़क पर, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 200 उपद्रवी गिरफ्तार किए

**पश्चिमी क्षेत्र में बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गई, मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को पीएम नियुक्त किया**

**पेरिस।** नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर आगजनी कर ट्रैफिक को रोकने की कोशिश की, जिसे पुलिस और दमकलकर्मियों ने हटाया।

### प्रदर्शन की चार वजह

**1 राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां:**

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

**2 बजट में कटौती:**

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है।

**3 2 साल में 5 पीएम:**

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।



**4 ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन**

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सब कुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने कहा कि पश्चिमी शहर रेनेस में एक बस में आग लगा दी गई। एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने से दक्षिण-पश्चिम में एक लाइन पर ट्रेनें अवरुद्ध हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उन्हें विभाजित संसद में आम सहमति बनाने और 2026 का बजट पारित कराने का चुनौतीपूर्ण कार्य सौंपा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने अपना इस्तीफा दे दिया, जिसे मैक्रों ने स्वीकार कर लिया। बायरु को केवल नौ महीने के कार्यकाल के बाद ही पद से हटा दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार बायरु ने विश्वास मत से पहले सांसदों को चेतावनी दी कि उन्हें हटाने से देश की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपके पास सरकार गिराने की शक्ति है, लेकिन वास्तविकता को मिटाने की शक्ति नहीं है।

# इजरायल का कतर की राजधानी दोहा पर हमला

## हमास लीडर बाल-बाल बचे, 6 अन्य की मौत, पीएम नेतन्याहू ने हमले की जिम्मेदारी ली

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इजरा. इली सेना ने ऐलान किया कि उसने हमास के सीनियर नेताओं को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। ये हमला हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है।

जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। याह्या सिनवार की मौत के बाद खलील अल-हय्या ही संगठन चला रहा है। इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि यह हमला बेहद सटीक तरीके से उन हमास नेताओं पर किया गया, जो संगठन की गतिविधियों को लंबे समय से चला रहे थे। एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए एक इजरा.



**यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे**

इली अधिकारी ने पुष्टि की कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा में हुआ। सेना के मुताबिक ये हमास लीडर 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब इजराइली सेना के जनरल स्टाफ प्रमुख इयाल जमीर ने हाल ही में कहा था कि विदेशों में मौजूद हमास नेताओं को भी निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने 31 अगस्त को कहा था कि हमास का अधिकांश नेतृत्व विदेश में है, और हम उन तक भी पहुंचेंगे। कतर लंबे समय से हमास के निर्वासित नेताओं का ठिकाना रहा है और वह इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है।

गाजा पर युद्धविराम और 7 अक्टूबर को हमास के बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर जो बातचीत चल रही थी, यह हमला उसे और जटिल बना सकता है। हमले के बाद कतर ने इजराइल की कड़ी आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर 'कायराना हमला' करार दिया और कहा कि यह सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ़ की।

# गाजा में हमलों पर इजरायल के खिलाफ उठा यूरोपीय संघ

**तेल अवीव।** गाजा पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर यूरोपीय संघ के इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की है।

यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन ने कहा कि वह गाजा में युद्ध को लेकर इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की मांग करने की योजना बना रही हैं। लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ अगले महीने एक फलस्तीनी दानदाता समूह का गठन करेगा। इसका एक हिस्सा गाजा के भविष्य के पुनर्निर्माण पर केंद्रित होगा। गाजा की घटनाओं और बच्चों व परिवारों की पीड़ा ने



**संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और व्यापार बंद करने की मांग**

दुनिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानव निर्मित अकाल कभी भी युद्ध का हथियार नहीं हो सकता। बच्चों की खातिर, मानवता की खातिर इसे रोकना होगा। हालांकि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में इजरायल और फलस्तीनियों के प्रति अलग-अलग दृष्टिकोण है। वान डेर लेयेन की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब इजरायल की सेना ने गाजा के निवासियों को चेतावनी दी थी कि वे उस जगह को खाली कर दें, जहां इजरायल हमास का सफाया कर रहा है। साथ ही लाखों लोग अकाल की स्थिति में हैं। वहीं मंगलवार को कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले इजरायल ने हमला किया था।

# रूसी मिसाइल में भरे थे विदेशी कलपुर्जे

**कीव।** यूक्रेन में मध्य कीव स्थित एक सरकारी इमारत पर रविवार को गिरी रूसी क्रूज मिसाइल में कई विदेशी कलपुर्जे भरे हुए थे जिनमें अमेरिका में बने चिप्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल थे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रतिबंध नीति आयुक्त व्लादिस्लाव व्लासियुक ने कहा है कि इमारत पर गिरी इस्कंदर 9एम727 मिसाइल में विस्फोट नहीं हुआ, बल्कि संभवत: यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली द्वारा क्षतिग्रस्त होने के कारण ऐसा हुआ। उन्होंने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की जो पहले भी इसी तरह की मिसाइलों में पाए गए हैं। इस सूची में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, एनालॉग डिवाइसेस, अल्टेरा और अन्य अमेरिकी कंपनियों द्वारा निर्मित 35 कलपुर्जे, साथ ही जापानी, ब्रिटिश और स्विस कंपनियों द्वारा निर्मित कलपुर्जे शामिल हैं। व्लासियुक द्वारा

**व्लासियुक ने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की**

प्रकाशित सूची में शामिल चार देशों सहित कई पश्चिमी देशों ने रूस द्वारा इन पुर्जों के इस्तेमाल को रोकने के लिए इन पर कड़े प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण लगाए हैं। जर्मन कंपनी इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज, सूचीबद्ध निर्माताओं में से एक अमे. रिकी-आधारित साइप्रस सेमीकंडक्टर ने सीएनएन को बताया कि उसने यह सुनिश्चित करने के लिए 'व्यापक उपाय' किए हैं कि उसके उत्पाद रूस में न पहुंचें। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि इंफिनियन टेक्नोलॉजीज ने रूस को सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष शिपमेंट रोक दिए हैं और अपने ग्राहकों के बीच अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उसके पास उपकरण मौजूद हैं।

# एआई से दुनिया की जीडीपी में 15.7 लाख करोड़ डॉलर जुड़ने की संभावना: फिक्की

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका योगदान 15.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है।

उद्योग महासंघ फिक्की के एक कार्यक्रम में बुधवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। 'वैश्विक एआई होड़' पर फिक्की.बीसीजी द्वारा जारी श्वेतपत्र में एआई अपनाने के मामले में देशों के बीच बढ़ते अंतर को उजागर किया गया है और एआई को समावेशी बनाने के लिए कदम उठाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 66 प्रतिशत से अधिक विक. सित अर्थव्यवस्थाओं के पास पहले से ही राष्ट्रीय एआई रणनीतियां हैं, जबकि विक. ासशील अर्थव्यवस्थाओं में यह संख्या केवल 30 प्रतिशत और सबसे कम विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 12 प्रतिशत है। इस असंतुलन के कारण कई देशों के आयातित समाधानों पर निर्भर होने का खतरा है। उदाहरण के लिए, अमेरिका और चीन ने एआई में बढ़त हासिल की है और दुनिया के अधिकांश एआई पेश. ेवर इन्हीं देशों में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंप्यूटिंग तक पहुंच महंगी है, प्रतिभा और वित्तपोषण सीमित हैं। हर तीन में से एक एआई विशेषज्ञ अमेरिका में है। इसमें बताया गया है कि वित्तीय सेवाएं और खुदरा जैसे कुछ क्षेत्र डेटा समृद्ध वातावरण के कारण तेजी से एआई एकीकरण में अग्रणी हैं। वहीं, कृषि और सार्वजनिक सेवाएं जैसे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र निवेश पर रिटर्न (आरओआई) में अस्पष्टता के कारण खंडित बुनियादी ढांचे और वित्त पोषण की चुनौतियों के कारण पिछड़ रहे हैं।

FICCI
Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry

